






# जन एक्सप्रेस

लखनऊ

वर्षः 14 | अंकः 338

मूल्यः ₹3.00/-

पेज : 12

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

शनिवार | 23 सितंबर, 2023


# महिला आरक्षण बिलः आज हर नारी का आत्मविश्वास आसमान छू रहाः पीएम मोदी

**पीएम मोदी बोले, महिला आरक्षण बिल हमारा कमिटमेंट था, जब पूर्ण बहुमत की सरकार होती है, तो ऐसे ही मजबूत फैसले लिए जाते हैं**

## विपक्ष पर पीएम मोदी का तंज, बिल फाड़ने वाले भी समर्थन में आए

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

महिला आरक्षण बिल (नारी शक्ति वंदन विधेयक) लोकसभा और राज्यसभा से पास होने के बाद शुक्रवार को भाजपा ने दिल्ली मुख्यालय में जश्न मनाया। महिला कार्यकर्ताओं ने पीएम नरेंद्र मोदी का अभिनंदन और और धन्यवाद दिया। इस मौके पर पीएम ने महिला कार्यकर्ताओं के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। मोदी ने 40 मिनट की स्पीच में कहा, मैं आज देश की हर माता-बहन और बेटी को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। कल और परसों 20 और 21 सितंबर को हम सबने एक नया इतिहास बनते देखा है। हम सबका सौभाग्य है कि ये अवसर हमें मिला है। आने वाली हर पीढ़ी तक इस दिवस की और इस निर्णय की चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में महिलाओं की भागीदारी के लिए, इस कानून के लिए भाजपा तीन दशक से कोशिश कर रही थी। ये हमारा कमिटमेंट था। इसे हमने पूरा करके दिखाया है। जब पूर्ण बहुमत की सरकार होती है, तो ऐसे ही मजबूत फैसले लिए जाते हैं। उधर, भाजपा कार्यालय के बाहर सुबह से ही बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता पहुंचने लगी थीं।



### मोदी के स्पीच की बड़ी बातें

- कभी-कभी किसी निर्णय में देश का भाग्य बदलने की क्षमता होती है। हम ऐसे ही निर्णय के साक्षी हैं। जिस बात को देश को पिछले कई दशकों से इंतजार था। वो सपना अब साकार हुआ है। यह देश के लिए खास समय है। यह भाजपा के हर कार्यकर्ता के लिए भी खास है।
- आज हर नारी का आत्मविश्वास आसमान छू रहा है। पूरे देश की माताएं, बहनें बेटियां खुशी मना रही हैं। हमें आशीर्वाद दे रही हैं। करोड़ों माताओं बहनों के सपनों को साकार करने का आशीर्वाद हम भाजपा के कार्यकर्ताओं को मिला है। यह हमारे लिए गौरव करने का दिन है।
- यह कोई सामान्य कानून नहीं है। यह नए भारत का उद्घोष है। यह बहुत बड़ा और मजबूत कदम है। महिलाओं का जीवन सुधारने के लिए जो गारंटी मोदी ने दी थी, उसका यह प्रत्यक्ष प्रमाण है। मेरे देश की हर माता,बहन और बेटी को मैं फिर से बहुत-बहुत बधाई देता हूं।
- इस कानून के जरिए भाजपा महिलाओं की भागीदारी के लिए 3 दशक से प्रयास कर रही थी। यह हमारा कमिटमेंट था। आज हमने इसे पूरा कर दिया है। इसमें कई बाधाएं थीं,, लेकिन जब नीयत पवित्र हो तो परेशानियों को पार करके भी परिणाम लाती है।
- यह अपने आप में रिकॉर्ड है कि इस कानून को संसद के दोनों सदनों में व्यापक समर्थन मिला। पक्ष-विपक्ष ने भी राजनीति से उठकर इसका समर्थन किया। मैं सबको धन्यवाद देता हूं।

### संसद के विशेष सत्र में पास हुआ बिल

केंद्र सरकार ने 18 से 22 सितंबर तक संसद का विशेष सत्र बुलाया था। 20 सितंबर को लोकसभा में 7 घंटे की चर्चा के बाद यह बिल पास हो गया। इसके पक्ष में 454 और विरोध में 2 वोट पड़े। 21 सितंबर को बिल राज्यसभा में पेश हुआ। सदन में मौजूद सभी 214 सांसदों ने बिल का समर्थन किया और बिल पास हो गया। अब ये बिल विधानसभाओं में भेजा जाएगा। 50 प्रतिशत विधानसभाओं से पारित होने के बाद राष्ट्रपति के पास भेजा जाएगा। उनके हस्ताक्षर से यह कानून बन जाएगा।

### एक दिन पहले ही खत्म हुआ विशेष सत्र

22 सितंबर को खत्म होने वाल ये विशेष सत्र 21 सितंबर को राज्यसभा में महिला आरक्षण बिल के पास होते ही खत्म हो गया। बिल के पास होने पर पीएम मोदी ने कहा- इस विधेयक के प्रति देश के सभी राजनीतिक दलों की सकारात्मक सोच होना, ये हमारे देश की नारी शक्ति को एक नई ऊर्जा देने वाली है। विशेष सत्र के आखिरी और चौथे दिन महिला सांसदों ने पीएम मोदी के साथ ग्रुप फोटो भी खिंचवाई।

### राहुल बोले, महिला आरक्षण बिल जल्द लागू करे सरकार

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने महिला आरक्षण बिल लागू किए जाने को लेकर केंद्र सरकार की मंशा पर सवाल उठाए हैं। राहुल ने शुक्रवार को कांग्रेस कार्यालय में मीडिया से बातचीत में कहा- केंद्र सरकार महिला आरक्षण बिल अभी से क्यों नहीं लागू करती। इसमें जनगणना और परिसीमन जैसे नियम क्यों जोड़े गए। राहुल ने कहा- महिला आरक्षण अच्छा कदम है, लेकिन इसमें दो शर्तें लगाई गई हैं। इसे लागू करने से पहले जनगणना और परिसीमन कराना होगा। इन्हें करने में बहुत साल लगेंगे। महिला आरक्षण को आज से ही लागू किया जा सकता है। भाजपा को इन दोनों शर्तों को हटाकर आरक्षण को तुरंत लागू करना चाहिए। राहुल ने कहा- ये कोई जटिल मामला नहीं है, लेकिन सरकार यह नहीं करना चाहती। ये आज से 10 साल बाद लागू होगा। यह भी नहीं मालूम कि होगा या नहीं होगा। पीएम मोदी रोज ओबीसी के बारे में बात करते हैं लेकिन ओबीसी को महिला आरक्षण में शामिल क्यों नहीं किया? कांग्रेस सत्ता में आने के बाद जातिगत जनगणना कराएगी। तब पता चलेगा कि देश में कितने ओबीसी, दलित और आदिवासी हैं।

### उमा भारती बोलीं, ओबीसी कोटा के लिए एक और संशोधन हो

भाजपा नेता उमा भारती ने बताया है कि ओबीसी के सीनियर नेता 23 सितंबर को मीटिंग करेंगे। इसमें वे चर्चा करेंगे कि महिला आरक्षण में ओबीसी कोटा कैसे मिल सकता है। हालांकि, उमा भारती ने मीटिंग की जगह और समय नहीं बताया है। उन्होंने कहा कि जिस ओबीसी आरक्षण की वजह से यह विधेयक 27 साल तक रुका रहा, उसके बिना ही यह पारित हो गया। हमारी पार्टी ने इसे जैसे भी पास किया वह स्वीकार है, लेकिन हम ओबीसी आरक्षण के लिए कोशिश करते रहेंगे। देश की 60 प्रतिशत ओबीसी आबादी के लिए बिल में एक संशोधन और किया जा सकता है।

# काशी में 5000 महिलाओं से बात करेंगे पीएम मोदी

## आरक्षण बिल पर आज 40 मिनट तक करेंगे संवाद, 5 महिलाएं सवाल भी पूछेंगी

- मंच पर पीएम मोदी के साथ मुख्यमंत्री योगी भी मौजूद रहेंगे

**जन एक्सप्रेस । वाराणसी**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को काशी आ रहे हैं। वह यहां 40 मिनट तक 5 हजार महिलाओं के साथ महिला आरक्षण बिल पर संवाद करेंगे। यही नहीं, इसके बाद 5 महिलाओं से पीएम बातचीत करेंगे। वह महिलाएं आरक्षण बिल से जुड़े सवाल करेंगी। ये आयोजन संपूर्णानंद विश्वविद्यालय परिसर में होगा। वहां तैयारियां शुरू हो चुकी है। यहां महिलाओं से संवाद के लिए मंच बनाया जा रहा है। मंच पर पीएम मोदी के साथ मुख्यमंत्री योगी भी मौजूद रहेंगे। इसके अलावा, लाइटिंग की व्यवस्था भी कराई जा रही है। विद्युत विभाग की ओर से संपूर्णानंद मैदान पर फ्लड लाइट्स लगाई जा रही हैं। यानी, पीएम काशी की महिला वोटर्स से सीधे कनेक्ट करेंगे। यह पहला मौका होगा जब महिला आरक्षण बिल पास होने के बाद काशी में पीएम किसी कार्यक्रम में महिलाओं से रुबरू होंगे। महिलाएं उनका आभार जताएंगी। यह पहली बार नहीं है जब पीएम अपने संसदीय क्षेत्र आए हैं। वह अपने वोटर्स से जरूर मुखातिब हुए हैं। पीएम का यह 9 साल में 42वां दौरा होगा। पीएम बनने के बाद वह 41 बार आ चुके हैं। खास बात यह है कि यूपी में बीजेपी ने अपने सांसदों का रिपोर्ट कार्ड तैयार किया है। परफॉर्मेंस के आधार पर इस रिपोर्ट कार्ड में यूपी के टॉप सांसदों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम है। वाराणसी में भाजपा से जुड़े लोग बताते हैं कि पीएम जब भी आते हैं वह वहां के लोगों को लेकर कुछ न कुछ जरूर करते हैं।

### नए कार्यक्रमों के बीच अब छह घंटे प्रवास करेंगे पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 23 सितंबर को करीब छह घंटे वाराणसी में रुकेंगे। पीएम लगभग दोपहर 12 :30 बजे बाबतपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे और सीधे गंजारी जाएंगे। इसे बाद शाम को लगभग 6 बजे रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर से एयरपोर्ट और शाम करीब 6.30 बजे बाबतपुर एयरपोर्ट से दिल्ली प्रस्थान करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आगवानी के लिए 23 सितंबर को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वाराणसी पहुंचेंगे। एयरपोर्ट से लेकर सभी कार्यक्रम स्थलों पर सीएम योगी उनके साथ रहेंगे। शुक्रवार दोपहर बाद पीएम की डमी कार के साथ फ्लीट का रिहर्सल किया जाएगा। संस्कृत विश्वविद्यालय मैदान के हेलीपैड से सड़क मार्ग से रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर तक, संस्कृत विश्वविद्यालय के हेलीपैड से गंजारी तक, बाबतपुर एयरपोर्ट से संस्कृत विश्वविद्यालय के हेलीपैड तक फ्लीट का रिहर्सल होगा। पीएम कल एयरपोर्ट से हेलीकॉप्टर से गंजारी व संपूर्णानंद संस्कृत विवि के हेलीपैड तक पहुंचेंगे। हालांकि विकल्प के तौर पर सड़क मार्ग को भी रखा गया है।

### आईजी-डीआईजी कार्यक्रम स्थल पर तैनात

पीएम के सभी कार्यक्रम स्थलों पर एक आईजी और डीआईजी रैंक के अफसर की तैनाती की गई है। जो वहां की सुरक्षा के प्रभारी होंगे। पीएम के कार्यक्रम को त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरे में रखा गया है। वहीं संस्कृत विश्वविद्यालय मैदान से रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर तक सड़क मार्ग पर अलग से सुरक्षा अधिकारियों की तैनाती की गई है। प्रधानमंत्री के दौरे के मद्देनजर अन्य जिलों के पुलिस अफसर और फोर्स भी वाराणसी पहुंच गई है। इसमें कुल 15 आईपीएस अफसरों की ड्यूटी लगाई गई है। गैर जनपदों से 12 अपर पुलिस आयुक्त, 25 डीएसपी, 30 इंस्पेक्टर, 750 एसआई, 850 हेड कांस्टेबल और कांस्टेबल, एक कंपनी पीएसी, पांच कंपनी सीएपीएफ की तैनाती की जाएगी।

### 400 करोड़ से बनेगा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम

रिंग रोड के किनारे गंजारी में प्रस्तावित अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम 30.6 एकड़ में बनाया जाएगा। इसमें 30,000 लोगों के बैठने की क्षमता होगी। स्टेडियम का निर्माण आईसीसी मानकों के अनुसार किया जाएगा। इसकी अनुमानित लागत 400 करोड़ रुपए है। स्टेडियम का निर्माण 30 महीने में पूरा होने की उम्मीद है। स्टेडियम में एक मुख्य मैदान, एक प्रैक्टिस ग्राउंड, एक दर्शक दीर्घा, एक मीडिया सेंटर और कई अन्य सुविधाएं होंगी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण की जिम्मेदारी एलएंडटी को सौंपी गई है। वहीं वाराणसी के करसड़ा में 66.54 करोड़ रुपए की लागत से 12.25 एकड़ में बने अटल आवासीय स्कूल की शुरुआत भी होगी। यहां मजदूरों के 80 बच्चों को एडमिशन मिल चुका है। यहां पर हिंदी और इंग्लिश दोनों मीडियम में पढ़ाई होगी। हालांकि, बोर्ड सीबीएसई रहेगा। अभी क्लास 6 के बच्चों का एडमिशन लिया गया है।

# चुन-चुन कर निपटाए जाएंगे प्रदेश के भूमाफिया

**जनवरी 2020 से अगस्त 2023 के बीच कब्जा करने के दो या दो से अधिक केस वाले ढूंढे जा रहे**

- सीएम योगी ने दिए हैं सख्त से सख्त कार्रवाई के निर्देश
- 700 से अधिक पुरानी फाइलें चेक की गई हैं
- इनमें से 406 मामलों में चार्जशीट दाखिल, 78 की चल रही जाँच

**जन एक्सप्रेस । डॉ.वैभव शर्मा**



**लखनऊ।** प्रदेश में छोटे-बड़े सभी भूमाफियाओं को सबक सिखाने के लिए योगी सरकार ने कमर कस ली है। सीएम योगी के निर्देश पर अब ऐसे लोगों के खिलाफ गैंगस्टर और गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं, जिन पर बीते तीन सालों में अवैध रूप से जमीन कब्जा करने के दो या दो से अधिक मामले दर्ज हैं। प्रदेश सरकार ने हर स्तर के गुंडा माफियाओं के खिलाफ सख्त रुख अख्तियार किया है। सरकारी जमीनों पर अवैध रूप से कब्जा करने वालों पर बुलडोजर की कार्रवाई हो रही है। इसी क्रम में अन्य जमीनों पर भी कब्जा करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का फैसला लिया गया है। जनवरी 2020 से अगस्त 2023 के बीच जिन लोगों पर जमीन कब्जा करने के दो या दो से अधिक केस दर्ज हैं, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए 700 से अधिक पुरानी फाइलें चेक की गई हैं। इनमें से 406 मामलों में चार्जशीट फाइल की जा चुकी है। वहीं, 78 मामलों में जाँच चल रही है।

# श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर सर्वे की याचिका एससी ने खारिज की

**जन एक्सप्रेस । मथुरा**



मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि शाही ईदगाह विवाद पर शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति निर्माण ट्रस्ट ने वैज्ञानिक सर्वेक्षण की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट ने याचिका को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि ये हाईकोर्ट का मामला है, वही चलाया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मुकदमों के ट्रांसफर के सभी सवालों पर हाईकोर्ट सुनवाई कर रहा है, हम अभी मामले में दखल नहीं देंगे।

### सुप्रीम कोर्ट की डबल बेंच ने की सुनवाई

दरअसल, श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति निर्माण ट्रस्ट ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए फैसले के खिलाफ शीर्ष अदालत में एक विशेष अनुमति याचिका दायर की। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में वकील सार्थक चतुर्वेदी हैं। जस्टिस संजय किशन कौल और जस्टिस शुधांशु धूलिया की बेंच सुनवाई की।

### 1968 में हुआ समझौता दिखावा और धोखाधड़ी

याचिका में कहा गया है कि मस्जिद ईदगाह का निर्माण कथित तौर पर हिंदू मंदिरों को ध्वस्त करने के बाद किया गया था। याचिकाकर्ता का तर्क है कि इस तरह के निर्माण को मस्जिद नहीं माना जा सकता। ट्रस्ट 1968 में हुए समझौते की वैधता के खिलाफ तर्क देते हुए इसे दिखावा और धोखाधड़ी बता रहा हैं। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया कि प्रतिवादी, जिनमें शाही मस्जिद ईदगाह प्रबंधन समिति जैसी उल्लेखनीय संस्थाएं शामिल हैं। संपत्ति को नुकसान पहुंचाने में शामिल रहे हैं। विशेष रूप से ऐसे तत्व जो हिंदुओं के लिए धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व रखते हैं। सुप्रीम कोर्ट के वकील सार्थक चतुर्वेदी ने बताया कि याचिकाकर्ता विवादित भूमि की पहचान, स्थान और माप की स्थानीय जांच की मांग करता है। जिसमें दोनों पक्षों द्वारा किए गए दावों को प्रमाणित करने के लिए एक वैज्ञानिक सर्वेक्षण की आवश्यकता है। याचिका कर्ता का अनुरोध है कि ज्ञानवापी सर्वेक्षण की तरह इस स्थल का भी सर्वेक्षण हो जिससे इस स्थल के ऐतिहासिक और स्थापत्य महत्व का पता लग जायेगा । याचिकाकर्ता की याचिका में न केवल उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने की अनुमति मांगी गई है, बल्कि एसएलपी में अंतरिम एकपक्षीय रोक लगाने का भी अनुरोध किया गया है।

### स्तंभ और प्रतीकों को पहुंचाया जा रहा नुकसान

ट्रस्ट के अध्यक्ष आशुतोष पांडे का दावा है कि उत्तरदाताओं ने मंदिर के स्तंभों और प्रतीकों को नुकसान पहुंचाया है और जनरेटर का उपयोग किया है। जिससे दीवारों और स्तंभों को और अधिक नुकसान हुआ है। उन्होंने परिसर में होने वाली नमाज और अन्य गतिविधियों पर भी चिंता जताई है। याचिकाकर्ता ने संपत्ति पंजीकरण में विसंगतियों के बारे में भी चिंता जताई है। उनका तर्क है कि भूमि को आधिकारिक तौर पर ईदगाह नाम के तहत पंजीकृत नहीं किया जा सकता है। यह बताते हुए कि इसका कर कटरा केशव देव, मथुरा के उपनाम के तहत एकत्र किया जा रहा है।


## कानपुर एक्सप्रेस



कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3और11

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें


# ट्रेन में महिला सिपाही से बर्बरता करने वाला ढेर

## 40 किमी. पीछा करके एसटीएफ ने किया अनीश का एनकाउंटर, दो आरोपियों के पैर में मारी गोली

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**



अयोध्या में चलती ट्रेन में महिला सिपाही से बर्बरता करने वाले आरोपी अनीश को एसटीएफ ने एनकाउंटर में ढेर कर दिया। मुठभेड़ में दो आरोपी पकड़े गए हैं। जबकि क्रास फायरिंग में एक दरोगा और दो सिपाही जख्मी हुए हैं। ये एनकाउंटर अयोध्या के पूराकलंदर के छतरिवा पारा कैल रोड पर हुआ। शुक्रवार तड़के एसटीएफ को आरोपियों के बारे में इनपुट मिला कि वो इनायतनगर में छिपे हैं। एसटीएफ और अयोध्या पुलिस ने ज्वाइंट ऑपरेशन शुरू किया। इलाके की घेराबंदी करके सर्च शुरू किया। खुद को घिरता हुआ देख तीनों बदमाश अनीश, विशम्भर और आजाद ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में विशम्भर और आजाद घायल हो गए। दोनों के पैर में गोली लगी। इसी दौरान अंधेरे का फायदा उठाकर अनीश वहां से बाइक से भाग निकला। एसटीएफ ने 40 किमी. दूर पूराकलंदर तक उसका पीछा किया। सड़क को पहले ही पुलिस ने सील कर दिया था। यहां पुलिस ने उसे घेरकर सरेंडर करने के लिए कहा। मगर, अनीश ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में पुलिस की गोली अनीश को लगी। घायल अनीश को पुलिस जिला अस्पताल अयोध्या लेकर पहुंची। वहां डॉक्टरों ने उनको मृत घोषित कर दिया। एनकाउंटर में थानाध्यक्ष पूराकलंदर रतन शर्मा भी घायल हुए हैं। उनके हाथ में गोली लगी है। 2 अन्य सिपाहियों के भी जख्मी हैं। उनको भी अस्पताल में एडमिट किया गया है। अयोध्या एसएसपी राजकरन अयर ने बताया कि अनीश (30) पुत्र रियाज खान महिला कॉस्टेबल पर हमले का मुख्य आरोपी था। यह हैदरगंज के दशलावन का रहने वाला था। वहीं, आजाद भी इसी गांव का रहने वाला है। इसके अलावा, तीसरा आरोपी विशंभर दयाल सुल्तानपुर का रहने वाला है।

### ट्रेन में खून से लथपथ मिली थी कॉन्स्टेबल, 23 दिन बाद भी भर्ती

31 अगस्त को महिला कांस्टेबल सरयू एक्सप्रेस ट्रेन में खून से लथपथ मिली थी। उनकी ड्यूटी अयोध्या के सावन मेले में लगी थी। महिला कांस्टेबल का वीडियो सामने आया था। इसमें वह सीट के नीचे थी। शरीर के निचले हिस्से में कपड़े नहीं थे। चेहरे पर चाकू से गहरे निशान थे। सिर पर फटा हुआ था। इतनी बेरहमी से हमला किया गया था कि मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मी सहम गए थे। वारदात के 23 दिन बाद भी महिला कांस्टेबल का लखनऊ के केजीएमयू में इलाज चल रहा है। इस पूरे मामले में पुलिस ने शुरुआत में लीपापोती की कोशिश की। हालांकि, बाद में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इस मामले में स्वतः संज्ञान लिया था। इसके बाद वारदात की जांच एसटीएफ को सौंपी गई। एसटीएफ ने 5 दिन पहले ही इस मामले में पब्लिक से सूचना मांगी थी। इसके अलावा, आरोपियों की जानकारी देने पर एक लाख का इनाम देने का ऐलान किया था।

### मोबाइल नंबर से मिला एसटीएफ को क्लू

इस ब्लाइंड केस में पुलिस पर प्रेशर बढ़ता जा रहा था। हालांकि, कोई ठोस सबूत हाथ नहीं लगे। पुलिस ने दो संदिग्ध की तस्वीरें जारी की, लेकिन जांच में उनका इनवॉल्वमेंट नहीं मिला। इसके बाद पुलिस ने संदिग्धों के स्कैच बनवाए। इसी दौरान घटना की टाइमिंग के हिसाब से मनकापुर स्टेशन पर 3 मोबाइल नंबर एक साथ स्वीच ऑफ होने के बारे में पुलिस को पता चला। जोकि फिर बाद में खुले ही नहीं। इस आधार पर पुलिस मोबाइल का पीछा करते हुए इन बदमाशों तक पहुंची।

### भदरी गांव की रहने वाली है महिला कांस्टेबल

महिला कांस्टेबल का घर प्रयागराज के भदरी गांव में है। वह 4 बहनों और 2 भाइयों में दूसरे नंबर की हैं। 1998 में जब वह 18 साल की हुईं, तो स्पोर्ट्स कोटे से यूपी पुलिस में कॉन्स्टेबल बन गईं। इसी साल की शुरुआत में प्रमोशन मिला और वह हेड कॉन्स्टेबल बन गई।

# कसौंधन समाज ने बंजारी पूजा पर निकाली शोभायात्रा



जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

कसौंधन समाज के जिलाध्यक्ष विष्णु गुप्ता की अगुवाई में बंजारी पूजा का आयोजन किया गया। जिसमें परम्परागत तरीके से शहर के काली देवी मन्दिर में हवन पूजन के बाद विशाल शोभा यात्रा निकाली गयी। शहर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करने के बाद अग्रवाल धर्मशाला में शोभा यात्रा का समापन किया गया। इसके बाद शाम को हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम में कर्वी नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता को सम्मानित किया गया। इस मौके पर अशोक कुमार गुप्ता, छोटेला गुप्ता, अषोक गुप्ता, दाऊ जी, मूलचन्द्र गुप्ता, अमरकान्त गुप्ता, सुशील गुप्ता, संदीप गुप्ता, दीपक गुप्ता, महेश गुप्ता, विमल गुप्ता, बीनू गुप्ता, फूकडू गुप्ता, भुवनेश्वर गुप्ता, मयंक गुप्ता, राहुल गुप्ता, उदित गुप्ता, आदि मौजूद रहे।

## तमंचा व कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मानिकपुर थाना प्रभारी निरीक्षक वीर प्रताप सिंह ने बताया कि उप निरीक्षक अरविन्द कुमार पाण्डेय तथा आरक्षी शुभम कुमार मिश्रा द्वारा रज्जन सिंह गोड़ पुत्र नेवाजी गोड़ निवासी ग्राम चूल्ही मजरा बराह माफी को तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना मानिकपुर में आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।

## फास्ट फॉरवर्ड

### तिल और राम तिल प्रोजेक्ट अंतर्गत ग्रामोदय के ट्रायल और प्रथम पंक्ति प्रदर्शन को विशेषज्ञों ने सराहा

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय को प्राप्त अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना तिल एवं रामतिल के अंतर्गत कुलपति प्रो. भरत मिश्रा एवं अधिष्ठाता कृषि संकाय प्रो डी पी राय, डॉ. सुधाकर प्रसाद मिश्रा विभागाध्यक्ष फसल विज्ञान के नेतृत्व में संचालित गतिविधियों का प्रदर्शन किया गया। डॉ. वी. एन. गोहिल की अध्यक्षता में गठित निरीक्षण समूह के सदस्य डा. पी. के. सोनी, डॉ. डी. पद्मजा, एवं डॉ. सुष्मिता बलवंतराय ने ग्राम टेढ़ी एवं पथरा में ट्रायल तथा अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन का निरीक्षण किया। समूह सदस्यों ने किसानों को फसलों से सम्बन्धित विभिन्न प्रकार के व्याधियों एवं फसल सुरक्षा कार्यों के प्रति जागरूक किया।

### मासूम बालक की हत्या की आरोपी महिला की जमानत याचिका खारिज

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** गड़ा हुआ धन निकालने के लालच में पड़ोसियों के मासूम बालक की हत्या के मामले में जेल में बंद महिला आरोपी की जमानत सत्र न्यायाधीश ने खारिज कर दी है। जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्याम सुन्दर मिश्रा ने बताया कि बीती 8 मार्च 2022 को सीतापुर के रामप्रयाग ने कर्वी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें उसने अपने नौ वर्षीय बेटे कन्हैया की गुमशुदगी की सूचना दी थी। जिसके बाद पुलिस ने कन्हैया का शव पड़ोस के भुल्लू वर्मा के यहां से प्लास्टिक के ड्रम के अन्दर मिला था। जिसमें यह बात सामने आई थी कि उर्मिला वर्मा पत्नी भुल्लू वर्मा ने ही गडे हुए धन को निकालने के लिए कन्हैया को घर के अन्दर ले जाकर बलि चढ़ाने के लिए उसकी हत्या कर दी। इसके बाद उसका शव प्लास्टिक के ड्रम में रखकर ढक्कन बंद कर दिया और ताला लगाकर दूसरे मकान में चले गए। यहां से बदबू आना शुरू होने पर पूरे मामले का खुलाशा हुआ था और पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। जिसमें हत्यारोपी महिला उर्मिला वर्मा ने अपने अधिवक्ता के जरिए न्यायालय में जमानत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कराया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद सत्र न्यायाधीश विकास कुमार ने जमानत प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया।

### रंगदारी वसूल करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में उल्लेखनीय है कि बीती 21 सितम्बर को वादी मोबीन अहमद पुत्र नजीर अहमद निवासी हकीमपुर खंथवा थाना खखरेरू जनपद फतेहपुर द्वारा थाना राजापुर में सूचना दी कि छीबो नदी पुलिया के पास एक चार पहिया वाहन सवार दो व्यक्तियों ने उन्हें जान से मारने का डर दिखा कर 2000 रुपये छीन लिए हैं। इस सूचना पर थाना राजापुर में मुकदमा पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक ने घटना का संज्ञान लेकर राजापुर थाना प्रभारी निरीक्षक को तत्काल घटना से सम्बन्धित आरोपियों की गिरफतारी के लिए निर्देशित किया। राजापुर थाना प्रभारी भास्कर मिश्रा ने बताया कि उप निरीक्षक के.डी. मिश्रा तथा आरक्षी धीरेन्द्र यादव द्वारा सौरभ सिंह पुत्र पिंगल सिंह निवासी अगरहुंडा, सत्यम त्रिपाठी पुत्र नत्थू निवासी गांव कोबरा थाना रैपुरा को छीनी गई धनराशि 2000 रुपये तथा घटना में प्रयुक्त चार पहिया वाहन के साथ गिरफ्तार किया गया। छीनी गयी धनराशि की बरामदगी के आधार पर मुकदमा में बढ़ोत्तरी की गयी एवं बरामद चार पहिया वाहन को एमवी एक्ट के तहत सीज किया गया।

### श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में 25 को होगा जल विहार कार्यक्रम



**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** धर्मनगरी का परम्परागत श्री कृष्णजन्मोत्सव जल विहार कार्यक्रम एवं विशाल शोभा यात्रा कार्यक्रम 25 सितम्बर को आयोजित किया जाएगा। जिसके बाद 26 सितम्बर को भगवान का तुलादान एवं 27 सितम्बर को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। जिला मुख्यालय में हुई श्री कृष्ण भक्त मंडल परिवार की बैठक की अध्यक्षता करते हुए ज्योतिषाचार्य पंडित नारायण दत्त त्रिपाठी ने कहा कि श्री कृष्णाभक्तों द्वारा पिछले 45 वर्ष से अधिक समय से प्रत्येक वर्ष श्री कृष्ण जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में इस कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। परम्परा के अनुसार इस वर्ष भी विशाल शोभा यात्रा एवं जल बिहार कार्यक्रम के तहत कर्वी के शंकर बाजार स्थित गंगा जी रोड आश्रम से विशाल शोभा यात्रा रामघाट के लिए प्रस्थान करेगी और शाम 5 बजे रामघाट में जल बिहार कार्यक्रम होगा। इसके बाद भगवान का तुलादान कार्यक्रम 26 सितम्बर को होगा और भगवान का छप्पन भोग भंडारा प्रसाद कार्यक्रम 27 सितम्बर को आयोजित किया जाएगा। इस दौरान गौशाला में गौ माता का भंडारा एवं धर्म नगरी चित्रकूट के संतों का भंडारा होगा। साथ ही पूरे परिक्रमा मार्ग में श्री राम की वानरी सेना और निराश्रितों को भोजन कराया जाएगा। इस मौके पर समाजसेवी कमलेश मिश्रा, गुड्डन दुबे, प्रद्युम्न अग्रवाल, डेविड गुप्ता, राम विशाल सोनी, शंकर प्रसाद गुप्ता, गुरु चरण पांडेय आदि मौजूद रहे। इस मोके पर सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट के डॉ. कमला शंकर, फार्मासिस्ट प्रशांत, पायलट दिलीप, एलटी इक बाल, एएनएम रीता कुशवाहा, सीनियर फार्मासिस्ट संजय सिंह यादव, परियोजना संवादक राधा आदि मौजूद रहे।

### आज ओपन मेरिट के आधार पर होंगे प्रवेश

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2023–24 में प्रवेश के लिए ओपेन मेरिट सूची जारी कर दी गयी है। प्राचार्य डॉ विनय कुमार चैधरी ने बताया कि स्नातक स्तर पर संचालित बीए पाठ्यक्रम में 23 सितम्बर को छात्र/छात्राओं को पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर प्रवेश दिया जायेगा। अतः इच्छुक छात्र/छात्राएं 23 सितम्बर को प्रातः 10 बजे महाविद्यालय में आकर प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं। इस तिथि के बाद छात्र/छात्राओं को प्रवेश नहीं दिया जायेगा।

# वृद्धजनों का सहारा बन रही पेंशन योजना

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि वृद्धावस्था पेंशन योजना वृद्धजनों के लिए सहारा बन रहा है। जनपद में समाज कल्याण विभाग द्वारा 39564 वृद्ध जनों को पेंशन दिया जा रहा है। इसके तहत वृद्धजनों को प्रतिमाह एक हजार रुपए की धनराशि भेजी जाती है। जनपद में वित्तीय वर्ष 2023-24 में 1978 वृद्धजनों के लिए नई पेंशन स्वीकृत की गई है।

वृद्धावस्था पेंशन योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक पात्र लोगों को योजना से लाभान्वित करने के लिए सरकार ने अथक प्रयास किए हैं। इसके आवेदन नियमों और पात्रता शर्तों को सरल बनाया गया है। उत्तर प्रदेश के वह सभी बुजुर्ग व्यक्ति जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं, इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। इस योजना को सफल व पारदर्शी बनाने के लिए समाज कल्याण विभाग ने तकनीक का भरपूर प्रयोग कर कई ठोस कदम उठाए हैं ताकि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को भी इस योजना का लाभ आसानी से मिल सके। इसके लिए प्रत्येक वर्ष मई और जून में लाभार्थियों का सत्यापन कराया जाता है। सत्यापन के बाद चिन्हित मृतक और अपात्र पेंशनरों को सूची से हटाकर उनकी जगह पात्र लाभार्थियों को प्रतिस्थापित किया जाता है। समस्त पात्र लाभार्थियों को समय से पेंशन भुगतान को सुनिश्चित करने के लिए उनके आधार प्रमाणीकरण और आधार सीडिंग की कार्यवाही की जा रही है।

लाभार्थियों के आधार और मोबाइल नंबर को बैंक खातों से लिंक करवाया जा रहा है। आधार सीडिंग आधार बेस्ड भुगतान के लाभार्थी के खाते को आधार से एनपीसीआई पोर्टल सीडिंग किया जाना आवश्यक है। जिसके लिए लाभार्थी द्वारा सम्बन्धित बैंक में आधार लिंक मोबाइल नंबर और पासबुक ले जाकर बायोमेट्रिक ई केवाईसी से आधार सेट कराया जा सकता है। ब्लॉक एवं तहसील स्तर पर एडियो व वीडियो समाज कल्याण एवं सुपरवाइजर द्वारा भी लाभार्थियों को बैंक ले जाकर ई केवाईसी कराई जा सकती है।

उन्होंने कहा कि जो भी बुजुर्ग वृद्धावस्था पेंशन का लाभ पाना चाहते हैं, उन्हें इसके लिए ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भरकर जमा करना होगा। इसके लिए इंटरनेट कैफे, जन सुविधा केन्द्र द्वारा ऑनलाइन आवेदन वेब पोर्टल पर कर सकते हैं।

## बूथ सशक्तिकरण अभियान की जिला कार्यशाला सम्पन्न

# भाजपा सरकारों की पहचान बन गया है लोक कल्याण : देवेश

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट



भारतीय जनता पार्टी ने चित्रकूट इण्टर कॉलिज में शुक्रवार को बूथ सशक्तिकरण अभियान की जिला कार्याशाला का आयोजन किया।

कार्यशाला में प्रदेश उपाध्यक्ष व जिला प्रभारी देवेश कोरी ने कहा कि बूथ की मजबूती ही जीत का आधार है। **बूथ जीता तो चुनाव जीता:** बूथ तक संवाद करके हमें विपक्ष को धूल धूसरित करना है। उन्होंने कहा कि हमारे कार्यकर्ता विराट विजय का शंखनाद करेंगे। भाजपा की डबल इंजन सरकार के काम घर-घर तक पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की कथनी व करनी में अंतर नही है। लोककल्याण भाजपा सरकारों की पहचान बन गया है। जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कहा कि मण्डल प्रवासी सभी करणीय कार्य अवश्य करें। मण्डल, शक्तिकेन्द्र व बूथ की बैठक करके व्यापक संवाद करें। आयुष्मान भव अभियान में घर-घर जाकर जनसंवाद करके जागरूक करें। सेवा पखवाड़ा अभियान के सभी कार्यक्रम जनसहभाग से सफल करना है। पूर्व जिलाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश खरे ने कहा कि समाज के सभी वर्गों को लेकर चलना है।

जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कहा कि समाज के हर क्षेत्र में भाजपा का विस्तार कार्यकर्ताओं ने सुनिश्चित किया है। पूर्व राज्यमंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय ने कहा कि कार्यकर्ता संकल्पित होकर संगठन के सभी कार्य सम्पन्न करें। पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्र ने कहा कि मोदी सरकार ने ऐतिहासिक कार्य किए हैं। पूर्व विधायक आनंद शुक्ल ने कहा कि हम सब मिलकर संगठन को मजबूत करेंगे। भाजपा नेत्री रंजना उपाध्याय ने कहा कि मातृशक्ति वंदन अधिनियम पारित करवाकर प्रधानमंत्री ने देश भर की महिलाओं को सशक्त करने का काम किया है।

इस मौके पर जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता, पूर्व विधायक दिनेश मिश्र, पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश तिवारी, पहाड़ी ब्लॉक प्रमुख सुशील द्विवेदी, रामनगर ब्लाक प्रमुख गंगाधर मिश्र, राजापुर चेयरमैन संजीव मिश्र, मऊ चेयरमैन अमित द्विवेदी, जिला महामंत्री राजेश जायसवाल, आलोक पाण्डेय, राघवेन्द्र सिंह, अश्वनी अवस्थी, तीरथ तिवारी, विपुल सिंह, ब्रजेश पाण्डेय, जिला मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी, अनूप त्रिपाठी, शिवशंकर सिंह, अखिलेश, राघव, रवि गुप्त, अभिषेक, सुरेश अनुरागी, राजेश्वरी द्विवेदी, मनोज तिवारी, प्रेमलाल, शंकर दयाल निषाद, पप्पू पाल, हेमंत सिंह, दिव्या त्रिपाठी, लवलेश निषाद आदि मौजूद रहे।

# ध्रुव चरित्र की कथा सुनकर श्रोता भाव विभोर

जन एक्सप्रेस | राजापुर/चित्रकूट



राजापुर तहसील के कुसेली गांव में चल रही संगीतमयी महापुराण श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन शुक्रवार को भागवताचार्य आचार्य श्रवण कृष्ण महाराज ने कहा कि 17 पुराण को लिखने के बाद जब वेद व्यास को शांति नहीं मिली तब भागवत संहिता श्रीकृष्ण की लीलाओं को लिखकर आत्मशांति प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि भक्ति मार्ग, ज्ञान मार्ग और योग मार्ग के रास्ते पर चले तो जरूर भगवत प्राप्ति होगी है। इस मार्ग में चलना आसान नहीं है।

भगवान श्री कृष्ण ने गीता में भगवान को प्राप्त करने के लिए तीन मार्ग बताए हैं। भागवताचार्य ने कहा कि श्रीमद्भागवत गीता में सभी वर्ण, जाति, धर्म, सम्प्रदायों का समान अधिकार निहित है। यह संहिता संप्रदाय रहित है। उन्होंने कहा कि सच्चे हृदय से शिव की शरण में जाने से व्यक्ति के सारे दुर्गुण सद्गुण में बदल जाते हैं। भगवान शिव का अवतार इस संसार में करुणा करने के लिए हुआ है।

हम कहते हैं कि यहां कलयुग है, लेकिन वास्तव में देखा जाए तो यह कथायुग है। अगर प्रभु की कथा नहीं होती तो भला मानव रुपी कुटिल पापी जीवों का उद्धार संभव नहीं था। इसलिए प्रथम भक्ति को सुनने के लिए शुकदेव जी ने कथा का वर्णन किया है। भागवताचार्य ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा सुनने से स्वतः ही जप, पूजा, पाठ, कीर्तन, स्मरण, आत्म निवेदन बन जाएगा। यदि कथा सुनना नहीं बना तो कुछ भी नहीं बनेगा। कथा व्यास ने सती चरित्र, ध्रुव चरित्र और नरसिंह अवतार की कथा सुनाकर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। इस मौके पर यजमान पुष्पराज सिंह परमार, दरियाव सिंह, शिवमंगल सिंह, रामविलास सिंह, बेनी सिंह, राजकरण सिंह, कप्तान सिंह, उमा सिंह परमार, वीर सिंह परमार, जयकरण सिंह, दिलीप सिंह, बुद्धविलास सिंह आदि मौजूद रहे।

## पुलिस टीम ने गुमशुदा युवक को सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंपा

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर गुमशुदा एवं अपहृतों की बरामदगी के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस टीम द्वारा गुमशुदा युवक को बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया गया।

उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को वादी गंगा प्रसाद पुत्र स्व भंडा निवासी भानपुर ने थाना सरधुवा में सूचना दी कि उनका पुत्र शंकरलाल (31) जो की मंदबुद्धि किस्म का है बिना बताये घर से कहीं चला गया, काफी खोज किन्तु नहीं मिला। इस सूचन पर थाना सरधुवा में गुमशुदगी दर्ज की गयी। सरधुवा थाना प्रभारी निरीक्षक दीपेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि उप निरीक्षक सत्यमपति त्रिपाठी एवं आरक्षी अरविन्द सोनी, राहुल पुरी द्वारा गुमशुदा युवक शंकरलाल को सुरसेन चैराहा से सकुशल बरामद किया गया। शंकरलाल के परिजनों के थाने पर बुलाकर शंकरलाल को उनके सुपुर्द किया गया। शंकरलाल को पाकर परिजनों के चेहरे की मुस्कान लौट आई।

# ग्राम चौपाल में स्वास्थ्य के प्रति किया गया जागरूक



जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

द हंस फाउंडेशन द्वारा मुर्का गांव में शुक्रवार को स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय ग्राम चौपाल के साथ सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट के साथ मिलकर संयुक्त चिकित्सा शिविर का शुभारंभ किया गया। ग्राम चौपाल में ग्रामीणों को स्वास्थ्य और स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। ग्रामीण समुदाय ने स्वास्थ्य सेवाओं के माध्यम से अपने स्वास्थ्य की देखभाल के लिए समुदाय और स्थानीय स्टेक होल्डर के साथ सुझाव साझा किए। संयुक्त चिकित्सा शिविर में स्वास्थ्य पेशेवरों द्वारा मुख्य ध्यान दिया गया। समुदाय को चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण सलाह दी गई।

## अवैध कब्जा ढहाये जाने पर बेघर लोगो ने डीएम से लगाई आवास की गुहार

**जन एक्सप्रेस/फतेहपुर।** गाजीपुर कस्बा में शमशान की जमीन पर बने मकानों को जबरन गिराने का आरोप लगाते हुये पीड़ितों ने भाजपा की जिला पंचायत सदस्य दिलसिया के नेतृत्व में जिला अधिकारी से न्याय की गुहार लगाई है। जब कि राजस्व विभाग दावा कर रहा है कि उक्त भूमि पर लोगो का अबैध कब्जा रहा जिसे पूरी कानूनी प्रक्रिया के साथ कब्जा मुक्त किया गया है। पीड़ितों ने जिला अधिकारी को प्रार्थना पत्र देते हुये कहा कि गाजीपुर कस्बा की आराजी निजाई की नई गाटा संख्या 1893, 1894, 1895 व 1896 दौरान चकबंदी अधिकारियों ने शमशान के खाते में दर्ज कर दिया है। जबकि इसके पुराने नंबर गाटा संख्या 2720, 2721 व 3283 जो पूर्व में नवीन परती के खाते में दर्ज थे और इन्हीं नम्बरानों में करीब 45 साल पहले ग्राम प्रधान व लेखपाल ने मकान बनवाने हेतु पीड़ितों को दिया था। तब से पीड़ित मकान बना कर परिवार के रहते चले आ रहे हैं। उन्होने आरोप लगाया कि राजस्व अधिकारी व कर्मचारी जेसीबी मशीन के साथ 19 सितम्बर को मौके पर पहुंचे और बिना किसी सूचना से नोटिस तामीला कराये ही मकानों को ढहा दिया।

# जिलाधिकारी ने तहसील का किया औचक निरीक्षण

जन एक्सप्रेस | खागा, फतेहपुर



जिलाधिकारी के निरीक्षण की भनक लगते ही तहसील अधिकारियो कर्मचारियो मे अफरा-तफरी का महौल पूरे दिन देखने को मिला। वही गुरुवार की देर शाम जिलाधिकारी ने तहसील परिसर पहुँच गयी और उपजिलाधिकारी सहित तहसीलदार कोर्ट कार्यलय आदि का निरीक्षण किया और जहॉ खमियो मे फटकार लगायी वही सुधार के निर्देश भी दिया।

जिलाधिकारी श्रुति ने तहसील का औचक निरीक्षण किया। डीएम ने तहसील कार्यालय के विभिन्न पटलों, रिकार्ड रूम का निरीक्षण किया। रिकार्ड रूम में पत्रावलियों को बदहाल स्थिति में देखने के बाद संबंधित अधिकारी को नसीहत दिया कि महत्वपूर्ण दस्तावेजों को सुव्यवस्थित रूप से रखें। निष्प्रयोज्य व कालातीत पत्रावलियों का निस्तारण कराकर कक्ष की व्यापक रूप से सफाई कराएं। दीमकरोधी व नमी रोधी रसायनों का छिड़काव कराये। डीएम ने कहा कि तहसील में जितनी भी चीजें खराब व टूटी-फूटी हैं उनको तत्काल हटाया जाए। वहीं उन्होंने कहा कि जितने भी मैप हैं उनकी त्रुटियों को शीघ्र ही सही कराया जाय। तहसील परिसर की साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था कराने, शौचालयों को साफ कराने के निर्देश दिए। जन सामान्य के लिए तहसील को सुविधाजनक बनाए जाने व पेय जल आदि की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने का निर्देश एसडीएम नंद प्रकाश मौर्य व तहसीलदार रवि शंकर यादव को दिया।

## गोलीकांड के दो आरोपी गिरफ्तार, घायल गम्भीर

**जन एक्सप्रेस/फतेहपुर।** शहर क्षेत्र के पीरनपुर मोहल्ले में बुधवार की रात हुए गोली काण्ड के मामले में कोतवाली व एसओजी की सयुक्त टीम ने चैबीस घण्टे के अंदर ही मुख्य आरोपी सहित दो को गिरफ्तार करने में सफल रही। शहर मुख्यालय सहित जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रो मे मादक पदार्थ का अबैध व्यापार दिन दून रात चैगुनी फलफूल रहा है। गॉजा बेच-खरीद मे ही विवाद हुआ और गोली काण्ड की घटना हुई। बताते चले कि जनपद मे गॉजा सहित अनेक मादक पदार्थ बेखौफ बिक्री किया जा रहा है। बताया जाता है कि गोली काण्ड मे घायल लम्बे अर्से से गॉजा आदि की बिक्री का काम करता रहा है जिसके चलते विवाद हुआ और बुधवार की रात लगभग दस बजे पीरनपुर मोहल्ला निवासी नईम पुत्र स्व0 लल्लन को मोहल्ले के ही सैकी उर्फ रज्जू कबाडी ने अपने साथी शिवम सिह स्व0 जुगराज सिह निवासी मवई थाना हुसेनगंज के साथ मिल गोली मार दिया था। जिससे गम्भीर रूप से घायल हो गया था। घायल अवस्था में सदर अस्पताल लाया गया जहॉ से उसे कानपुर रिफर कर दिया।

# विभागीय तालमेल से फल-फूल रहा अवैध गुटखा कारोबार

जन एक्सप्रेस | खागा, फतेहपुर



अवैध गुटखे के कारोबार का खेल खागा नगर में थमने का नाम नहीं ले रहा है। यहां एक वर्ष से लगातार अवैध गुटखा फैक्ट्री चलाई जा रही है। जिससे अधिकारी अनजान बने हुए हैं। गुटखे की बिक्री आस-पास के जिलों में धड़ल्ले से किया जा रहा है। जबकि कई वर्ष पूर्व ही तम्बाकू युक्त पान मसाला बनाने व बेचने पर प्रतिबन्ध लगाया जा चुका है।

जानकारी के अनुसार सर्राफा गली में रात के अंधेरे में अवैध गुटखा फैक्ट्री का संचालन किया जा रहा है। जहां से भारी मात्रा में अवैध गुटकों की खेप आसपास के जनपदों में भेजी जाती है। जानकारी रहने पर भी उत्पाद विभाग संचालित हो रही अवैध गुटका फैक्ट्री पर छापेमारी नहीं कर रही है। इसका परिणाम है कि हर रोज लाखों रुपए का अवैध कारोबार चल रहा है। जिससे राजस्व की हानि के साथ ही लोगों के स्वास्थ्य के साथ भी खिलवाड़ हो रहा है। आसपास के जिलों में तंबाकू मिश्रित गुटखा बाकायदा पाउचों में पैक होकर बाजार में बेचा जा रहा है। जिसका नाम गदर पान मसाला है। उक्त गुटखे के पाउच में कोई वैधानिक चेतावनी तक नहीं लिखी। सादा पान मसाले पर भी स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होने की चेतावनी लिखी जानी चाहिए। परंतु जब गुटके के पाउच पर पान मसाला ही न लिखा हो तो ऐसे में न तो कोई चेतावनी रखनी पड़ेगी और न ही इसके लिए कोई राजस्व अदा करना पड़ेगा।

सूत्रों की मानें तो विभागीय अधिकारियों की सांठगांठ से ये धंधा चल रहा है। ऐसे में गुटखा कारोबारी तो मालामाल हो रहे हैं। पर सरकार और लोगों को चपत लग रही है। वही उपजिलाधिकारी से बात करने पर उन्होंने बताया कि इस मामले की जानकारी नहीं है। संबंधित विभागीय अधिकारियों से पूरी जानकारी करके जांच कराई जाएगी। छापा डालकर अवैध गुटखा बनाने वालों के खिलाफ कार्यवाही किया जाएगा। अगर किसी अधिकारी कर्मचारी के लिप्त होने की पुष्टि हुई तो उसके खिलाफ भी कार्यवाही होगी।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पांच दिनों में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के आसार हैं दिनाँक 23-25 सितम्बर, 2023 के मध्य तेज हवाओं एवं मेघ गर्जना के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम बारिश की कोई संभावना है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 33.0 (+0.5)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 24.5 (+0.8)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 86 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 69 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 3.2 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

अगले जनम मोहे बिटिया ना कीजो

# पत्नी से झगड़ने के बाद हैवान पिता ने डेढ़ साल की बेटी को उतारा मौत के घाट

जन एक्सप्रेस । अंकित चौधरी



**कानपुर नगर।** अपने पिता के सीने से लिपटकर सो रही डेढ़ साल की मासूम बेटी को क्या पता था कि जिन हाथों में लिपटी वह बेखोफ सो रही थी वही हाथ उसका कत्ल कर देंगे। कानपुर जनपद में घटित हुई यह घटना आपको झकझोर के रख देगी। जिस किसी के कानों तक यह घटना पहुंची है उसके रौंगटे खड़े हो गए हैं। पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है और वैधानिक कार्रवाई करने की बात कह रही है। वहीं दूसरी ओर मां समेत अन्य परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है और उनका उनका रो-रो कर बुरा हाल है। कानपुर दक्षिण जोन के सेन पश्चिम पारा थाना क्षेत्र की कोरिया चौकी के तुलसियापुर गांव में किराए के मकान में रहने वाले राजीव नाम के हैवान पिता ने अपनी डेढ़ साल की मासूम बेटी को मौत की नींद सुला दिया और जब सुबह वह भागने की फिराक में था तो मकान मालिक ने ग्रामीणों की सहायता से उसे पेड़ से बांधते हुए डायल 112 पर घटना की सूचना पुलिस को दे दी। मिली सूचना पर फोर्स के साथ पहुंचे थाना प्रभारी सेन ने आरोपी को हिरासत में लेकर फॉरेंसिक टीम की सहायता से घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए और मासूम के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है।

### सोते समय हैवान पिता ने उतारा मौत के घाट

मिली जानकारी के अनुसार तुलसियापुर गांव निवासी कैलाश ने अपना मकान किराए पर राजीव राजपूत को दिया था और राजीव अपनी पत्नी नेहा बड़ा बेटा आर्यन 5 वर्ष व बेटी सपना उम्र डेढ़ वर्ष के साथ रहने लगा। राजीव मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करता था। राजीव की पत्नी नेहा ने बताया कि गुरूवार की शाम खाना खाने के बाद बेटी सपना व बेटा आर्यन नीचे कमरे में पति के साथ सो रहे थे और नेहा छत पर अकेले सो रही थी। इसी बीच राजीव ने सपना का गला दबाकर उसे मौत की नींद सुला दिया और जब सुबह नेहा छत से नीचे कमरे में आई और सपना को गोद में उठाया तो देखा नेहा की सांस थम चुकी थी। इसी बीच राजीव भागने लगा यह देख नेहा ने शोर मचा दिया और मकान मालिक को बुलाया और तभी मकान मालिक ने पड़ोसियों की सहायता से राजीव को पकड़कर पेड़ से बांध दिया और हत्या की सूचना डायल 112 पर पुलिस को दे दी।

### पत्नी मुझे मारना चाहती थी इसलिए उतारा बेटी को मौत के घाट

आरोपी राजीव को पेड़ से बांधने के बाद भीड़ ने जमकर उसकी पिटाई की तो उसने जुर्म कबूल करते हुए कहा कि मेरे ससुराल वालों व पत्नी ने मेरा सब कुछ ले लिया सारे रूपए भी ले लिए और पत्नी मुझे जान से मारने की कोशिश करती थी इसलिए मैंने बेटी को मार दिया । उधर मृतका की मां नेहा ने रोते हुए बताया कि किसी तरह की कोई लड़ाई नहीं थी फिर ना जाने क्या हुआ जो मेरी लाडली को मार दिया ऐसा पता होता तो मैं उसे भी अपने साथ छत में सुला लेती।

## छुट्टा पशु घर में घुसने पर दो भाइयों को दबंगों ने पीटा घायल

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

बिठूर थाना क्षेत्र के पंचमापुरवा गांव में छुट्टा पशु घर में घुसने को लेकर दो युवकों को दबंगों ने जमकर डंडों से पीटकर घायल कर दिया। बिठूर पुलिस ने मेडिकल कराने के बाद सभी 6 आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।पीड़ित अभिषेक पाल उम्र 20 वर्ष ने बताया कि गुरुवार की शाम को वह अपने घर के सामने खड़े छुट्टा पशुओं को भगा रहा था कि तभी एक छुट्टा पशु रवि पाल के घर के अंदर घुस गया था। इसके बाद दोनों पक्षों में जमकर गाली गलौज हुआ। शुक्रवार की सुबह अभिषेक अपने छोटे भाई आलोक पाल उम्र 18 वर्ष के साथ नहर में मवेशियों को नहलाने गया था। आरोप है कि तभी रवि पाल ने अपने आधा दर्जन साथियों के साथ मिलकर उसे और उसके भाई को लाठी डंडों से जमकर पीट दिया। पिटाई से आलोक की नाक फट गई जबकि अभिषेक को हाथ और पैरों में गम्भीर चोटे आई है। घटना के बाद अभिषेक पाल ने आरोपियों के खिलाफ बिठूर थाने में तहरीर दी है।

## कर्नलगंज पुलिस ने शातिर बदमाश बाबू अल्टर को नाजायज तमंचे संग दबोचा



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

शहर में बीते दिन गुरुवार की। देर रात्रि को कर्नलगंज कोतवाल संतोष कुमार सिंह के के नेतृत्व मे एक शातिर अपराधी को अवैध तमंचे व कारतूस संग गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की गई है। गिरफ्तार किया गया सैय्यद इमरान उर्फ बाबू अल्टर शातिर अपराधी बताया जा रहा है जिसके विरुद्ध विभिन्न थानों में गम्भीर मुकदमें दर्ज हैं। प्रभारी निरीक्षक कर्नलगंज सन्तोष कुमार सिंह ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक अपराध पंकज सिंह, निरीक्षक अर्जुन प्रसाद द्विवेदी मय हमराह उ.नि. भरत सिंह, उ.नि . अंकुर चौधरी, का.अमित कुमार व का. राहुल वर्मा द्वारा आगामी त्यौहार गणेश महोत्सव व जलूस ए मौहम्मदी में गस्त व चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर खानकाहे हुसैनियां की मजार से लगभग 20 कदम पहले बिसाती कब्रिस्तान से एक संदिग्ध व्यक्ति की गिरफ्तारी की गयी जिसने अपना नाम सैय्यद इमरान उर्फ बाबू अल्टर पुत्र आशिक अली निवासी 105/145 इस्पैक्टर रोड थाना चमनगंज कानपुर, उम्र 25 वर्ष बताया। इस अभियुक्त के कब्जे से एक अदद अवैध देशी तमन्चा 315 बोर व 2 अदद जिन्दा कारतूस बरामद किया गया है।

# प्रोब्लेम्स एंड पर्सपेक्टिव ऑफ़ टेक्स्ट लिंग्विस्टिक्स रुस्सियन एंड फॉरेन पॉइंट ऑफ़ व्यू पर व्याख्यान दिए

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर




भारतीय और रूसी ज्ञान प्रणाली पर सीएसजेएमयू कानपुर भारत और पेंज़ा स्टेट यूनिवर्सिटी (पीएसयू) रूस द्वारा संयुक्त रूप से 21 से 22 सितंबर 2023 को एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमे कार्यक्रम के दूसरे दिन शुक्रवार को रूस की पेंज़ा स्टेट यूनिवर्सिटी की तरफ से प्रोफेसर डॉ.सेर्गेई वासिन वाईस रेक्टर पी एस यू ने इमरजेंसी रिस्पांस एंड लॉन्ग-टर्म चंगेस इन द सोशल एंड इकनोमिक सिस्टम्स ऑफ़ कन्ट्रीज़ पान्डेमिक एज अ फैक्टर, प्रोफेसर डॉ.इगोर प्रोनिन, डिपार्टमेंट ऑफ़ नैनो एंड माइक्रो इलेक्ट्रॉनिक्स के प्रोफेसर ने नैनोटेक्नोलाजी इन आर्ट एविडेंस फ्रॉम रुस्सियन एंड फॉरेन स्टडीज, डिपार्टमेंट ऑफ़ थ्योरी एंड प्रैक्टिस ऑफ़ सोशल वर्क की व प्रोफेसर डॉ.तातियाना स्कोरोखोदोवा ने द.बंगाल रेनैस्संस द एक्सपीरियंस एंड द रिजल्ट ऑफ़ फिलॉसफिकल रिसर्च, डिपार्टमेंट ऑफ़ फॉरेन लैंग्वेज की एसोसिएट प्रोफेसर, डॉ नातलिआ कोस्तिना ने प्रोब्लेम्स एंड पर्सपेक्टिव ऑफ़ टेक्स्ट लिंग्विस्टिक्स रुस्सियन एंड फॉरेन पॉइंट ऑफ़ व्यू पर व्याख्यान दिए। कार्यक्रम में भारत और रूस की तरफ से 150 से ज्यादा छात्रों ने अपने पेपर प्रस्तुत किये। सम्मेलन का समापन दोनों देशो के राष्ट्र गान के साथ किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने सम्मेलन के सफल आयोजन पर दोनों देशों के प्रतिनिधियों को बधाई दी तथा आगे भी इस तरह के आयोजनों का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर प्रति कुलपति डॉ. अनिल यादव, प्रो.आर.के.द्विवेदी, डायरेक्टर सी.डी.सी., प्रो. सुधीर कुमार अवस्थी, , कुलसचिव, प्रोफेसर रॉबिन्स पोरवाल, डॉ.हिमांशु त्रिवेदी, डॉ.अंजू दीक्षित, डॉ.विशाल शर्मा आदि मौजूद रहे।

# मैकेनिकल वेंटीलेशन पर कार्यशाला का आयोजन

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर




जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के सभागार में शुक्रवार को मैकेनिकल वेंटीलेशन पर UPISACON 2023 कानपुर द्वारा एक कार्यशाला आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन प्राचार्य डॉ.संजय काला व संयोजक डॉ.ज्ञानेंद्र कुमार गौतम ने किया द्ध कार्यशाला में रोग ग्रस्त फेफड़ों को आईसीयू में वेंटिलेटर मशीन द्वारा किस प्रकार सहयोग देकर रोगी की मदद किए जाने विषय पर चर्चा हुई। कार्यशाला में 15 वक्ताओं ने 15 विषयों पर जैसे मशीनों के प्रकार, वह किस प्रकार कार्य करती है, विभिन्न फेफड़ों के रोगों में उनका किस प्रकार उपयोग होना चाहिए व उससे संबंधित क्या-क्या खतरे हो सकते हैं विषय पर चर्चा की गई। कार्यशाला में डॉ.ज्ञानेंद्र गौतम, डॉ.मनोज शर्मा,डॉ.अनिल वर्मा, डॉ. सोमनाथ,डॉ.अशोक, डॉ.अमित रस्तोगी, डॉ.नदीम, डॉ.राजीव ,डॉ. नीरज , डॉ.देव प्रिया, डॉ.विनोद, डॉ.सारखानी ,डॉ.राघवेंद्र, डॉ.नेहा गुप्ता ने अपने व्याख्यान दिए। इस अवसर पर 50 प्रतिभागियों ने सहभागिता दी।

## फास्ट फॉरवर्ड

### नहर में डूबे युवक का शव हुआ बरामद

**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** बिठूर थाना क्षेत्र में स्थित नहर के किनारे बीते दिन शुक्रवार को एक युवक का शव मिला। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर कार्रवाई करने की बात कही है।पुलिस कहना है कि युवक चौबेपुर नगर में गुरुवार को डूब गया था। सहायक पुलिस आयुक्त विकास कुमार पांडेय ने बताया कि कानपुर नगर के चौबेपुर थाना क्षेत्र के चौबेपुर निवासी सुभाष पुत्र शिव कुमार गुरुवार को डूब गया था। सूचना पर सक्रिय हुई पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। शुक्रवार सुबह उसका शव बिठूर के कुरसौली नहर पुल के पास पानी में उतराता हुआ पाया गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर, उसकी शिनाख्त करावाई। मौके पर मृत युवक के परिजन भी पहुंचे। पुलिस ने परिवार से तहरीर लेकर आगे की विधिक कार्रवाई कर रही है।

### परेशान छात्रा ने जहर खाकर लगाई फांसी

**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** शहर के अरमापुर थाना क्षेत्र में निवास करने वाली कक्षा 9 की छात्रा ने अपनी छोटी बहनों को मोबाइल फोन देने के बाद आत्महत्या कर ली। मामले में पिता की तहरीर पर पुलिस ने एक युवक के खिलाफ धमकाने और खुदकुशी के लिए उकसाने की धाराओं में एफआईआर दर्ज कर जॉच आरम्भ कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार अरमापुर के कैलाश नगर निवासी पेंटिंग का काम करने वाले सुरेंद्र की बेटी 18 वर्षी दिव्या ने देर रात किचन में फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली थी। सुरेंद्र ने पुलिस को बताया की बेटी कक्षा 9 में पढ़ती थी बेटी के पास मोबाइल फोन था आरोप है कि रावतपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत जयप्रकाश नगर में रहने वाले अंकुश ने उसे प्रेम जाल में फंसा लिया था और एक साल से उसे बदल बदल के नंबरों से फोन करता था कई बार घर के सामने सड़क पर खड़े होकर बेटी को समाज में बदनाम करने की धमकी दे चुका था ।अरमापुर थाना प्रभारी के अनुसार आरोपी को पुलिस टीम तलाश कर रही है।

### करंट की चपेट में आकर युवक की मौत

**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** सजेती थाना क्षेत्र के अंतर्गत गुरुवार देर रात शाम पंखे का तार बोर्ड में लगाते समय युवक करंट की चपेट में आ गया । युवक को परिजन घाटमपुर सीएचसी लेकर पहुंचे जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार बम्होरी गांव निवासी शिवम मिश्रा पुत्र महेंद्र मिश्रा गुरुवार देर रात फराटा पंखे का तार बोर्ड में लगा रहे थे इसी बीच में करंट की चपेट में आ गए । परिजनों ने शिवम को करंट की चपेट में देखने पर बिजली काट दी तो शिवम बेहोश होकर जमीन में गिर गया। परिजन उसे गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाटमपुर लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर ने उसको मृत्यु घोषित कर दिया उधर सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचायत नामा भरते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### साइबर सेल ने ठगी का पैसा पीड़ितों को वापस दिलाया

**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** साइबर ठगी के मामले रोजाना नये-नये रूप लेते जा रहे हैं। शहर में हुए दो प्रकरण जिनमें से एक में पार्ट टाइम कोचिंग पढ़ने के नाम पर और दूसरे में प्रोडक्ट रिटर्न के नाम पर दो युवतियों के साथ ठगी हो गई। मामला साइबर सेल के पास पहुंचा तो टीम ने कारवाई करते हुए दोनों की रकम वापस करा दी है। दोनों युवतियों ने साइबर सेल आकर पुलिस टीम को धन्यवाद दिया है। विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी देते हुए कानपुर पुलिस ने बताया कि आवेदिका दीपाली मिश्रा निवासी आदर्श नगर बर्रा लाल कॉलोनी के साथ 29 मई को पार्ट टाइम कोचिंग पढ़ने के नाम पर 29,999 की ठगी हुई थी। इस संबंध में आवेदिका ने साइबर सेल में प्रार्थना पत्र दिया गया था मामले का संज्ञान लेते हुए आरक्षी अभिषेक कुमार द्वारा द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित मर्चेंट से पत्राचार करके आवेदिका के खाते में 24000 के रुपए वापस कराए गए। ऐसा ही मामला उन्नति सक्सेना के साथ भी हुआ था। उनका भी पैसा वापस दिलाया गया है।

# हजारों गाड़ियों के काफिले के साथ सांगा करेंगे देव दर्शन

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



बिठूर विधायक अभिजीत सिंह सांगा आगामी 24 सितम्बर रविवार को हजारों गाड़ियों के काफिले के साथ देव दर्शन यात्रा के तहत रानियां विधानसभा के मंदिरों में दर्शन करेंगें। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए तैयारी पूरी हो चुकी हैं। विधायक अभिजीत सिंह सांगा के मीडिया प्रभारी वैभव दीक्षित ने बताया कि रविवार को देव दर्शन यात्रा की शुरुआत टिकरा के विंध्यवासिनी मंदिर से शुरू होकर नहरीबरी मंदिर, योगेश्वर आश्रम, शोभन मंदिर, जागेश्वर मंदिर होते हुए मैथा बाजार होकर रानियां पहुंचेगी उसके बाद अकबरपुर होते हुए रूरा में यात्रा का समापन होगा। वाहन यात्रा का जगह-जगह स्वागत भी किया हैं।

## गोल्डी समूह द्वारा नारी सशक्तीकरण की दिशा में अनूठी पहल

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

भारतीय रसोई की शान कही जाने वाली देश की सबसे अग्रणी खाद्य मसाला कंपनी शुभम गोल्डी मसाले प्रा0 लि0 23 सितंबर से सम्पूर्ण देश में गोल्डी क्वीन सीजन-3 का शुभारम्भ कर रही है जिसमें कंपनी ने महिला सशक्तीकरण की दिशा में सकारात्मक पहल का अद्भुत उदाहरण पेश किया है। गोल्डी क्वीन सीजन-3 में भाग लेने वाली महिलाओं को विज्ञापन में प्रकाशित क्यू0आर0 कोड को स्कैन करके अपना रजिस्ट्रेशन कराना होगा तथा उनके द्वारा किसी भी क्षेत्र में किये गये कार्य की एक ऐसी कहानी भेजनी होगी जिससे लोगों में एक नई दिशा, ऊर्जा व प्रेरणा का संचार हुआ हो तथा उसका व्यापक असर लोगों के व्यवहार, कार्यपद्धति व आचरण पर पड़ा हो। इस प्रतियोगिता में भाग लेने की कोई आयु सीमा नहीं है। पंजीकरण करने के लिए www.goldieequeen.com पर जाएं या क्यूआर कोड स्कैन करें गोल्डी क्वीन सीजन-3 महिलाओं की प्रभावशाली कहानियों का उत्सव हैं। यह विशेष आयोजन उन असाधारण योगदानों को पहचानने के लिये समर्पित है। उपरोक्त जानकारी कंपनी के निदेशक सुदीप गोयनका, श्री आकाश गोयनका एवं शुभम गुप्ता ने दी है।

# भारत में पांच साल व इससे कम उम्र के बच्चों में कुपोषण एक महत्वपूर्ण चिंता का विषय

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर




चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र दिलीप नगर की गृह वैज्ञानिक डॉ. निमिषा अवस्थी ने शुक्रवार को कुपोषण विषय पर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कुपोषण एक गंभीर स्थिति है जो किसी व्यक्ति के आहार में पोषक तत्वों की सही मात्रा की कमी से होती है। उन्होंने भारत में पांच साल व इससे कम उम्र के बच्चों में कुपोषण को एक महत्वपूर्ण चिंता का विषय बताया। उन्होंने कहा कि अनुमानित 5 वर्ष व कम उम्र के करीब 1.6 करोड़ छोटे क़द वाले और 5 करोड़ कमज़ोर बच्चे हैं। उन्होंने बताया कि स्प्राउट्स यानी अंकुरित अनाज जैसे चना, दाल आदि का सेवन सेहत के लिए काफी फायदेमंद होता है। अंकुरित अनाज में विटामिन की भरपूर मात्रा होती है। प्रोटीन, विटामिन्स, मिनरल्स, फाइबर, फास्फोरस, मैग्नीशियम, आयरन और मैग्नीशियम से भरपूर स्प्राउट्स का सेवन न सिर्फ दिन भर की ऊर्जा प्रदान करता है बल्कि अपने पोषक तत्वों के कारण कुपोषण निवारण का भी साधन हो सकता है । वितरण के साथ ही बच्चो की लंबाई, वजन व स्वास्थ्य परीक्षण किया गया ।कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के प्रसार वैज्ञानिक डॉ राजेश राय, उद्यान वैज्ञानिक डॉ अरुण कुमार सिंह के साथ वरिष्ठ शोध अध्येता शुभम यादव व रुदापुर, अनूपपुर की आंगनवाड़ी कार्यकत्री श्रीमती सीमा ब सुषमा आदि 25 महिलाएं मौजूद रही।

## गणेश महोत्सव के चौथे दिन गौरव महादेव ग्रुप द्वारा मनमोहक झांकियां का किया गया प्रस्तुतिकरण

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



मंधना के राहु माता मंदिर में मंधना व्यापार मंडल समिति व गणेश सेवा समिति के तत्वाधान में विशाल गणेश महोत्सव का नौवा आयोजन किया जा रहा है जो कि 18 सितम्बर से 27 सितम्बर तक चलेगा जिसके अन्तर्गत महोत्सव के चौथे दिन गुरूवार की शाम को भगवान गणपति की आरती तथा पूजा अर्चना के उपरान्त गौरव महादेव ग्रुप द्वारा मनमोहक झांकियां प्रस्तुत कि गई। ग्रुप द्वारा शिव तांडव, कृष्ण रासलीला, शिव विवाह और मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर सभी भक्तगणो को मंत्रमुग्ध कर दिया। गणेश पंडाल में उपस्थित हजारो की संख्या में दर्शको ने झांकियों की प्रस्तुति देख कर काफी सराहा। इस दौरान महेश त्रिवेदी, राम तिवारी, बेटू मिश्रा, विनय सिंह, कमलेश छोटी, शिवा तिवारी, अंकित मिश्रा समेत हजारो की संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

# बिल्हौर नगर पालिका के गेट पर भूख प्यास से तड़पते गोवंश

* प्रशासन आंख में पट्टी बांधकर घूम रहा है

जन एक्सप्रेस । हरिनाथ सिंह



**बिल्हौर।** बिल्हौर नगर पालिका के मुख्य गेट पर जनता को ठंडा पानी पीने के लिए फ्रीजर लगा हुआ है वहीं पास में हाई मास्क लाइट लगी है उसके आसपास कुछ पौधे लगा दिए गए थे। जो आकर्षण का केंद्र कभी रहा करते थे। वहीं कस्बे में गोवंश को पीने के लिए 20 साल पहले जगह-जगह पानी के हौज बना दिए गए थे। उस जमाने में गोवंश घोड़ा खच्चर आदि को पीने के लिए नगर पालिका प्रशासन ने जगह-जगह व्यवस्थाएं कर रखी थी इस समय उत्तर प्रदेश सरकार गोवंश को संरक्षण और उनको सुरक्षित स्थान पर रखने के लिए बजट भी भेज रही है लेकिन नगर पालिका प्रशासन इस और कोई ध्यान नहीं दे रहा है वह सिर्फ फोटो सेशन करा कर सरकार को ही दिखाना चाहते हैं कि हम आपकी नीतियों पर चल रहे हैं वास्तव में वह कोई भी ऐसा कदम नहीं उठा रहे हैं जो बेजुबान पशुओं के लिए काम आ सके। नगर पालिका प्रशासन द्वारा लगाए गए फ्रीजर से बहते हुए पानी या मुंह से टोटी को खोलकर अपनी प्यास बुझा रहे हैं वहीं नगर पालिका गेट के समीप लगी फुलवारी उसको भी गोवंश जाली के अंदर मुंह घुसेडकर किस तरह खाकर अपना पेट भर रहे हैं यह दुर्लभ तस्वीर कैमरे से खींची गई है जिसमें दो गोवंश अलग-अलग एक अपनी फ्रीजर में पी रहा है तो दूसरा वहीं पर लगे हरियाली को खाकर अपना पेट भर रही है नगर पालिका चौराहे से प्रतिदिन एसडीएम तहसीलदार और नायब तहसीलदार नगर पालिका अधिशासी अधिकारी कोतवाल चौकी इंचार्ज जन प्रतिनिधि आदि कई बार यही से गुजरना होता है। लेकिन सड़क पर बैठे जानवरों और प्यास बुझाने के लिए भटकते हुए फ्रीजर के नीचे देखकर इनको कोई तरस नहीं आता है कि सरकार उनके लिए महत्वपूर्ण योजनाएं चल रही है लेकिन नगर पालिका प्रशासन जन प्रतिनिधि कोई ध्यान नहीं दे रहा है सरकार प्रतिमाह दर्जनों आदेश आते हैं जो रद्दी की टोकरी में पड़े नजर आते हैं गोवंश की स्थिति जस की तस तस्वीर सड़कों पर घूमते नजर आ रहे हैं। सभासद अशोक चंद्र उर्फ गुड्डा तिवारी ने बताया कि अधिकारियों से कई बार कहने के बाद भी इस और ध्यान नहीं दे रहे हैं गौ आश्रय स्थल सिंह वाहिनी के पास अस्थाई बना हुआ है जो कि कम जानवर हैं खाली पड़ा हुआ है। कस्बे के सभी गोवंश वहां पर आ सकते हैं एक बड़ी समस्या है कस्बे की जिसमें आए दिन लोग गिरकर चोहटिल होते हैं उसका समाधान भी हो सकता है।

## आनंदेश्वर मंदिर में सुबह अचानक फाल्स सीलिंग गिर जाने से मचा हड़कंप

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

आनंदेश्वर मंदिर में शुक्रवार सुबह अचानक फॉल सीलिंग गिर जाने से मंदिर परिसर में अफरा-तफरी मच गई। बाबा की कृपा ऐसी रही की इस दौरान एक भी भक्त जख्मी नहीं हुआ। सूचना पाकर पर पहुंची ग्वालटोली पुलिस टीम ने भक्तों को परिसर से बाहर किया और वहां व्यवस्था को पुनः पटरी पर लाने के लिए कार्य करने में जुट गई। मंदिर के प्रबंधन तंत्र की ओर से जानकारी देते हुए बताया गया कि शुक्रवार सुबह भक्त बाबा का दर्शन कर रहे थे। इसी बीच अचानक मंदिर में लगी फॉल सीलिंग भरभराकर गिर गई। बाबा का ऐसा आशीर्वाद है कि हादसे के समय मंदिर में भक्तों की भीड़ कम थी। जिससे पुजारी सहित सभी भक्त सुरक्षित बच गए। आज बाबा का श्रृंगार या कोई अन्य आयोजन नहीं था। सोमवार या किसी अन्य दिन जब कोई कार्यक्रम होता है तब सुबह मंगला आरती के पश्चात बाबा के भक्तों की का रेला मंदिर परिसर में लग जाता है। लेकिन शुक्रवार होने की वजह भक्तों की भीड़ कम थी। पुलिस का दावा है कि हादसे में कोई जख्मी नहीं हुआ ।

# राजस्व निरीक्षक का कमरे के अंदर मिला शव

**जन एक्सप्रेस । तिलोई/अमेठी**



तहसील तिलोई परिसर के अंदर बने आवासीय कॉलोनी में कमरा नंबर सी-2 में संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे के अंदर राजस्व निरीक्षक चंद्रमणि वर्मा का शव बरामद हुआ है। जानकारी के अनुसार मृतक चंद्रमणि वर्मा राजस्व निरीक्षक ग्राम गोपालपुर राय थाना लम्भुआ जनपद सुल्तानपुर के निवासी थे। इनके दो पुत्र हैं। बड़े लड़के का नाम रोहित कुमार वर्मा व छोटे लड़के का नाम प्रवीण कुमार वर्मा है। जो अमेठी जनपद की मुसाफिरखाना तहसील में लेखपाल के पद पर तैनात थे। और वहां से पदोन्नति होकर तहसील तिलोई में राजस्व निरीक्षक के पद भेजा गया था। वहीं तहसील तिलोई में आर के ऑफिस में ड्यूटी कर रहे थे। ऑफिस में मौजूद कर्मचारियों से कह रहे थे कि आजकल मेरी तबियत कुछ ठीक नहीं रहती है। वहीं बृहस्पतिवार की शाम तक ड्यूटी पूरी करके तहसील परिसर के अंदर बने अपने आवास में जाकर सो गए। और जब सुबह 10 बजे तक नहीं उठे तो तहसील कर्मचारियों ने उनके कमरे के बाहर से कई बार आवाज दिया और दरवाजा खटखटाया लेकिन अंदर से कोई आवाज नहीं आई तो खिड़की से देखा तो तखत पर लेटे थे। इसकी सूचना उपजिलाधिकारी तिलोई को दी गई। जहां उप जिलाधिकारी तिलोई दिग्विजय सिंह मौके पर पहुंचे, अंदर से बंद दरवाजे को तोड़कर देखा गया तो मृत अवस्था में पड़े मिले। जिसकी सूचना मोहनगंज पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया हैं। वहीं मोहनगंज थाना प्रभारी धीरेंद्र कुमार यादव ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## नौकरी के नाम पर धोखे से लिया 15 लाख, केस दर्ज

**जन एक्सप्रेस/तिलोई/अमेठी।** तहसील अंतर्गत जायस कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बेलवा हसनपुर मो इक़बाल ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि भाई शाहिद उम्र लगभग 23 वर्ष को आर्मी में नौकरी दिलाने के नाम पर करीब एक वर्ष पूर्व विपक्षी जावेद निवासी गंगागढ़ थाना मोहनगंज ने 15 लाख रुपये धोखे से ऐंठ लिए। और आर्मी का फर्जी कागज़ात थमाते हुए ज्वाइनिंग के लिए कलकत्ता भेज दिया।

जब पीड़ित शाहिद वहाँ पहुँचा,तो अफसरों ने बताया की आर्मी का लेटर फर्जी है। वापस लौट कर आने पर जावेद ने बड़ेभाई इक़बाल को आपबीती बताई। जिसके बाद स्थानीय थाने मे जावेद निवासी गंगागढ़ थाना मोहनगंज व सहवाज निवासी बिहार प्रदेश के खिलाफ धोखाधड़ी करने के मामले मे मुकदमा लिखकर पुलिस जांच करने मे जुटी है। वहीं एसओ जायस देवेंद्र सिंह ने बताया की पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत हो गया है। जिसमे एक मुख्य आरोपी सहबाज बिहार का रहने वाला है। इन दोनो ने ही योजनाबद्ध तरीके से पीड़ित को ठगी का शिकार बनाते हुए पैसा ऐठा है। तथा प्रकरण की गहनता से जांच की जा रही है ।

# चार सौ भूखे जरूरतमन्दों को मुफ़्त खाना बांटा

**जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर**



निःस्वार्थ सेवा-भाव को मूर्ति रूप देने और सामाजिक सरोकारों को बखूबी से अंजाम देने के लिए तत्पर है। जिले की अग्रणी सामाजिक संगठन के कार्यकर्ताओं ने इंसानियत की मिसाल पेश कर रहे है। मानवता को जीवंत करने का प्रयास निश्चित रूप से अनुकरणीय है।

राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ के वैनर तले स्वाशाषी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एव जिला चिकित्सालय और जिला महिला अस्पताल में उपचार करा रहे मरीजो और उनके तीमारदारों के लिए सप्ताह के प्रत्येक बृहस्पतिवार को निःशुल्क भोजन वितरण का कार्य अनवरत सन्चालित किया जा रहा है। राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ के अध्यक्ष मेराज अहमद खान के संयोजन में देर शाम 400 जरूरतमन्दों को मुफ़्त खाना बांटा गया। जिसमें मेडिकल कालेज में 350 और रेलवे स्टेशन परिसर में लगभग 50 यात्रियों और घुमन्तु जरुतमन्दों बेसहारा भूखे लोगो को भोजन कराया गया। मुफ्त भोजन पा कर लोगो के चेहरे खिल उठे। राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ के मार्गदर्शक निज़ाम खान ने बताया कि अक्सर आप लोग देखते होंगे रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म वेटिंग रूम में इधर उधर कोने में बहुत से घुमंतू शरण लेने आते है कारण आर्थिक तंगी होती है असहाय बेसहारा लाचार ऐसे लोग भूखें पेट एक चिथड़ा ओढ़ कर पड़े रहते है।

बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ के सामाजिक कार्यकर्ता जब भोजन खिलाने पहुँचे तो कईयों ने रूहांसी आंखों से अपने बच्चों के सिर हाथ सहलाते हुए कहते मिले की देखा बेटा ऊपर वाले के घर देर भले है अंधेर नही है यह देखो ऊपर वाले ने तुम्हारे लिए फरिश्तों के हाथ खाना भेज दिया है।

इस आवाज को सुनने के बाद एक बार तो ठिठुर कर खड़ा हो गया आंखे नम हो गयी कि ऐसे न जाने कितने लोग बेसहारा भूखे प्यासे होंगे जिनको एक वक्त की रोटी मिलना मुश्किल है।जब उनको मुफ़्त खाना की थाली दी गयी तो उस चेहरे की चमक देखने लायक थी खाना वितरण करने वाले के मुंह से एक सुर में एक ही आवाज निकली हे ईश्वर तूने हम सबकों ऐसे जरुतमन्दों के पास न भेजा होता तो आज ये भूखे सोते लेकिन ऊपर वाला जिसको पैदा किया उसके खाने का इन्तिजाम भी किया है किसी न किसी रूप में उस तक मदद पहुचा ही देता है हर जरूरत की वस्तु हो या भोजन जरुतमन्दों तक पहुचाने का काम किसी न किसी को सौप ही देता है।

## संयुक्त चिकित्सालय का औचक निरीक्षण कमियों पर जारी किया गया नोटिस

**जन एक्सप्रेस । बिरसिंहपुर/सुलतानपुर**



अपने विभाग के ढीले व जंग खाए नटबोल्ट को सही करने को लेकर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.ओम प्रकाश चौधरी प्रतिदिन किसी ना किसी पीएचसी, सीएचसी का औचक निरीक्षण करते रहते है और गलतियों पर त्वरित कार्यवाही भी करते रहते है। इसका खौफ साफतौर पर स्वास्थ विभाग के कर्मचारियों पर दिखाई देता है। शुक्रवार को मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.ओम प्रकाश चौधरी 100 शैया संयुक्त चिकित्सालय बिरसिंहपुर पहुंचे, बारीकी से निरीक्षण के बाद सेमरी बाजार, पखनपुर, डिहढग्पुर व सुदनापुर का भी औचक मुआयना किया। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. ओम प्रकाश चौधरी ने अनुपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों को चेताते हुए कहाकि सरकार की योजनाए आम जनमानस को तभी मिलेगी जब आपलोग समयबद्ध रहकर अपनी ड्यूटी करेगें। शासन स्तर पर मरीजों के लिए जो भी योजनाएं है, उसे लक्ष्य तक पहुंचाना सभी की जिम्मेदारी है, उन्होने सख्त लहजे में कहाकि यदि पीएचसी, सीएचसी पर डाक्टर या कर्मचारियों के चलते कमियां मिली तो उनके विरूद्ध विभागीय कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाएगी। डॉ. चौधरी ने ड्यूटी समय में गायब मिले कर्मचारियों को नोटिस जारी करने का निर्देश जारी करते हुए जवाब तलब किया है। सीएमओ के तेवर से कर्मचारियों में हड़कंप मचा हुआ है। सूत्र बताते है कि व्यवस्थाओं को बेहतर गति देने को लेकर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. चौधरी जनपद में मुसलसल बने हुए हैं। विभागीय सूत्रों की मानें तो सीएमओ ने दो माह तक अपनी छुट्टी भी रद्द कर दी है।

# सार्थक व सफल जीवन के अंतर को समझें युवा : शांतनु जी

**जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर**




पंडित रामनरेश त्रिपाठी सभागार सुल्तानपुर में रामायणम फाउंडेशन की ओर से आयोजित शौर्य गाथा विषय पर अपना उद्गार व्यक्त करते हुए अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक आचार्य शांतनु जी महाराज ने कहा कि सफल व सार्थक जीवन बहुत ही कम लोगों का होता है पद प्रतिष्ठा रूपए सब है जीवन सफल है पर सार्थक नहीं। जीवन को सार्थक करने के लिए यह चैपाई विद्यावान गुनी अति चातुर, राम काज करबि कोऊ आतुर, जीवन में जब राम काज होगा तभी जीवन सार्थक होगा। प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में हनुमान जी का शौर्य है पर उसे जागृत करने के लिए जामवंत का होना आवश्यक है। भारत के गौरवशाली इतिहास को वामपंथी व चारणपंथी इतिहासकारों ने लिखा इसलिए भारत के शूरवीरों के प्राक्रम को गौण कर दिया गया और आक्रामकताओं व विध्वंसकारियों के इतिहास को बढ़ा चढ़ा कर लिखा गया। धर्म की रक्षा कर रहे गुरु गोविंद सिंह के चारों बच्चों को मुगलों ने दीवार में चुनवा दिया गया क्या बीता होगा उस समय की स्थिति को लेकर गुरु गोविंद सिंह पर सोचें तब अपने आप जीवन की सार्थकता को जानेंगे। बंदा बैरागी के जीवन से सीखें कि हमारे देश में शूरवीरों के साथ क्या हुआ है तब आपकी चेतना जगेगी। बंदा बैरागी ने देश व धर्म की रक्षा के लिए अपना जीवन न्यौछावर कर दिया। महाराणा प्रताप के जीवन से सीखें देशभक्ति, अब राष्ट्रभक्ति केवल राष्ट्रीय पर्व पर ही देखने को मिलती है, पर्व मनाए और शांत हो गये थोड़ा सोचें देश के सैनिकों के बारे में जो अपने देश की सीमाओं की रक्षा किन परिस्थितियों में कर रहे हैं। सभी अपने घरों में देश के बलिदानियों का एक चित्र जरूर लगाएं और उसके बारे में अपने परिवार के सदस्यों को अवश्य बताएं। उन्होंने भावात्मक गीत 'निज गौरव को निज वैभव को हिन्दू बहादुर भूल गए, उपदेश दिया जो गीता का उसे सुनना सुनाना भूल गए। उन्होंने कहा कि अर्जुन के शौर्य को भगवान श्रीकृष्ण ने उपदेश देकर जगाया, हनुमान जी के शौर्य को जामवंत जी ने जगाया आज मैं आपके अंदर छुपे शौर्य को जगाने आया हूं अपने शौर्य को पहचानें।

क्षमता के अनुसार जटायु ने रावण से युद्ध किया और उसे मृत्यु के समय भगवान की गोद मिली वहीं श्री कृष्ण भगवान के होते हुए भी भीष्म पितामह जो अधर्म का साथ दे रहे थे उन्हें बाणों की शरसैय्या मिली। अधर्म की रोटी खाओगे तो बुद्धि भी अधर्मी होगी, मृत्यु के भय से मुक्त हो वह शौर्य गाथा विषय पर मै जगाने आया हूं। कार्यक्रम के निवेदक आशीष सिंह ने मां भारती की आरती करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर आरएसएस के काशी प्रांत प्रचारक रमेश जी विभाग प्रचारक प्रकाश जी जिला प्रचारक आशीष जी सुल्तानपुर विधायक विनोद सिंह जयसिंहपुर विधायक राज बाबू उपाध्याय नगरपालिका चेयरमैन प्रवीण अग्रवाल डॉक्टर एके सिंह एसपी सुल्तानपुर सोमेन वर्मा पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू पूर्व विधायक सहित हजारों की संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## कांग्रसियों ने राधे रमण वैद्य की मनाई पुण्य तिथि

**जन एक्सप्रेस । सुलतानपुर**



जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में स्वर्गीय राधे रमण मिश्र वैद्य की पुण्यतिथि मना कर उन्हें याद किया गया। शहर के कांग्रेस पार्टी के मजबूत नेता व लंबे समय तक कांग्रेस के नगर अध्यक्ष रहे और केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष राधे रमण मिश्र वैद्य की कांग्रेसियों ने जिला कार्यालय पर पुण्यतिथि मनाई।

इस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने राधे रमण वैद्य जी के कार्यों को याद किया और उनके बारे में जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं को बताते हुए कहा कि स्वर्गीय वैध जी एक संघर्षील और क्रांतिकारी स्वभाव के बहुत ही कर्मठ नेता थे अपने समाजसेवा के कार्य से स्वर्गीय राधे रमण वैध जी पहचाने जाते थे। यूथ के जिला अध्यक्ष वरुण मिश्रा ने स्वर्गीय राधे रमण वैध के बारे में भी बताया। जिला उपाध्यक्ष सिराज भोला ने कहा कि स्वर्गीय वैद्य जी उन्हें पुत्र की तरह मानते थे। दुर्गापूजा के समय 15 दिन तक शहर वैद्य जी ही चलाते थे। जिले के उच्च प्रशासनिक अधिकारी हमेशा उन्हीं से सहयोग लेते थे। इस कार्यक्रम में प्रदेश सचिव राहुल त्रिपाठी, प्रवक्ता नफीस फारुकी, महेश मिश्रा वैद्य, शहर महासचिव अमित सिंह, विजयपाल पीसीसी, राहुल मिश्रा, मोहित तिवारी, राजेश पाठक, दीपक कुमार मिश्रा, सिराज सिद्दीकी अकेला, सुनील सिंह चैहान, सुब्रत सिंह सन्त्री, सिराज भोला, मानिक श्रीवास्तव, रब्बान हाशमी, ओ पी चौधरी, अवधेश गौतम, जमीदार यादव, पूर्व अध्यक्ष कृष्णा कुमार मिश्रा, हौसला प्रसाद भीम पीसीसी, ब्लॉक अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष शक्ति प्रसाद तिवारी, अमोल बाजपेई, हरीश त्रिपाठी, हारून अहमद, धर्मराज मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

# औघड़ आश्रम में धूमधाम से सम्पन्न हुआ स्थापना दिवस हुआ लोलार्क षष्टी एवं अघोरेश्वर महाप्रभु जयन्ती कार्यक्रम

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा औघड़ भगवान राम कुष्ठ सेवा आश्रम मुंशीगंज में स्थापना दिवस, लोलार्क षष्टी एवं अघोरेश्वर महाप्रभु जयन्ती कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम एवं भक्तिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। सर्वप्रथम प्रातः 6:00 बजे श्री सर्वेश्वरी समूह संस्थापक अवधूत भगवान राम तथा बाबा गुरूपद सम्भव राम के चित्रों के साथ वाहनों से एक प्रभातफेरी निकाली गयी, जो सिविल लाइन्स, रतापुर, त्रिपुला, रेलवे स्टेशन होते हुए घंटाघर, सुपर मार्केट, नेहरू नगर होते हुए मुंशीगंज स्थित आश्रम पर समाप्त हुई। प्रभात फेरी का स्वागत माँ मंशा देवी, रामकृपाल तिराहा, जगमोहनेश्वर मन्दिर, चन्दापुर हाउस तथा राणा प्रताप चैराहे पर राजा हर्षेन्द्र सिंह, एस.पी. सिंह, डा. रवि सिंह, प्रज्ञा रत्न मिश्र तथा प्रतिष्ठत लोगों ने प्रभात फेरी में पूज्य अघोरेश्वर महाप्रभू की आरती तथा पुष्प वर्षा की गयी। आश्रम परिसर में सर्वेश्वरी समूह का ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण आश्रम के उपाध्यक्ष राघवेन्द्र मिश्र द्वारा किया गया तत्पश्चात् पतित पावन पुस्तक सफलयोनि का पाठ आश्रम के वरिष्ठ सहयोगी सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य दल बहादुर सिंह द्वारा किया गया। तदुपरान्त एक गोष्ठी का आयोजन हुआ। संस्था के संस्थापक महान औघड़ सन्त अवधूत भगवान राम एवं परमपूज्य गुरूपद बाबा जी द्वारा लोकहित के कार्यो की चर्चा की गयी। गोष्ठी का सफल संचालन प्रख्यात चिकित्सक डा0 शशांक द्विवेदी ने किया। गोष्ठी को सम्बोधित करने वालों में मुख्य रूप से ओम प्रकाश सिंह, शिव लखन सिंह आदि लोग रहे। इस अवसर पर मुख्य रूप से आर.के. चतुर्वेदी, सचिन श्रीवास्तव, बृजेश सिंह, सूरज सिंह, विमल सिंह, शैलेन्द्र सिंह, कौशलेन्द्र सिंह, सूरज विषेन, रवीन्द्र सिंह, धमेन्द्र यादव, रमेश सिंह, मनीष सिंह, दिनेश यादव, विनोद जायसवाल सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# धूमधाम से मनाया जा रहा है श्री गणेश उत्सव का पर्व

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



रायबरेली की सबसे प्राचीन गणेश पूजा जो की 49 वां गणेश पूजा उत्सव स्थान छोटी बाजार रायबरेली में मनाया जा रहा है लगभग 49 साल हो गए पूजा के रायबरेली की सबसे प्राचीन गणेश पूजा छोटी बाजार रायबरेली की हैं। बताया जा रहा की जब रायबरेली शहर में गणेश पूजा कहीं भी नहीं होती थी तब से यह पूजा आज कई वर्ष से चली आ रही है यहां पर भक्तों का सैकड़ो की तादाद में श्रृद्धालु आते हैं और भाव आरती में सम्मिलित होते हैं। स्थापना वर्ष 1975 संस्थापक स्व. प्रकाश कक्कड़ द्वारा की गयी थी। जिसके बाद स्व. मालती कक्कड़ यह आयोजन प्रकाश कक्कड़ द्वारा श्री गणेश जी की कृपा से स्वास्थ्य लाभ प्राप्त होने के उपरान्त प्रारम्भ हुआ। गणेश चतुर्थी के दिन श्री गणेश जी की मूर्ति की प्रतिष्ठा के साथ आयोजन प्रारम्भ हुआ। प्रातः 9.30 एवं सायं-9.30 बजे नित्य आरती एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम पूर्व वर्षो की भांति इस वर्ष भी हो रहा है। 26 सितम्बर दिन मंगलवार को सायं काल 6.30 से सुन्दर काण्ड का पाठ पूज्य विज्ञानानंद जी के सानिध्य में सम्पन्न होगा। 09.30 बजे रात्रि में आरती के बाद भण्डारे का आयोजन किया गया है, आप सभी श्रृद्धालुओं सादर आमन्त्रित है। दिन 27 सितम्बर को राति की अन्तिम आरती का कार्यक्रम होगा। दिनांक 28 सितम्बर को दिन में 2 बजे विसर्जन की आरती के पश्चात् विसर्जन शोभा यात्रा पूजा स्थल से प्रारम्भ होकर सायं राजघाट पर सम्पन्ना होगी। आप सभी विसर्जन शोभा यात्रा में सम्मिलित होकर के अपने जीवन को धन्य बनायें। तथा इसी कम्र में बड़ा डाकखाना घंटाघर में गजानन गणेश भगवान् की मूर्ति की पूजा अर्चना एवं प्रसाद वितरण अनिल अग्निहोत्री ने अपने परिवार के साथ किया। इस मौके पर पं0 उमेश दुबे द्वारा आरती सम्पन्न की गयी, आरती में पारसनाथ जायसवाल, पुनीत जायसवाल, मदन सिंह परिहार एवं पं0 अक्षोभ्य मोहन शास्त्री आदि सम्मिलित रहे।

# नारी शक्ति जागरण मंच द्वारा मातृशक्ति का किया गया आयोजन

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**




महिलाओं को सशक्त बनाया जा सके उनकी आर्थिक और सामाजिक प्रगति को एक नया आयाम दिलाया जा सके इसके लिए नारी शक्ति जागरण मंच के तत्वाधान में हजारों महिलाओं के समागम का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। गोपाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज रतापुर में 24 सितंबर दिन रविवार को प्रातरू 10रू00 बजे से अपराह्न 02रू00 बजे तक आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में पद्मश्री से सम्मानित पर्वतारोही अरुणिमा सिन्हा एवं सुधा सिंह के साथ राष्ट्र सेविका समिति की अखिल भारतीय अधिकारी शरद रेणु भी संबोधित करेंगी। कार्यक्रम की विभाग संयोजिका निधि द्विवेदी ने बताया कि इस कार्यक्रम का लक्ष्य लखनऊ विभाग की उन हजारों महिलाओं को सम्मानित करना है और समाज के लिए कुछ करने का भाव जागृत करना है जो विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सेवाएं देकर समाज को मजबूत करने का काम कर रही है जिससे देश की आधारशिला भी मजबूत हो रही है ऐसी महिलाओं को सम्मानित करके नारी शक्ति जागरण मंच उन्हें इस बात का आभास दिलाना चाहता है की समाज उनकी सेवा से कृतज्ञ है। कार्यक्रम के मुख्य समन्वयक अमित सिंह चैहान व सह समन्वयक जामवंत रॉय ने बताया कि कार्यक्रम में आने वाली हजारों महिलाओं के लिए ससम्मान हर प्रकार की उचित व्यवस्था की जाएगी।

## जिलाधिकारी ने जिला अस्पताल का किया निरीक्षण



**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

जिलाधिकारी हर्षीता माथुर पहले ही दिन से लगातार ऐक्टिव मोड में हैं। कल जहां कलेक्ट्रेट और अभिलेखागार का औचक निरीक्षण किया।

वहीं शुक्रवार को जनसुनवाई से पहले जिला अस्पताल गईं और वहां उन्होंने मरीजों और कर्मचारियों से सीधे बातचीत कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायाजा लिया साथ ही टेलीमेडिसिन और इमरजेंसी को और बेहतर बनाने का निर्देश दिये। इस दौरान काफी पहले से बन कर तैयार एसटीपी के चालू न होने पर चिंता जताते हुए उसे जल्द से जल्द शुरू कराये जाने की बात कही। जिला अस्पताल में उन्नाव से आये मरीज को यहां भर्ती देखकर इसे रायबरेली के लिए उपलब्धि बताया। जिलाधिकारी ने जिला अस्पताल में सीटी स्कैन और अल्ट्रासाऊंड शुरू करने की भी जानकारी ली। इस मौके पर सिटी मजिस्ट्रेट, सीएमएस महेंद्र कुमार मौर्य उपस्थित रहे।

# जिला कारागार में आयोजित हुआ विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर




**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा माननीय जनपद न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली तरुण सक्सेना के दिशा-निर्देशन में जिला कारागार, रायबरेली में निरुद्ध बंदी के देख-रेख, खानपान, रहन-सहन तथा लीगल ऐड क्लीनिक एवं बन्दियों के हितों से संबंधित मामलों के सम्बन्ध में उमाशंकर कहार अपर जिला जज, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली द्वारा जिला कारागार का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अपर जिला जज, सचिव ने जेल अधीक्षक हर्षिता मिश्रा से जेल के अंदर कैदियों की स्थिति व रखरखाव के बाबत जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। अपर जिला जज, सचिव द्वारा महिला बैरक के निरीक्षण के दौरान महिला बंदियों के साथ रह रहे बच्चों के स्वास्थ्य की देखभाल कराने तथा उन्हें समय से दवा आदि उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। निरीक्षण उपरांत महिला बंदियों के विधिक अधिकार विषय पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन भी किया गया। शिविर में महिला बंदियों से बात कर उनकी परेशानियों, विधिक समस्याओं एवं जेल में मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। विधिक जागरूकता शिविर में कारापाल सत्यप्रकाश, उपकारापाल कुँवर इन्द्रमणि शुक्ला, उपकारापाल धर्मपाल सिंह, उपकारापाल कंचन लता व पराविधिक स्वयं सेवक पूनम सिंह व अमिता गुप्ता उपस्थित रहीं।

**तापमान**

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 39°C | 28°C |
| कानपुर | 40°C | 30°C |
| देहरादून | 28°C | 23°C |
| नई दिल्ली | 40°C | 30°C |

# सरकारी जमीनों की कालाबाजारी, राजस्व अधिकारियों का मौन, प्रॉपर्टी डीलर हो रहे मालामाल

*** अधिकारियों के संज्ञान में सरकारी जमीन की कालाबाजारी फिर भी सन्नाटे में**

जन एक्सप्रेस/ विश्वामित्र पांडेय/आशीष कुमार सिंह



**लखनऊ।** राजस्व अधिकारियों की लापरवाही के चलते सरोजिनी नगर तहसील क्षेत्र में सरकारी जमीनों पर कब्जा कर प्लाटिंग करके बेंच देना चलन बनता जा रहा है। फिलहाल मोहनलालगंज और मलिहाबाद तहसील भी इस कालाबाजारी की आग से अछूती नहीं है। हालांकि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आए दिन फरमान जारी करते हुए नजर आते हैं, लेकिन धन के लोभ और अपने नकारेपन का शिकार हो चुके कुछ राजस्व कर्मी सरकारी जमीनों की कालाबाजारी करने वाले प्रॉपर्टी डीलरों का गुप्त रूप से भरपूर साथ देने में मस्त हैं, फिलहाल राज्य के विभिन्न जनपदों की तहसीलों में कई लेखपालों को घूस लेने के इल्जाम में एंटी करप्शन ने गिरफ्तार भी किया है, लेकिन प्रॉपर्टी डीलर द्वारा किए जा रहे अवैध भूमि क्रय - विक्रय में संलिप्तता की अभी तक कोई भी जांच सामने नहीं आई है। जबकि उच्च अधिकारियों को शिकायतें लगातार मिलती रही हैं।

**बड़ा सवाल!**

- गोरखधंधे में राजस्व अधिकारियों की संलिप्तता मिलने पर क्या होगी कार्यवाही?
- सरकारी जमीनों को खाली कराने की जिम्मेदारी तय होने के बाद भी जिम्मेदारी से क्यों भाग रहे साहब?
- अधिक शिकायतों का हवाला देकर अपनी जिम्मेदारियों से कब तक भागते रहेंगे जिम्मेदार अधिकारी?

**बिल्डरों द्वारा नियमों की जमकर उड़ाई जा रही धज्जियां**

राजधानी के विभिन्न क्षेत्रों में जहां बिल्डरों द्वारा सरकारी जमीनों की कालाबाजारी की जा रही है, वहीं स्थानीय प्राधिकरणों को गुमराह कर बिल्डरों द्वारा नियमों की जमकर धज्जियां भी उड़ाई जा रही हैं। नियमों को ताक पर रखकर आवासीय भूखंड के नाम पर राजधानी में जमीनों की कालाबाजारी खूब फल - फूल रही है। फिलहाल राजस्व अधिकारी पूरी तरह से बेफिक्र हो चुके हैं। हैरान करने वाली बात यह है कि प्रदेश की राजधानी में जमीन की कालाबाजारी करने वाले बिल्डरों को लखनऊ विकास प्राधिकरण, आवास विकास, लीडा व रेरा आदि लोकल अथॉरिटी के मानक की जानकारी तक नहीं है, उनका मानना है कि जब अपने दम से मार्केट बनानी है तो किसी अथॉरिटी के नियम –कानून जाने की क्या आवश्यकता है।

# ग्राम रोजगार सेवकों को बनाया जायेगा और अधिक दक्ष व सक्षम: केशव प्रसाद

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

गांवों में महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी योजना मनरेगा के कार्यों को कुशलता से संचालित व क्रियान्वित कराने के उद्देश्य से गांवों में तैनात ग्राम रोजगार सेवकों को और अधिक सक्षम व दक्ष बनाने के लिए उत्तर प्रदेश में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व, निर्देशन व प्रबन्धन में ग्राम रोजगार सेवकों के प्रशिक्षण की तैयारी की जा रही है। इस हेतु भारत सरकार की गाइडलाइंस के अनुसार मसौदा तैयार किया गया है।सरकार द्वारा मनरेगा योजना के कार्यों के सुचारू संचालन हेतु ग्राम पंचायत स्तर पर रखे गये ग्राम रोजगार सेवकों को कार्यों में दक्षता बढ़ाने हेतु प्रशिक्षित किये जाने के निर्णय को मूर्तरूप देने के सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं,जिससे प्रदेश के ग्रामों के विकास को गति मिलेगी तथा ग्राम रोजगार सेवकों को अपने कैरियर को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। ग्राम्य विकास आयुक्त जी एस प्रियदर्शी ने बताया कि ग्राम रोजगार सेवकों को दक्ष बनाने के लिए राष्ट्रीय ग्रामीण विकास संस्थान, हैदराबाद एक प्रशिक्षण प्लेटफार्म विकसित कर रहा है। प्रशिक्षण प्लेटफार्म विकसित होने के बाद इसका लिंक शेयर किया जायेगा। जिसके उपरान्त ग्राम रोजगार सेवकों का माह अक्टूबर से पंजीकरण शुरू होगा । पंजीकरण के पश्चात ग्राम रोजगार सेवकों को प्रशिक्षण प्लेटफार्म को लागिन करने के बाद वीडियो एवं पठन सामग्री उपलब्ध होगी। ग्राम रोजगार सेवकों द्वारा आनलाइन उपलब्ध पठन सामग्री के अध्ययन के उपरान्त 02 माह के भीतर आनलाइन टेस्ट देना होगा। इस टेस्ट को पास करने हेतु 02 माह के अन्दर 04 अवसर दिये जायेंगें। टेस्ट पास करने वाले ग्राम रोजगार सेवकों को राष्ट्रीय ग्रामीण विकास संस्थान, हैदराबाद, ग्रेड के अनुसार प्रमाणित करेगा। जिसका भौतिक मूल्यांकन जनपद स्तर पर माह जनवरी 2024 से किया जायेगा महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी योजना मनरेगा सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना है। योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीण आजीविका के प्राकृतिक संसाधनों को सुदृढ़ और टिकाऊ परिसम्पत्तियों का सृजन करना एवं ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे प्रत्येक परिवार को एक वित्तीय वर्ष में कम से कम 100 दिनों का गारन्टीयुक्त रोजगार उपलब्ध कराना है।

# सुनील बंसल ने समीक्षा बैठक की लोकसभा चुनाव 2019 में हारी हुई 14 सीटों पर जीत का मंत्र दिया

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



यूपी में हारी सीटों लेकर को 2024 में जीतने के लिए भाजपा रणनीति बनाने में जुटी है। राजधानी लखनऊ में आज पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने 2019 लोकसभा चुनाव में हारी हुई 14 सीटों पर समीक्षा बैठक की। ब्रज की रसोई गेस्ट हाउस में हुई इस मीटिंग में 14 लोकसभा सीटों के प्रभारियों और संयोजकों के अलावा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह समेत बीजेपी के तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे। यूपी बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने बताया कि 'आज हुई मीटिंग में उन लोकसभा सीटों को चिन्हित किया है। राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने निर्देश दिए हैं कि सभी सीटों पर जीतोड़ मेहनत की जाए और पार्टी के सभी कार्यकर्ता जमीनी स्तर पर इन सीटों को जिताने के लिए लग जाएं। हम जीत के लक्ष्य के साथ ही सभी लोक सभा सीटों पर संगठनात्मक कार्य करेंगे।' बीजेपी के राष्ट्रीय संगठन मंत्री सुनील बंसल 2019 में हारी हुई तमाम सीटों की समीक्षा करेंगे। सुनील बंसल को हारी हुई सीटों का प्रभार दिया गया है।समीक्षा बैठक लखनऊ के रायबरेली, लालगंज, अंबेडकरनगर, श्रावस्ती, नगीना, बिजनौर, सहारनपुर, अमरोहा, घोसी, गाजीपुर, संभल, मुरादाबाद, मैनपुरी,रामपुर और आजमगढ़ की सीटों की समीक्षा होगी। इन सभी 16 सीटों पर बीजेपी को 2019 की लोकसभा चुनाव में हर का सामना करना पड़ा था हालांकि बीजेपी ने उपचुनाव में रामपुर और आजमगढ़ की सीट पर जीत हासिल कर ली थी। लेकिन समीक्षा 2019 की लिहाज से सभी सीटों पर की जाएगी।

**सनातन का अपमान करना विपक्ष का मूल स्वभावः भूपेंद्र चौधरी**

बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने ये भी कहा कि सनातन धर्म का अपमान किया जा रहा है। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पार्टी के लोगों को अपना मत भी बताना चाहिए कि वह किसके साथ में है। वो सनातन धर्म के पक्ष मे है या फिर सनातन के विरोधी हैं।

**सुनील बंसल समीकरण बैठाने में माहिर**

बीजेपी के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन सुनील बंसल का उत्तर प्रदेश में साल 2013 से 2022 तक की लंबा कार्यकाल रहा है। इस दौरान उन्होंने उत्तर प्रदेश में बीजेपी के संगठन को जमीन से आसमान तक पहुंचाने का काम किया जिसका नतीजा निकला की उनके कार्यकाल में उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी ने 2014 का लोकसभा, 2017 का विधानसभा, 2019 का लोकसभा और 2022 का विधानसभा चुनाव अभूतपूर्व तरीके से जीता।

**साल 2022 में सुनील बंसल को बनाया गया राष्ट्रीय महामंत्री संगठन**

2022 विधानसभा चुनाव के बाद सुनील बंसल को उत्तर प्रदेश के महामंत्री संगठन पद से राष्ट्रीय महामंत्री बनाया गया। हालांकि बीजेपी ने अपनी राष्ट्रीय कार्यकारिणी में बदलाव किया लेकिन सुनील बंसल को पूर्व की तरह ही राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बनाया। उनके ऊपर देश के उन सीटों की जिम्मेदारी है जो भारतीय जनता पार्टी 2019 के चुनाव में हार गई थीं। ऐसे में उत्तर प्रदेश की 16 हारी हुई सीटों की जिम्मेदारी है। हालांकि भाजपा ने लोकसभा के उप-चुनाव में दो सीटों पर जीत हासिल कर ली थी।







# आने वाला युग एडीआर का: प्रोफ़ेसर डॉ. बंशीधर सिंह

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

*** लविवि के विधि संकाय में हुआ प्रथम वर्ष के छात्रों का ओरिएंटेशन कार्यक्रम**

लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय में एडीआर ड्राफ्टिंग एवं लिटरेटी सोसाइटी के द्वारा प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं हेतु अभिविन्यास कार्यक्रम अयोजित किया गया। कार्यक्रम को अधिष्ठाता विधि संकाय प्रोफ़ेसर (डॉ.) बंशीधर सिंह, सोसाइटी के टीचर को-ऑर्डिनेटर प्रोफ़ेसर (डॉ.) हरीश चंद्र राम, अपर कुलानुशासक द्वितीय परिसर प्रोफ़ेसर (डॉ.) मोहम्मद अहमद, योग संकाय के अधिष्ठाता प्रोफ़ेसर (डॉ.) एके सोनकर, एडीएसडब्ल्यू (डॉ.) अभिषेक तिवारी ने संबोधित किया। अपने संबोधन में प्रोफ़ेसर (डॉ.) बंशीधर सिंह ने कहा कि ÷सफ़ल होने के लिए कोचिंग नहीं क्लास को माध्यम बनाएं, विधि संकाय में योग्य शिक्षकों की पर्याप्त संख्या है जिनसे विधि के प्रत्येक आयाम में सब कुछ सीखा जा सकता है, अतः प्रयास करें कि अपने विधि पाठयक्रम की पढ़ाई इस प्रकार करें कि बाद में कोचिंग की आवश्यकता न पड़े।÷ उन्होंने मध्यस्थता के महत्व को विस्तार से बताते हुए कहा कि आने वाला समय वैकल्पिक विवाद निपटारे का है, न्यायालयों में लंबित वादों की संख्या को देखते हुए अब सफल वैकल्पिक विवाद निपटारे की ओर बढ़ना होगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अन्य वक्ताओं ने विधि के छात्रों को ड्राफ्टिंग की कला सीखने के लिए प्रोत्साहित किया उनके अनुसार ड्राफ्टिंग के बिना विधि का अध्ययन अधूरा है। स्टूडेंट डीन इन्द्र दमन तिवारी ने संकाय की उपलब्धियां के विषय में बताते हुए संकाय के यूट्यूब चैनल एवं ट्विटर हैंडल की चर्चा की एवं उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त किया। प्रोफ़ेसर (डॉ.) मोहम्मद अहमद ने कहा कि भारतीय न्यायपालिका सबसे पुरानी न्यायिक प्रणाली में से एक है, जो विश्व प्रसिद्ध तथ्य है, लेकिन आजकल यह भी सर्वविदित तथ्य है कि लंबित मामलों से निपटने के लिए भारतीय न्यायपालिका अक्षम होती जा रही है, भारतीय अदालतों में लंबे समय से अनसुलझे मामले हैं। परिदृश्य यह है कि पहले से ही लाखों मामलों का निपटारा करने वाले तमाम फास्ट ट्रैक कोर्ट स्थापित करने के बाद भी समस्या दूर होने में अभी समय है क्योंकि लंबित मामले अभी भी लंबित ही हैं, एडीएलएस योग्य मध्यस्थ तैयार करेगी। प्रोफ़ेसर (डॉ.) हरीश चंद्र राम ने कहा कि वैकल्पिक विवाद समाधान (एडीआर) तंत्र की अवधारणा विवादों को सुलझाने के पारंपरिक तरीकों का विकल्प प्रदान करने में सक्षम है, एडीआर सिविल, वाणिज्यिक, औद्योगिक और परिवार आदि सहित सभी प्रकार के मामलों को हल करने की पेशकश करता है, जहां लोग किसी भी प्रकार की बातचीत शुरू करने और निपटान तक पहुंचने में सक्षम नहीं हैं, इस अनुक्रम में एडीएलएस के प्रयास सराहनीय हैं। कार्यक्रम के अन्त में सोसाइटी की प्रेसीडेंट आरजू नायाब, कन्वेनर अंकित राय एवं वरिष्ठ सदस्यों ने अपने अनुभव साझा करते हुए सोसाइटी के आगामी कार्यक्रमों का उल्लेख किया।

# नेशनल अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक का लाइसेंस रद्द, बीमा की वजह से बची ग्राहकों की रकम

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

भारतीय रिजर्व बैंक ने बहराइच के नेशनल अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड का लाइसेंस रद्द कर दिया है। सहकारी आयुक्त और रजिस्ट्रार उत्तर प्रदेश से भी बैंक को बंद करने और एक परिसमापक नियुक्त करने का आदेश जारी करने का अनुरोध किया गया है। इसी के साथ बैंक पर हमेशा के लिए ताला लग गया। बीमा कवर की वजह से करीब करीब सभी ग्राहकों को अपना पूरा पैसा मिल जाएगा। आरबीआई ने बैंक का लाइसेंस कई कारणों से निरस्त किया। बैंक के पास पर्याप्त पूंजी और कमाई की संभावनाएं नहीं बची थीं। बैंकिंग एक्ट का पालन नहीं किया गया। बैंक में ग्राहकों का हित खतरे में आ गया था। भविष्य में नए ग्राहकों के लिए भी बैंक हानिकारक हो सकता था। बैंक अपनी वर्तमान वित्तीय स्थिति के साथ अपने वर्तमान जमाकर्ताओं को भी पूरा भुगतान करने में असमर्थ है। लाइसेंस को रद्द करने के परिणामस्वरूप, नेशनल अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड बहराइच को बैंकिंग का व्यवसाय करने से प्रतिबंधित कर दिया गया है। प्रत्येक जमाकर्ता बीमा और क्रेडिट गारंटी निगम (डीआईसीजीसी) के अंतर्गत पांच लाख रुपये तक अपनी जमा राशि का बीमा दावा राशि प्राप्त करने का हकदार होगा।

G20 | **उत्तर रेलवे** | आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टीआरडी/हज़रतगंज, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| ई–निविदा सूचना सं. | टीआरडी 7–सीनि०डी०ई०ई०–लखनऊ–23–तीसरी कॉल | | |
| कार्य का नाम: लखनऊ डिवीजन पर TUV> 50000 वाले 15 एलसी गेट्स (10 गेट्स पर एटी) के इंटरलॉकिंग के संबंध में ओएचई कार्य। | | | |
| अनुमानित लागत | ₹76,94,273.51 | बयाना राशि | ₹1,53,900/- |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 12 महीने | | |
| निविदा फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि | दिनांक 17.10.2023 को 15:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15:00 बजे के बाद | | |
| प्रस्ताव की वैधता | निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन | | |
| उत्तर रेलवे की वेबसाइट | अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर चेक की जा सकती है। | | |

**पात्रता मापदण्ड:** निविदाकर्ता तब तक निविदा डालने योग्य नहीं है जब तक कि वह निम्नलिखित पात्रता मापदंड पूरा नहीं करता: 1. निविदाकर्ता का न्यूनतम औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार वी/एन या 'वी' जो भी कम हो होना चाहिए; जहां वी = निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में; एन= कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या जिसके लिए बोलियाँ आमंत्रित की गई हैं। 2. निविदाकर्ता पिछले सात वित्तीय वर्ष (निविदा के आमंत्रित करने के एक महीने पहले के अन्तिम दिन तक); "कम से कम एक समान प्रत्येक तीन कार्य का 30 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो" या "कम से कम एक समान प्रत्येक दो कार्य का 40 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो" या "कम से कम एक समान एक कार्य का 60 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो"। **एक समान कार्य की परिभाषा होगी:** Similar work means design, supply, erection testing & commissioning of 50 Hz, single phase 25 kV AC OHE. 3. निविदाकर्ता अपने ऑफर के साथ बिजली के ठेकेदारों के वैध लाइसेंस की प्रमाणित छायाप्रति अवश्य जमा करें।

**नोट:** इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव नजरअंदाज/खारिज कर दिया जाएगा। पूर्ण विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है।

सं0: टीआरडी–7–सीनि०डी०ई०ई०–लखनऊ–23–तीसरी कॉल
दिनांक 20.09.2023 — 2953/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# आरएसएस की बैठक: राम मंदिर से देश में माहौल बनाएगा संघ, योगी के साथ भागवत की राष्ट्रवाद के मुद्दों पर हुई चर्चा



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ अयोध्या में श्रीराम जन्म भूमि पर बन रहे भव्य राम मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से प्रदेश ही नहीं पूरे देश में राममय माहौल बनाएगा। वहीं शताब्दी तक अवध प्रांत के प्रत्येक गांव में संघ की मौजूदगी दर्ज कराने के राष्ट्रवाद और सामाजिक समरसता को धार देगा। चार दिवसीय लखनऊ दौरे पर पहुंचे संघ के सर संघचालक मोहनराव भागवत ने शुक्रवार को अवध प्रांत कार्यकारिणी और विभागों के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। हालांकि संघ की ओर से भागवत के लखनऊ दौरे को शुद्ध रूप से संघ की नियमित व्यवस्था बताया जा रहा है। लेकिन आगामी लोकसभा चुनाव से पहले भागवत के दौरे को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। भागवत चार दिवसीय प्रवास पर शुक्रवार सुबह अमौसी एयरपोर्ट पहुंचे। भागवत ने अवध प्रांत के पदाधिकारियों के साथ परिचय किया। उसके बाद प्रांत में शाखा विस्तार, साप्ताहिक मिलन, मासिक मंडली, सेवा कार्य, गतिविधियों पर बातचीत की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शाम को निराला नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में संघ प्रमुख से मुलाकात की। दोनों के बीच करीब 45 मिनट तक चली मुलाकात में मुख्यमंत्री ने उन्हें प्रदेश सरकार की उपलब्धियों के साथ औद्योगिक विकास और निवेश से संबंधित जानकारियां दी। उन्होंने अयोध्या में निर्माणाधीन रामंदिर की प्रगति, रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारी सहित राष्ट्रवाद के अन्य मुद्दों पर सरकार की योजनाओं की भी जानकारी दी। दोनों के बीच प्रदेश की कानून व्यवस्था में आए सुधार, संघ और वैचारिक संगठनों के साथ समन्वय सहित अन्य मुद्दों पर भी बात हुई। दोनों के बीच गत दिनों सह सर कार्यवाह अरुण कुमार की मौजूदगी में हुई बैठक में तय किए गए विषयों को लेकर भी चर्चा हुई। इससे पहले संघ प्रमुख ने बैठक स्थल पर संघ के पूर्वी क्षेत्र और अवध प्रांत के विभिन्न पदाधिकारियों के साथ विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

**इसलिए भी महत्वपूर्ण है लखनऊ बैठक**

आरएसएस के सर कार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले का केंद्र लखनऊ हैं। इस लिहाज से सर संघचालक की लखनऊ में अवध प्रांत की बैठक को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। संघ की कार्य व्यवस्था में सर कार्यवाह की ओर से प्रांत और विभाग को कार्ययोजना सौंपी जाती है। प्रांत प्रचारक और क्षेत्रीय प्रचारक को उनका क्रियान्वयन अपेक्षा के अनुरूप करना होता है।

**आज से होगा बैठकों का सिलसिला शुरू**

संघ के पदाधिकारी ने बताया कि शनिवार से अवध प्रांत की बैठकों का सिलसिला शुरू होगा। शनिवार को अवध प्रांत की कार्यकारिणी और सात विभागों की कार्यकारिणी की बैठक होगी। बैठक में अवध प्रांत के पदाधिकारियों के साथ अवध प्रांत में रहने वाले राष्ट्रीय कार्यकारिणी और क्षेत्रीय कार्यकारिणी के पदाधिकारी भी शामिल रहेंगे।

**क्षेत्रीय प्रचारक अनिल कुमार से मिलने पीजीआई पहुंचे भागवत**

सर संघचालक मोहनराव भागवत ने शुक्रवार को एसजीपीजीआई में संघ के पूर्वी क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रचारक अनिल कुमार से मुलाकात की। अनिल कुमार का बीते दिनों से अस्वस्थ हैं।

# अब फुल पैंट-शर्ट पहनकर आएंगे प्रदेश के प्राइमरी स्कूलों के बच्चे, सरकार ने जारी किए निर्देश

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



बच्चों को संचारी रोगों से बचाव के लिए योगी सरकार ने निर्देश दिए हैं कि परिषदीय विद्यालयों के छात्रों को फुल पैंट शर्ट में आने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। विद्यालय प्रांगण में पानी का जमाव न होने दिया जाए। मच्छरों से संबंधित फागिंग कराई जाए। साथ ही नोडल अध्यापक के माध्यम से छात्रों को डेंगू, मलेरिया व चिकनगुनिया जैसी बीमारियों से बचाव के लिए जागरूक किया जाए। उल्लेखनीय है कि सीएम योगी के निर्देश पर बेसिक शिक्षा निदेशक डॉ. महेंद्र देव की ओर से सभी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को पत्र जारी कर कहा गया है कि तीन अक्टूबर से शुरू हो रहे संचारी रोग नियंत्रण अभियान में बेसिक शिक्षा विभाग भी अपनी सक्रिय भूमिका निभाए। परिषदीय स्कूलों व निजी स्कूलों में संचारी रोगों के प्रति जागरूकता को लेकर गतिविधियां आयोजित कराई जाएं। पत्र में निर्देशों का कड़ाई से पालन किए जाने को भी कहा गया है। पत्र में कहा गया है कि परिषदीय विद्यालयों के छात्रों को निर्देश दिए जाएं कि वह विद्यालय फुल पैंट शर्ट पहनकर आएं, जिससे कि मच्छरों से फैलने वाली बीमारी जैसे डेंगू, मलेरिया इत्यादि से बचा जा सके। साथ ही ये भी निर्देश दिए गए हैं कि यदि विद्यालय में अत्यधिक संख्या में छात्र-छात्राएं बुखार से पीड़ित हों तो तत्काल पीएचसी को सूचित करते हुए डॉक्टर से चिकित्सीय परीक्षण एवं समुचित उपचार सुनिश्चित कराया जाए।

**विद्यालय और आसपास न हो जलभराव**

संचारी रोग खासकर मलेरिया, डेंगू इत्यादि के नियंत्रण व रोकथाम के लिए आवश्यक है कि परिषदीय विद्यालयों के प्रांगण के साथ-साथ उसके आसपास की जगहों पर साफ-सफाई की पूर्ण व्यवस्था की जाए। चूंकि डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियां जलभराव के कारण होती हैं, इसलिए विद्यालय प्रांगण व आसपास कहीं भी जलभराव न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। विद्यालय में गमलों, टायरों, बोलतों आदि में लगाए गए पौधों में भी पानी जमा न हो यह सुनिश्चित किया जाए। स्थानीय निकाय के पदाधिकारियों से समन्वय स्थापित कर विद्यालय में मच्छरों से संबंधित फागिंग कराई जाए।

**प्रत्येक स्कूल में हो नोडल अध्यापक**

प्रत्येक स्कूल में एक स्वास्थ्य नोडल अध्यापक तैनात किया जाए जो विद्यार्थियों को डेंगू, मलेरिया व चिकनगुनिया इत्यादि से बचाव के लिए जागरूक करे। स्वास्थ्य नोडल अध्यापक समय-समय पर स्वास्थ्य विभाग से समन्वय कर बीमारियों से बचाव के उपाय भी बताए। साथ ही विभिन्न कक्षाओं में शिक्षक वाट्सएप ग्रुप बनाकर अभिभावकों को उससे जोड़ें और समय-समय पर उन्हें जागरूक करने के लिए वीडियो भेजें। आनलाइन मीटिंग के माध्यम से भी उन्हें सतर्क करें।

# 40 की रफ्तार से अधिक तेज दौड़ाए स्कूली वाहन तो होगी कारवाई, स्कूल की मान्यता हो सकती है निरस्त

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर परिवहन विभाग के पास स्कूली वाहन चालकों की आ रही शिकायतों को लेकर सख्त रवैया अख्तियार किया है। ड्राइवरों की मनमानी को गंभीरता से लेते हुए आरटीओ ने सख्त निर्देश जारी किए हैं कि विभाग के इंटरसेप्टर से स्कूल वाहनों की चेकिंग में 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से अधिक पाए जाने पर स्कूल की मान्यता कैंसिल करने तक की सिफारिश की जाएगी। स्कूली वाहनों पर परिवहन विभाग की ओर से शिकंजा कसने की तैयारी की जा रही है। स्कूली वाहनों की ओवरस्पीडिंग पाए जाने पर विभाग की ओर से स्कूल की मान्यता रद्द करने के लिए शिक्षा विभाग को पत्र लिखा जाएगा। शिक्षा विभाग से कार्रवाई का अनुरोध किया जाएगा। बता दें कि ड्राइवर स्कूली वाहनों में लगे स्पीड गवर्नर से छेड़छाड़ कर रहे हैं। स्कूली वाहनों के लिए 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार तय है, फिर भी ड्राइवर 70 से 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से वाहनों को चला रहे हैं। जिससे हादसे की आशंका बनी रहती है। चालकों की इस मनमानी पर कार्रवाई होगी, जिसके बाद ही वाहन स्वामी सुधरेंगे और स्कूल प्रबंधन भी इसे गंभीरता से लेगा। आरटीओ संदीप कुमार पंकज ने बताया कि स्कूली वैन और बसों के तय से अधिक रफ्तार से चलाने तथा क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाना नियमों का उल्लंघन है। जिसके लिए वाहन मालिक व स्कूल प्रबंधन जिम्मेदार है। बच्चों की सुरक्षा में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# जी–20 का घोषणापत्र कार्रवाई का आह्वान है

**इन सभी प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में महिला सशक्तिकरण के लिए डिजिटल कौशल एक महत्वपूर्ण विषय रहा। डिजिटल जेंडर डिवाइड को पाटने की प्रधानमंत्री मोदी की प्रतिबद्धता ने 2 से 4 अगस्त, 2023 तक आयोजित एमसीडब्ल्यूई के दौरान महिलाओं के डिजिटल कौशल पर ध्यान केंद्रित करते हुए अभूतपूर्व टेक इक्विटी प्लेटफॉर्म के शुभारंभ में योगदान दिया। इसके अलावा, इसकी निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए डिजिटल कौशल मंच की पहुंच का विस्तार करने के वास्ते एमसीडब्ल्यूई में जी–20 देशों के साथ साझेदारियां स्थापित की गईं।**

*वैश्विक राजनीतिक एवं कूटनीतिक परिदृश्य में कुछ क्षण ऐसे भी आते हैं, जो आशा और उन्नति की किरण साबित होते हैं। जी-20 नेताओं का वर्ष 2023 का नई दिल्ली घोषणापत्र भी ऐसी ही एक युगांतकारी घटना है, जो दुनिया भर में महिला-पुरुष समानता तथा लड़कियों और महिलाओं के सशक्तिकरण के प्रति ऐतिहासिक प्रतिबद्धता व्यक्त करता है। भारत की अध्यक्षता में जी-20 के नेताओं ने जी-20 महिला मंत्रिस्तरीय सम्मेलन का समर्थन करते हुए महिलाओं के सशक्तिकरण से संबंधित एक कार्य समूह के गठन पर सहमति प्रकट की। यह उपलब्धि महिला-पुरुष समानता के महत्व को स्वीकार करने और वैश्विक स्तर पर महिला-पुरुष असमानताओं को दूर करने की तत्काल ध्यान देने योग्य आवश्यकता को गहन रूप से प्रतिध्वनित करती है। भारत की अध्यक्षता में जी-20 प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अमृतकाल के विजन से प्रेरित रहा, जहां अर्थव्यवस्था और समाज के सभी क्षेत्रों में नारी शक्ति को सराहा जाता है। इस विजन के आधार पर भारत की जी-20 की अध्यक्षता ने पहली बार महिलाओं के विकास की जगह, अपना ध्यान महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास पर केंद्रित किया। महिला-पुरुष समानता के पक्षधर दशकों से इस महत्वपूर्ण मुद्दे को वैश्विक एजेंडे में सबसे आगे लाने का प्रयास करते आए हैं। उनकी यह यात्रा लंबी और चुनौतीपूर्ण रही है और उन्हें इस रास्ते में अनेक अड़चनों का सामना करना पड़ा है। अपने 2023 के घोषणापत्र में महिला-पुरुष समानता को केंद्रीय विषय के रूप में शामिल करने का जी-20 का सर्वसम्मत निर्णय दुनिया भर के नेताओं, सरकारों, सिविल सोसाइटी और हितधारकों के अथक प्रयासों और अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय दुनिया भर में महिलाओं के समक्ष आने वाले सबसे प्रासंगिक मुद्दों पर विचार-विमर्श करने के लिए जी-20 और अतिथि देशों तथा अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधियों और वक्ताओं के अलावा महिला पथ प्रदर्शकों, उद्यमियों, नवोन्मेषियों, वैज्ञानिकों, जमीनी स्तर की महिला नेताओं तथा फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं, निजी क्षेत्र, सिविल सोसाइटी, शिक्षाविदों, अनुसंधान संस्थानों, रक्षा प्रतिष्ठानों और राज्य सरकारों को एक मंच पर लाया। मंत्रालय द्वारा निर्धारित चार प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिनमें शिक्षा- महिला सशक्तिकरण के प्रति आमूल-चूल बदलाव लाने वाला मार्ग, महिला उद्यमिता- इक्विटी और अर्थव्यवस्था के लिए लाभपूर्ण स्थिति, जमीनी स्तर सहित सभी स्तरों पर महिलाओं के नेतृत्व को बढ़ावा देने के लिए साझेदारियां करना तथा जलवायु अनुकूलन कार्रवाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वालों में महिलाएं और लड़कियां-शामिल हैं। इन सभी प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में महिला सशक्तिकरण के लिए डिजिटल कौशल एक महत्वपूर्ण विषय रहा है। इन क्षेत्रों पर जी-20 एम्पॉवर पहल और डब्ल्यू-20 सहभागिता समूह द्वारा चर्चा और विचार-विमर्श किया गया। इन बैठकों के मुख्य निष्कर्षों ने महिला-पुरुष समानता के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धताओं को प्रतिबिंबित किया, जिन्हें महिला सशक्तिकरण पर मंत्रिस्तरीय सम्मेलन के अध्यक्ष के वक्तव्य में अंगीकार किया गया और अंततः उसे जी-20 नेताओं के घोषणापत्र में पुख्ता स्थान दिया गया। यह कोई मामूली उपलब्धि नहीं है। अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों और अन्य हितधारकों के साथ सर्वसम्मति कायम करना और बातचीत करना कठिन कार्य रहा। विकासशील देशों की दृष्टि से महत्वपूर्ण मुद्दे प्रायः विकसित देशों के साथ समान रूप से प्रतिध्वनित नहीं होते।*

## एक्सप्रेस आलेख

**निश्चित सनातन एक उन्नत विचार एवं जीवन–दर्शन है। जो तत्व सदा, सर्वदा, निरंजन, निर्विकार और सदैव स्वरूप में स्थित रहता है, उसे सनातन या शाश्वत सत्य कहते हैं। वेदों का ब्रह्म और गीता का स्थितप्रज्ञ ही शाश्वत सत्य हैं। जड़, प्राण, मन, आत्मा और ब्रह्म शाश्वत सत्य की श्रेणी में आते हैं। सृष्टि एवं ईश्वर (ब्रह्म) अनादि, अनंत और सर्वविभु हैं। जिस प्रकार आकाश, वायु, जन, अग्नि और पृथ्वी शाश्वत सत्य की श्रेणी में आते हैं, जो अपना स्वरूप बदलते हैं किन्तु समाप्त नहीं होते, ठीक उसी तरह सनातन सत्य भी हैं। सत्य, अहिंसा, त्याग और परोपकार इसी सनातन धर्म के मूलमंत्र हैं। समाज को समरस बनाने में सनातन धर्म की बहुत बड़ी भूमिका है।**

# सनातन किसी मजहब का पर्याय नहीं है इसकी तुलना बीमारी से करना बौखलाहट



ललित गर्ग

**आकाश में पैबन्द लगाना चाहते हैं और सच्छिद्र नाव पर सवार होकर सागर की यात्रा करना चाहते हैं। जब भी ऐसे विवाद खड़े किये जाते हैं, विरोधी आरोपों एवं विरोध से सबसे पहले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को घेरने की कोशिश करते हैं। जबकि संघ की शालीनता एवं विशेषता है कि वह अक्सर आरोपों एवं विरोध पर प्रतिक्रिया नहीं देता।**

लोकसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आते जा रहे हैं, विभिन्न राजनीतिक दलों एवं उनके नेताओं की बौखलाहट बढ़ती जा रही है। इसी बौखलाहट का नतीजा है सनातन धर्म की बीमारी से तुलना करना। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे और खेल मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने विवादास्पद बयान में सनातन धर्म की तुलना डेंगी, मच्छर, मलेरिया, और कोविड से करते हुए असंख्य सनातनधर्मियों की आस्था पर कुठाराघात किया है। उनकी ही पार्टी डीएमके के सांसद ए राजा ने तो हदें ही लांघ दी है, वे कहते हैं कि हिंदू धर्म 'न सिर्फ भारत बल्कि पूरी दुनिया के लिए अभिशाप है।' इन डीएमके नेताओं के बयानों से जब विवाद संभला नहीं तो उन्होंने सफाई दी, लेकिन अपनी बात पर अड़े रह कर उदयनिधि ने कहा कि उन्होंने सनातन धर्म की बुराइयों को खत्म करने की बात कही है, न कि इसे मानने वालों को। जब कोई विवाद खड़ा किया जाता है, तो उसका व्यापक असर होता है, जनभावनाएं आहत एवं लहूलुहान होती है। फिर ऐसी स्थितियों में डॉ. भीमराव आंबेडकर जैसे महापुरुषों को आधार बनाकर अपनी कहीं बातों से किनारा पाने की कुचेष्ठा भी होती है, ये स्थितियां भारतीय राजनीति की विडम्बना एवं विसंगति है। राजनीतिक स्वार्थों एवं संकीर्णताओं के चलते भारत की हजारों साल पुरानी संस्कृति एवं परम्परा को धुंधलाने एवं झुठलाने के ये षड़यंत्र राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता की बड़ी बाधा है। असल में लोकतांत्रिक समाज में राजनीतिक दलों को हमेशा ऐसे संवेदनशील एवं भावनात्मक मुद्दों की तलाश रहती है, जिससे बड़े पैमाने पर वोटरों को प्रभावित किया जा सके। धार्मिक मुद्दे इस पैमाने पर बिल्कुल ठीक बैठते हैं। लेकिन ऐसा भी नहीं है कि धार्मिक मुद्दों का हमेशा राजनीतिक फायदा हो ही, कभी-कभी लाभ की जगह नुकसान भी झेलना पड़ जाता है। ताजा सनातन मामला अब न्यायालय में विचाराधीन है, सनातन धर्म को लेकर जारी विवाद के बीच मद्रास हाईकोर्ट ने एक अहम टिप्पणी में कहा है कि सनातन धर्म शाश्वत कर्त्तव्यों का समूह है जिसमें देश के प्रति कर्त्तव्य, राजा का कर्त्तव्य, राजा के जनता के प्रति कर्त्तव्य, माता-पिता और गुरुओं के प्रति कर्त्तव्य और गरीबों की देखभाल और कई अन्य कर्त्तव्य हैं। कोर्ट ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जब धर्म को लेकर कोई टिप्पणी की जाती है तो उसमें ध्यान रखना चाहिए कि उससे किसी की भावनाएं आहत नहीं होनी चाहिए। हाईकोर्ट ने यह भी कहा है कि संविधान में बोलने की आजादी मिली हुई है लेकिन बोलने की आजादी नफरत में नहीं बदलनी चाहिए। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता घृणित भाषण नहीं हो सकती। यदि इसे नजरंदाज किया जाता है तो किसी भी बहस की दिशा पटरी से उतर जाएगी और इसके पीछे का उद्देश्य अपना महत्व खो देगा। अभियव्यक्ति की स्वतंत्रता निष्पक्ष और स्वस्थ सार्वजनिक बहसों को प्रोत्साहित करती है तो इससे समाज को आगे बढ़ने में मदद मिलेगी। जो कुछ भी चल रहा है उस पर चिंता व्यक्त करते हुए न्यायालय इस पर अपने विचार व्यक्त करने से खुद को रोक नहीं सकता। सनातन धर्म पर विवाद निरर्थक है। हम को सब समाज में व्याप्त बुराइयों को खत्म करने के लिए संकल्प लेकर चलना होगा ताकि उन बुराइयों का उन्मूलन किया जा सके और सामाजिक न्याय का सपना साकार हो सके। वोट बैंक के लिए आक्रामक भाषा का इस्तेमाल देश के लिए अच्छा नहीं होता। न्यायमूर्ति शेषशायी ने 15 सितंबर को पारित एक आदेश में लिखा यह न्यायालय सनातन धर्म के समर्थक और विरोधी पर बहुत मुखर और समय-समय पर होने वाली शोर-शराबे वाली बहसों के प्रति सचेत है। इसने मोटे तौर पर सनातन धर्म को 'शाश्वत कर्तव्यों' के एक समूह के रूप में समझा है, और इसे किसी एक विशिष्ट साहित्य से नहीं जोड़ा जा सकता है, लेकिन इसे कई स्त्रोतों से इकट्ठा किया जाना चाहिए, जो या तो हिंदू धर्म से संबंधित हैं, या जिन्हें हिंदू जीवन शैली का पालन करने वाले लोग स्वीकार करते हैं। वास्तव में देखा जाये तो सनातन एक शाश्वत धर्म है, जीवन का सत्य है। विज्ञान भी सनातन सत्य को पकड़ने में अभी तक कामयाब नहीं हुआ है, किन्तु वेदांत में उल्लेखित जिस सनातन सत्य की महिमा का वर्णन किया गया है, विज्ञान भी धीरे-धीरे उससे सहमत होता नजर आता है। सनातन धर्म के सत्य को जन्म देने वाले अलग-अलग काल में अनेक ऋषि हुए हैं। जिन्होंने सत्य को जैसा देखा, वैसा कहा। सभी ऋषियों की बातों में एकरूपता है। जो इन ऋषियों की बातों को एवं सत्य को समझ नहीं पाते, वही उनमें भेद करते हैं, विवाद करते हैं। असल में भेद एवं विवाद भाषाओं में होता है, अनुवादकों में होता है, संस्कृतियों में होता है, परम्पराओं में होता है, सिद्धान्तों में होता है, राजनीतिक सोच एवं संकीर्णताओं में होता है, लेकिन सत्य में नहीं। सनातन एक सत्य है, उसमें भेद एवं विवाद करने वाले बुद्धि के दिवालियपन के शिकार है। इस तरह के आधारहीन विवादों को उछालने वाले राजनीतिक दल एवं नेता उजालों पर कालिख पोतने का ही प्रयास करते हैं। इस प्रकार की उद्देश्यहीन, उच्छृंखल, विध्वंसात्मक सोच से किसी का हित सधता हो, ऐसा प्रतीत नहीं होता। ऐसा प्रतीत होता है कि ऐसे समाज एवं राष्ट्र को तोड़ने वाली कुचेष्ठाएं करने वालों की आंखों में किरणें आंज दी जाएं तो भी वे यथार्थ को नहीं देख पाते। क्योंकि उन्हें उजाले के नाम से एलर्जी है। तरस आता है समाज में बिखराव करने वाले ऐसे लोगों की बुद्धि पर, जो सूरज के उजाले पर कालिख पोतने का असफल प्रयास करते हैं।



**व्यक्ति में परमात्मा के दर्शन करने की शिक्षा देता है। सनातन धर्म कहता है कि गलतियां करें तब भी सच्चे मन से कोशिश करें कि फिर उन्हें न दोहरायें। सनातन धर्म सिर्फ एक धर्म नहीं अपितु जीवन जीने का एक योजनाबद्ध क्रम, कला व तरीका है।**




*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | अष्टमी 12:18 तक |
| नक्षत्रः | मूल 14:56 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | शनिवार |
| योगः | सौभाग्य, 21:30 |
| सूर्योदयः | 06:10 |
| सूर्यास्तः | 18:16 |
| चंद्रमाः | धनु राशि में |
| राहुकालः | 09:12-10:42 |
| विक्रमी संवत्: | 2080 |
| शक सम्वतः | 1944 |
| मासः | भाद्रपद |
| शुभ मुहूर्तः | 11:49-12:37 |

# जन एक्सप्रेस

**है मचा बवाल !**

*अमर्यादित शब्दों का ।*
*किया इस्तेमाल ।।*
*हुआ नोटिस जारी ।*
*है मचा बवाल ।।*
*कुछ लोगों ने ठाना है ।*
*करना नहीं सुधार ।।*
*मनमानी तो कर दिया ।*
*फिर दिखा इस बार ।।*
*हुआ ना असर ।*
*भले कोशिश लाख ।।*
*ना इसकी है चिंता ।*
*घटे भले ही साख ।।*
*लेकर के संज्ञान ।*
*खड़ा करें कतार ।।*
*बोलचाल की भाषा का ।*
*ये कैसा आधार ?*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस कविता

*ना करो अन्न की बर्बादी, भुखमरी पर है यह भारी, चारों तरफ छाई है गरीबी, भुखमरी और बेचारी, भोजन की अनावश्यक बर्बादी पूरी दुनिया पर पड़ रही है भारी। थाली में लो भोजन उतना खा सको हो तुम जितना, खाना थोड़ा तुम कम खा लो, गरीबों, लाचारों को भूखे मरने से बचा लो, उतना ही खाओ जितना पचा लो, थाली में ना छोड़ो तुम अन्न को ना करो बेइज्जती अन्न उगाने वालों की मेहनत, मशक्कत को। थाली में अन्न छोड़ना पड़ता है भारी, बढ़ती है संक्रामकता और तेज होती इससे बीमारी। पर्यावरण की सुरक्षा भी है हमें करना गरीबों के लिए भोजन सुरक्षित है हमें रखना। आओ आज से शपथ लें, अन्न और भोजन की करेंगे हम हर तरह सुरक्षा, भूखो की इस तरह करेंगे रक्षा।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

*एक दिए से दूसरा दिया जलाने से दिए की उम्र कम नहीं होती, खुशियां बांटने से कभी कम नहीं होती।*

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# लिबिडो बढ़ाने के लिए महिलाएं करें इन 5 फूड्स का सेवन, सेक्सुअल हेल्थ में होगा सुधार

**कई** बार महिलाएं कम यौन इच्छा जैसी समस्याओं से ग्रसित हो जाती है। ऐसा होने से शादीशुदा जिदंगी पर असर पड़ने के साथ कई बार आपसी तनाव भी बढ़ता है। लो सेक्स ड्राइव के कई कारण हो सकते हैं जैसे पोषक तत्वों की कमी, हार्मोनल असंतुलन, खराब लाइफस्टाइल और चिंता। कई बार महिलाएं इस विषय पर किसी से भी बात करने से भी हिचकती है। ऐसे में महिलाओं में कामेच्छा को बढ़ाने के लिए हेल्दी लाइफस्टाइल को फॉलो करने के साथ कुछ फूड्स का भी सेवन किया जा सकता हैं। यह फूड्स महिलाओं में सेक्सुअल हेल्थ को बढ़ाते हैं। यह सभी घर पर आसानी से मौजूद होते हैं। ऐसे में इन फूड्स का सेवन किया जा सकता हैं। महिलाओं में कामेच्छा बढ़ाने के लिए किन फूड्स का सेवन करना चाहिए। इस बारे में जानने के लिए हमने बात की शारदा क्लीनिक के फिजिशियन डॉक्टर केपी सरदाना से।




**सेब:** सेब शरीर के लिए बहुत फायदेमंद होता है, ये तो अधिकतर लोग जानते हैं। लेकिन क्या आप ये जानते हैं कि इसके सेवन से महिलाओं में लिबिडो बढ़ाने में मदद मिलती है। सेब के नियमित सेवन से महिला सेक्स ड्राइव पर सकारात्मक प्रभाव डालता है और सेक्सुअल हेल्थ में सुधार होता है।

**मेथी:** मेथी शरीर की कई समस्याओं को दूर करती हैं। मेथी का इस्तेमाल सेक्स ड्राइव को बढ़ाने के लिए किया जा सकता है। मेथी के सेवन से शरीर की कई समस्याएं दूर होने के साथ ब्लड शुगर लेवल भी कंट्रोल रहता है। मेथी के सेवन से वजन भी कंट्रोल में रहता है।

**चॉकलेटः** चॉकलेट अधिकतर महिलाओं को काफी पसंद होती है। महिलाएं इसका सेवन कामेच्छा बढ़ाने के लिए कर सकती हैं। चॉकलेट में मौजूद फ्लेवोनॉयड्स तत्व एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होता हैं। ये शरीर के ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ाने के साथ सूजन से भी राहत देते हैं। इसके सेवन से महिलाओं में उत्तेजना के साथ कामेच्छा भी बढ़ सकती हैं।

**एवोकाडो:** एवोकाडो शरीर के लिए फायदेमंद होने के साथ महिलाओं में कामेच्छा को बढ़ाता है। एवोकाडो में भरपूर मात्रा में विटामिन ई पाया जाता है, जो कामेच्छा को बढ़ाने के साथ मूड को भी बेहतर करता है। एवोकाडो के सेवन से शरीर की सूजन भी कम होती है।

**तरबूजः** महिलाएं लिबिडो को बढ़ाने के लिए तरबूज का भी सेवन कर सकती हैं। तरबूज खाने से शरीर की कई समस्याएं दूर होने के साथ शरीर भी फिट रहता है। तरबूज में पाए जाने वाले अमिनो एसिड शरीर के रक्त प्रवाह को बेहतर करने के साथ महिलाओं में कामेच्छा को बढ़ाते हैं। महिलाओं में लिबिडो बढ़ाने के लिए इन फूड्स का सेवन किया जा सकता हैं। हालांकि, अगर आपको कोई बीमारी या एलर्जी की समस्या हैं, तो डॉक्टर से पूछकर ही इसका सेवन करें।

## एक्सप्रेस विशेष

# आधी आबादी, बड़ी आजादी



डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

**पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति–जनजाति के सर्वाधिक प्रतिशत विधायक, सांसद और मंत्री भाजपा के हैं। पिछड़े दलितों के लिए लोकसभा में दहाड़ने वालों को यह बताना चाहिए कि उन्हें इस वर्ग की महिलाओं को तीस प्रतिशत टिकट देने में क्या कठिनाई रही है।**

**ओबीसी के लिए बोलने का दावा करने वालों को पता होना चाहिए कि यह भाजपा ही है जिसने देश को ओबीसी प्रधानमंत्री दिया है। सोनिया गांधी ने महिला बिल का पूरा श्रेय लेने की कोशिश की और बिल के पास होने से पहले जाति जनगणना, एससी, एसटी और ओबीसी महिलाओं कोटा देने की मांग की। लोकसभा में भाजपा सदस्य निशिकांत दुबे ने उनकी सभी दलीलों को खारिज कर दिया।**

**यह** देश की महिलाओं की लिए वाकई में गर्व करने के लिए सबसे बड़ा पल है। आखिरकार 21 सितंबर को लोकसभा और विधानसभाओं में उनके लिए एक तिहाई आरक्षण सुनिश्चित होने का रास्ता साफ हो गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 128वें संविधान संशोधन विधेयक के गुरुवार को संसद से पारित होने को देश की लोकतांत्रिक यात्रा का एक ऐतिहासिक क्षण बताया और कहा कि यह भारत की महिलाओं के लिए मजबूत प्रतिनिधित्व और सशक्तिकरण के युग की शुरुआत है। उन्होंने यह टिप्पणी विधेयक को राज्यसभा से मंजूरी मिलने के बाद की।लोकसभा ने बुधवार को ही इसे मंजूरी दे दी थी। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा-हमारे देश की लोकतांत्रिक यात्रा में एक निर्णायक क्षण। 140 करोड़ भारतीयों को बधाई। उन्होंने इस विधेयक के पक्ष में मतदान करने वाले सभी सदस्यों का आभार जताया और कहा कि इस तरह का सर्वसम्मत समर्थन वास्तव में खुशी देने वाला है। उन्होंने कहा-संसद में नारी शक्ति वंदन विधेयक के पारित होने के साथ, हम भारत की महिलाओं के लिए मजबूत प्रतिनिधित्व और सशक्तिकरण के युग की शुरुआत कर रहे हैं। यह केवल एक विधेयक नहीं है, यह उन अनगिनत महिलाओं के लिए एक श्रद्धांजलि है जिन्होंने हमारे राष्ट्र को बनाया है। भारत उनके लचीलेपन और योगदान से समृद्ध हुआ है। यह बिलकुल सच है कि मोदी सरकार ने दशकों से लंबित अनेक योजनाओं को पूर्णता तक पहुंचाया है। इस विधेयक के पारित होने से इसमें नया अध्याय जुड़ गया है। नए संसद भवन का निर्माण मोदी सरकार का ऐतिहासिक कार्य है। इसके प्रथम सत्र में भी इतिहास बना। लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम विधेयक 454 वोट से पारित हुआ। विरोध में मात्र दो मत पड़े। महिला आरक्षण बिल लाने का यह पांचवां प्रयास था। देवगौड़ा से लेकर मनमोहन सिंह के कार्यकाल तक चार बार इस विधेयक को लाने का प्रयास किया गया। हंगामा हुआ। मारपीट हुई। इसी के साथ यह ओझल हो गया। अब प्रधानमंत्री मोदी के प्रयास से यह अंजाम तक पहुंचा। वस्तुतः इससे पहले जो प्रयास हुए उनमें नेकनीयत का अभाव था। अनेक नेताओ ने इसे अपनी राजनीति का माध्यम बना लिया था। उनकी रुचि महिला आरक्षण में नहीं थी। इसके नाम पर वह मात्र राजनीति कर रहे थे। सत्ता पक्ष के तर्कों ने इनकी राजनीति बंद कर दी। वर्तमान में लोकसभा सदस्य सामान्य, एससी, एसटी तीन श्रेणियों में चुने जाते हैं। अब महिलाओं के लिए एक तिहाई सीटें आरक्षित हो जाएंगी। अमित शाह ने ठीक कहा कि परिसीमन आयोग देश की चुनावी प्रक्रिया को निर्धारित करने वाली एक महत्वपूर्ण कानूनी इकाई है। पारदर्शिता के लिए जरूरी है कि परिसीमन आयोग यह काम करे। इसके पीछे की वजह सिर्फ पारदर्शिता सुनिश्चित करना है। ओबीसी के लिए बोलने का दावा करने वालों को पता होना चाहिए कि यह भाजपा ही है जिसने देश को ओबीसी प्रधानमंत्री दिया है। सोनिया गांधी ने महिला बिल का पूरा श्रेय लेने की कोशिश की और बिल के पास होने से पहले जाति जनगणना, एससी, एसटी और ओबीसी महिलाओं कोटा देने की मांग की। लोकसभा में भाजपा सदस्य निशिकांत दुबे ने उनकी सभी दलीलों को खारिज कर दिया। ओबीसी दलितों के नाम पर राजनीति करने वालों को अमित शाह ने जबाब दिया। उन्होंने कहा कि पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति-जनजाति के सर्वाधिक प्रतिशत विधायक, सांसद और मंत्री भाजपा के हैं। पिछड़े दलितों के लिए लोकसभा में दहाड़ने वालों को यह बताना चाहिए कि उन्हें इस वर्ग की महिलाओं को तीस प्रतिशत टिकट देने में क्या कठिनाई रही है।



# मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए सावधानी बरतें : जिलाधिकारी

* नालियों की सफाई कूड़े का निस्तारण, कीटनाशक व एंटी लार्वा के छिड़काव की हुई शुरुआत

**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी**

### मच्छर जनित पानी की टंकी ढक कर रखें : डीएम

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि मच्छर जनित बीमारियों को लेकर सावधानी बरतने व स्वच्छता बनाए रखने की जरूरत है।प्रशासनिक स्तर पर एहतियातन सभी संभव कदम उठाए जा रहे हैं। स्वच्छता की मुहिम में नागरिक भी अपनी भागीदारी निभाते हुए एक जगह पर पानी को एकत्रित न होने दें व अपने आस पास साफ-सफाई रखें। नालियों की सफाई रखें। साप्ताहिक अन्तराल पर फ्रिज की ट्रे की सफाई करें। कचरेदानी को ढ़क कर रखें। कूलर की साप्ताहिक सफाई करें।पुराने टायरों में पानी न भरने दें। गमलों/क्यारियों की नियमित सफाई करें। मच्छरदानी का प्रयोग करें।

आयुक्त डॉ रोशन जैकब और डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के निर्देश पर शुक्रवार को शहरी क्षेत्र के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी साफ सफाई अभियान चलाने के साथ ही मच्छरों को पनपने से रोकने के लिए एंटीलार्वा दवाओं के छिड़काव के साथ ही फागिंग का कार्य भी कराया गया। लखीमपुर नगर पालिका प्रशासन ने शुक्रवार को नालियों की सफाई कूड़े का निस्तारण, कीटनाशक व एंटी लार्वा के छिड़काव की शुरुआत हुई। मोहल्ला नई बस्ती, बहादुर नगर और महाराज नगर समेत अन्य क्षेत्रों में अधिशासी अधिकारी संजय कुमार के नेतृत्व में एंटी लार्वा का छिड़काव हुआ। ईओ ने बताया कि एंटी लार्वा के छिड़काव के साथ ही नागरिकों को साफ सफाई के प्रति जागरूक भी किया गया। आमजन को मच्छर जनित बीमारियों से बचाव हेतू उपाय भी बताए गए। बताते चले कि जिले के अन्य नगर निकाय यथा मोहम्मदी, पलिया, गोला, ओयल, खीरी टाउन, सिंगाही, भीरा, मैलानी, धौरहरा, बरबर, निघासन में भी संबंधित अधिशासी अधिकारियों ने स्वयं अपनी देखरेख में भ्रमणशील रहकर विभिन्न मोहल्ले में एंटी लार्वा के छिड़काव कराया। साथ ही नागरिकों को साफ सफाई के प्रति जागरूक भी किया। जिसकी जीओ टैग फोटोस के साथ प्रॉपर रिपोर्टिंग भी कर रहे। जिसका जिला स्तर पर सघन अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण भी किया जा रहा है।

## एसडीएम अवनीश कुमार की अध्यक्षता में मीटिंग करके पराली ना जलाने के लिए किसानों को किया गया जागरूक

**जन एक्सप्रेस । सिदाकत मंसूरी**



**मोहम्मदी खीरी।** तहसील मोहम्मदी क्षेत्र के अंतर्गत गोला मोहम्मदी रोड स्टेट हाइवे पर स्थित सरदार जी पैलेस पिपरिया धनी में शुक्रवार को उपजिलाधिकारी मोहम्मदी डॉ0 अवनीश कुमार की अध्यक्षता में एक मीटिंग पराली प्रबंधन के संबंध में आयोजित की गई। मीटिंग में उपजिलाधिकारी द्वारा समस्त कृषको व ग्रामवासियों व किसानों को पराली न जलाने के लिए जागरूक किया गया और अपील की गई आप लोग पराली ना जलाये व फसल अवशेष प्रबंधन की विभिन्न तकनीकी विधियों का उपयोग करते हुए फसल अवशेष का निस्तारण कर भूमि की उर्वरा शक्ति को बढ़ाने व सरकार के द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में बताया गया और किसानों से अपील की गई कि आप लोग एसएमएस वाली ही कंबाइन से ही अपना धान कटाएं तथा किसानों द्वारा भी अपने अपने विचार व्यक्त किये गए। मौके पर राजस्व निरीक्षक सतीश चंद्र मिश्रा ,क्षेत्रीय लेखपाल रोहित राज, लेखपाल राममूर्ति गिरी,दीपक वर्मा,अमरीश राज ,रणधीर सिंह,अनूप वर्मा,निर्भय वर्मा व कृषि विभाग के कर्मचारी विजयपाल वर्मा व सरदार जी पैलेस के संचालक पलविंदर सिंह व ग्राम प्रधान नरेंद्र कुमार, गुरपाल सिंह,कृष्ण कुमार अवस्थी व क्षेत्रीय किसान गुरजीत सिंह, कुलवंत सिंह, मंदीप सिंह ,कृपाल सिंह,आत्माराम आदि मौके पर उपस्थित रहे ।

## फास्ट फॉरवर्ड

### गणेश चतुर्थी के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के तहत नन्हे-मुन्ने कलाकारों ने धमाल मचाया



**जन एक्सप्रेस/महमूदाबाद/सीतापुर।** चल रहे गणेशोत्सव के दौरान नगर में स्थापित पूजा पंडालों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के तहत एक तरफ नन्हे-मुन्ने कलाकारों ने धमाल मचाया वहीं दूसरी तरफ भजन संध्या में धार्मिक गीतों के माध्यम से गायकों ने श्रोताओं को देर रात तक मंत्रमुग्ध किया। सैकड़ों भक्तों ने अपनी मनौती की पाती भगवान गणेश को सौंपी। गणेशोत्सव में पधारे कलाकारों ने अपनी मधुर आवाज में भजनों की धुन पर श्रोताओं को देर रात तक भक्ति में सराबोर किया। नगर के नई बाजार उत्तरी स्थित रामजानकी मंदिर परिसर में चल रहे अष्टम गणेश पूजा के दौरान सायंकालीन आरती के पश्चात बच्चों ने आकर्षक भाव नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोहा। भावनृत्य प्रतियोगिता के दौरान मौजूद दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से बाल कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। समिति के सत्यम तिवारी, राहुल गुप्ता ने अपने साथियों के साथ कार्यक्रम में पधारे सीता ग्रुप आफ एजुकेशन के चेयरमैन आरके वाजपेयी, पूर्व चेयरमैन सुरेश वर्मा, कृतार्थ मिश्र, हरीश मिश्र, अशोक नाग, ओमप्रकाश गुप्त, विनोद पांडेय का स्वागत पटका व स्मृतिचिन्ह भेंटकर किया। नई बाजार दक्षिणी स्थित गणेश पूजन पांडाल में समिति द्वारा एक शाम गजानन के नाम भजन संध्या का आयोजन किया गया। कानपुर से आयी शान सरताज एंड पार्टी के कलाकारों ने देर रात तक एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को भक्ति के सागर में सराबोर किया। रंगोली प्रतियोगिता में बच्चों के द्वारा आकर्षक रंगोली सजायी गयी। नगर के मनोहर लॉन में आयोजित गणेश पूजन महोत्सव के सांस्कृतिक पाण्डाल में भगवान गणेश की महाआरती के बाद वर्तिका तिवारी व राकेश प्रजापति ने भक्तिमय प्रस्तुति दी। गीतकारों ने मधुर आवाज में भगवान गणेश को समर्पित एक से बढ़कर एक भजन और गीत प्रस्तुत किए। भक्तों ने भी देर रात तक भगवान गणेश की भक्ति और जयकारे लगाये। इससे पूर्व गणेश जी के नाम पाती का कार्यक्रम आयोजित हुआ। भक्तों ने कागज पर अपनी मनोकामनाएँ लिखकर गणेश जी को समर्पित की। ठठेरी बाजार में स्थापित गणेश पूजन पांडाल में भी सायंकालीन आरती के पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

### एक युवक की ट्रेन से कट कर हुई दर्दनाक मौत



**जन एक्सप्रेस/शिव शंकर जायसवाल/निघासन खीरी।** तिकुनिया कोतवाली क्षेत्र के बेलरायां चौकी के अंतर्गत बेलरायां रेलवे स्टेशन के मालगोदाम के पास नीरज गुप्ता पुत्र राजेन्द्र निवासी हरद्वाही बेलरायां की सुबह मैलानी से चलकर नांनपारा जाने वाली ट्रेन से कटकर मौत हो गई जिसकी सुचना मृतक के परिजनो को दी गई जिससे घर में कोहराम मच गया सूचना पर तत्काल पहुंची पुलिस ने परिजनो की मदद से उपचार के लिए निघासन सीएचसी भेजा जहा डाक्टरों ने नीरज गुप्ता को मृत घोषित कर दिया, आपको बता दें सिंगाही थाना क्षेत्र के नीरज गुप्ता पुत्र राजेन्द्र गुप्ता हरद्वाही बेलरायां के निवासी हैं, नीरज गुप्ता उम्र करीब बीस वर्षीय सुबह अपने परिजनों से कुछ कहा सुनी हो गई थी जिससे नाराज नीरज गुप्ता ने बेलरायां रेलवे स्टेशन के मॉलगोदाम के पास जाकर ट्रेन की पटरी पर लेट गया जिससे मैलानी से चलकर नांनपारा जाने वाली ट्रेन से कट गया नीरज गुप्ता के दो टुकड़े हो जाने के बाद भी कुछ लोगों से मृतक नीरज गुप्ता ने बात चीत किया इस घटना की सुचना पर पहुंचे परिजनों ने आनन फानन में आटो से निघासन सीएचसी लेकर पहुंचे जहा डाक्टरों ने नीरज गुप्ता को मृत घोषित कर दिया, घटना स्थल पर मौजूद लोगो ने बताया कि बेलरायां रेलवे स्टेशन से ट्रेन तिकुनिया के लिए जाते समय रेल पटरी पर लेटा नीरज गुप्ता को ट्रेन चालक ने काफी देर तक हॉर्न बजाता रहा लेकीन नीरज नाम का युवक रेल पटरी से नही भगा, घटना से कुछ दूर पर मौजूद लोगो ने नीरज गुप्ता को बचाने के लिए रेल पटरी पर जबतक पहुंचे तबतक ट्रेन से कट चुका था, पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय लखीमपुर खीरी भेज दिया है।

### ग्राम सलेमपुर में इण्टरलाकिंग सड़क का लोकार्पण

**जन एक्सप्रेस/लखीमपुर खीरी।** केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय कुमार मिश्रा जी दिनांक 23.09.2023 से 25.09.2023 तक जनपद लखीमपुर में संसदीय कार्यालय लखीमपुर में जनता दर्शन कार्यक्रम, विभिन्न सड़कों का लोकार्पण एवं अन्य कार्यक्रमों में रहेंगे। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय कुमार मिश्रा दिनांक 23.09.2023 समय 10.00 बजे से 10.50 बजे तक संसदीय कार्यालय लखीमपुर में जनता दर्शन कार्यक्रम, समय 11.00 बजे युवराज दत्त महाविद्यालय लखीमपुर में स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के अन्तर्गत छात्र-छात्राओं को टैबलेट/लैपटाप वितरण कार्यक्रम, समय 12.00 बजे जिला समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक, समय 03.00 बजे ग्राम देउवापुर में इण्टरलाकिंग सड़क का लोकार्पण कार्यक्रम एवं समय 04.00 बजे विकासखण्ड लखीमपुर के ग्राम सलेमपुर में इण्टरलाकिंग सड़क का लोकार्पण एवं मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम में रहेंगे। दिनांक 24.09.2023 को समय 11.00 बजे विकासखण्ड लखीमपुर के ब्लाक प्रांगण में भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम, कानपुर द्वारा एडिप योजना के अन्तर्गत दिव्यांग लाभार्थियों को उपकरण वितरण कार्यक्रम एवं समय 01.00 बजे विकासखण्ड निघासन के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र निघासन में निःशुल्क स्वास्थ्य मेले एवं आयुष्मान कार्ड वितरण कार्यक्रम के आयोजन में रहेंगे तथा दिनांक 25.09.2023 समय 11.00 बजे नगर पंचायत ओयल के युवराज दत्त इण्टर कालेज ओयल में कक्ष का लोकार्पण करेंगे।

### स्कूलवार होगी स्वच्छता शपथ, निकलेगी प्रभात फेरी

**जन एक्सप्रेस/लखीमपुर खीरी।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत कचरा मुक्त भारत की थीम पर आधारित 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा अभियान के क्रियान्वयन के संबंध में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने अफसरों को दिशा निर्देश जारी किए। डीएम ने अभियान के नोडल अधिकारी डीपीआरओ सौम्याशील सिंह को निर्देश दिए कि डीआईओएस डॉ महेंद्र प्रताप सिंह और बीएसए प्रवीण तिवारी से समन्वय स्थापित करते हुए प्रत्येक प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में न केवल 卐स्वच्छता शपथ卐 दिलाई जाए। बल्कि स्वच्छता ही सेवा की थीम कचरा मुक्त भारत卐 पर चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन कराए। प्रतियोगिता में विजेता बच्चों को गांधी जयंती पर पुरस्कृत भी किया जाए। डीएम ने डीआईओएस-बीएसए को निर्देश दिए कि 卐स्वच्छता ही सेवा अभियान की जागरूकता के लिए विद्यालय स्तर पर जागरूकता रैली निकाली जाए। इसका प्रॉपर डॉक्यूमेंटेशन करते हुए अभियान के नोडल अधिकारी को मय फोटोग्राफ्स रिपोर्टिंग की जाए।

# पेंशन शंखनाद महारैली दिल्ली के लिए अटेवा ने चलाया सघन जनसम्पर्क अभियान

**जन एक्सप्रेस । अख्तर अली**



**निघासन खीरी।** अटेवा पेंशन बचाओ मंच लखीमपुर के जिला संयोजक विश्वनाथ मौर्य के नेतृत्व में विकास भवन, सिंचाई विभाग और कृषि भवन में 1 अक्टूबर को दिल्ली में होने वाले पेंशन शंखनाद महारैली के परिपेक्ष्य में जन सम्पर्क अभियान चलाया गया।जिसमें विभिन्न विभागों के कार्यालयों में पहुंचकर 1 अप्रैल 2005 के बाद नियुक्त सभी कर्मचारियों,अधिकारियों का पुरानी पेंशन बहाली के लिए दिल्ली चलने का आह्वान किया गया।जिला सयोंजक ने बताया कि अंधेरों को कोसने से अच्छा है कि रोशनी का एक दीप जलाया जाए और सरकारों को कोसने से अच्छा है कि %अटेवा%को मजबूत किया जाए।पुरानी पेंशन से वंचित लाखों शिक्षक कर्मचारी एक बैनर एन एम ओ पी एस के तले हुंकार भरेंगे तो सरकारों की चूलें हिल जाएंगी।1 अक्टूबर को दिल्ली में कर्णचरियो का ऐसा जनसैलाब उमड़ेगा कि भविष्य में सरकारों को कर्मचारी विरोधी निर्णय लेने से पहले सौ बार सोचना पड़ेगा।कर्मचारी आत्मगौरव,लक्ष्यप्राप्ति और सुरक्षित भविष्य की लड़ाई में अपना सम्पूर्ण योगदान देना सुनिश्चित करें।लखीमपुर के अटेवा सरंक्षक एवं प्रदेश संगठन मंत्री सन्दीप वर्मा ने बताया कि अटेवा के संघर्षो से राजस्थान ,छत्तीसगढ़, झारखंड,पंजाब और हिमाचल में पेंशन बहाल हो गयी है और इस महारैली से पूरे देश की पेंशन बहाल होगी।जिला रैली प्रभारी डॉ0कमल किशोर मौर्य ने बताया कि 1अक्टूबर को होने वाली देश व्यापी महारैली में लखीमपुर, गोला,पलिया, पसगवां व मोहम्मदी से 15 बसें दिल्ली जा रही हैं और पांच सौ से ज्यादा लोगों ने ट्रेन से टिकट बुक कराया है और सौ से अधिक चारपहिया वाहन दिल्ली जाएंगे।उन्होंने रैली को सफल बनाने के लिए दिल्ली चलने की सबसे अपील की। इस मौके पर डॉ0 कमल मौर्य,बलवीर सिंह यादव, राजेश वर्मा, राजेश यादव, लक्ष्मी नारायण दीक्षित, अवधेश प्रताप सिंह,सौरभ बाजपेई, कैलाश शंकर, रमेश वर्मा, सीता राम मौर्य, अखिलेश कुमार, रामकृष्ण, शमीम आदि तमाम लोग उपस्थित रहे।



## आर्यावर्त बैंक अधिकारी संगठन के मुकेश एवं स्टाफ एसोसिएशन के अध्यक्ष पवन बने

**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी**

आर्यावर्त बैंक अधिकारी एसोसिएशन एवं आर्यावर्त बैंक स्टाफ एसोसिएशन की संयुक्त आम सभा की बैठक नगर के एक होटल आरआर ग्रांड में हुई। बैठक में दोनो संगठन के केंद्रीय इकाइयों के महामंत्री ओएन टंडन एवं सुधीर सक्सेना, अधिकारी एसोसिएशन के केंद्रीय अध्यक्ष मनीष भदौरिया ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन मुकेश कुमार गौड़ ने किया ।कार्यक्रम की शुरुआत माता सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर किया गया। बैंक के रिटायर्ड अधिकारी टी सी मौर्या, लोकेंद्र श्रीवास्तव, बी एस त्रिवेदी, डी सी वर्मा, अमरजीत को साल और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। दोनों ही संगठन की नवीन कार्यकारणी का गठन भी किया गया।जिसमें अधिकारी संगठन का अध्यक्ष मुकेश कुमार गौड़, महामंत्री आशीष अवस्थी, उपाध्यक्ष राकेश, शुभम सिंह एवं प्रियंका को बनाया गया। कर्मचारी वर्ग में अध्यक्ष पवन, महामंत्री धर्मेंद्र वर्मा, उपाध्यक्ष सोनम ,निमेश वर्मा, साधना, करिश्मा पटेल को बनाया गया। साथ में महिला ब्रिगेड में हर्षा प्रिया, गुरदीप कौर, सुलेखा, सुष्मिता को पदाधिकारी बनाया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय पदाधिकारियों ने बैंक के बढ़ते एनपीए को कम करने के लिए सभी सदस्यों से मिलकर कार्य करने और सितंबर माह के लक्ष्य को हासिल करने के सम्बंध में भी चर्चा की गई । बैंक पीसीए में ना जाए इसके लिए सभी साथियों को कड़ी मेहनत करने के लिए आह्वान किया गया। बैंक में अगले महीने होने वाले प्रमोशन के संबंध में भी चर्चा की गई। कर्मचारी वर्ग को प्रेटोल भत्ता, कम्प्यूटर भत्ता तथा बैंक में कार्य कर रहे डेलीवेजरों को स्थाई करने के लिए बैंक के अध्यक्ष के आश्वासन के बारे में भी जानकारी दी गई।संगठन के पदाधिकारियों ने क्षेत्रीय प्रबंधक एन के मंगल से भी मुलाकात कर लखीमपुर परिक्षेत्र के बिजनेस के सम्बंध में भी चर्चा की गई।अन्त में कार्यक्रम में शामिल सभी साथियों का धन्यवाद केंद्रीय पदाधिकारियों ने सभा का समापन किया गया।

### पलिया के एक निजी अस्पताल में होता है मेल फीमेल की जांच ली जाती है मोटी रकम

**जन एक्सप्रेस/रिजवान खान**

**पलिया कलां खीरी।** थाना सम्पूर्णा नगर क्षेत्र की रहने वाली महिला पलिया के एक निजी अस्पताल में अल्ट्रासाउंड कराने पहुंची जहां पर डॉक्टर ने गुमराह कर कहा अगर आप को लड़का चाइए तो हम जांच करके बता देंगे की लड़का है या लड़की उसके लिए 10000 रुपया पड़ेगा महिला ने उनकी बात मान कर अल्ट्रासाउंड जांच कराया जांच में डाक्टर ने लड़की होना बताया महिला व घर के लोगो को डाक्टर ने 20 हजार की डिमांड करते हुए गर्भपात की सलाह दी और ?20000 रुपया लेकर गर्भ में पल रहे बच्चे को नस्ट कर दिया परिवार के लोगो को जब पता चला कि गर्भ में पल रहा बच्चा लड़का था अब परिवार के लोगों में काफी रोस का माहौल बना हुआ है जहा सरकार भ्रूण लिंग की जांच करना अपराध बता रही है वही ऐसे डाक्टर पैसों के लिए कुछ भी कर सकते है।

### अपना दल एस के जिला अध्यक्ष विधि मंच महेश वर्मा एडवोकेट ने शुरू किया जनसंपर्क अभियान

**जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ/कुकुरा/खीरी**

अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल के आगामी कार्यक्रम को बड़े जनादेश के साथ ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने के लिए पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं लखनऊ मंडल प्रभारी आर बी सिंह पटेल एवं प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक राजकुमार पाल के निर्देश पर के विधि मंच के जिलाध्यक्ष महेश वर्मा एडवोकेट की अगुवाई में सघन जनसंपर्क का शुभारंभ किया गया जिसमें गोला विधानसभा पलिया विधानसभा एवं श्रीनगर विधानसभा क्षेत्र में दर्जनों चौपालें करके सघन जनसंपर्क के दौरान पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं सदस्यों के साथ उनके गांव गांव जाकर अपना दल एस के जिला महासचिव बरकत अली अंसारी जिला उपाध्यक्ष नवनीत पटेल सक्रिय एवं वरिष्ठ नेता सुरेश चंद पटेल एवं सक्रिय कार्यकर्ता आशिकर वर्मा ,अयाज खान ने एक संयुक्त टीम बनाकर पूरे जनपद में कार्यक्रम की तैयारी के लिए गहन जनसंपर्क अभियान शुरू किया चौपाल बैठकों में पार्टी की विचारधारा एवं पार्टी द्वारा समाज के हित में किए गए कार्यों एवं संघर्षों को विस्तार से समझाते हुए संगठन के बिस्तार पर भी जोर दिया ग्रंट लंदनपुर, रामपुर डाटपुर ,कुकुरा, राजगंज, करनपुर खम्हौल में चौपालें की अल्पसंख्यक मंच जिला अध्यक्ष मुंसिफ खान विधानसभा पलिया उपाध्यक्ष रईसुद्दीन अंसारी विधानसभा सचिव रऊफ अंसारी तैमूर अंसारी मोहम्मद रफी अंसारी सलमान अंसारी आसिफ खान परवेज सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं तमाम महिलाऐं उपस्थित रहीं।

### आईजीआरएस : जन शिकायतों के त्वरित समाधान में लापरवाही पर डीएम सख्त, सात अधिकारियों को नोटिस जारी

**जन एक्सप्रेस/लखीमपुर खीरी।** शुक्रवार को खीरी में समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) पर दर्ज जन समस्याओं के त्वरित समाधान में लापरवाही बरतने वाले सात अधिकारियों पर डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए कारण बताओं नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण तलब किया। डीएम ने बताया कि आईजीआरएस एवं मुख्यमंत्री हेल्पलाइन शिकायती संदर्भों की समीक्षा स्वयं मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा सर्वोच्च प्राथमिकता पर की जाती है। शासन ने आईजीआरएस पोर्टल पर जन शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण करने के निर्देश हैं एवं कोई भी संदर्भ डिफाल्टर श्रेणी में लंबित नहीं हो और असंतुष्ट फीडबैक प्राप्त संदर्भों का गुणवत्तापरक निस्तारण शिकायतकर्ता से सम्पर्क करके शिकायतकर्ता की असंतुष्ट होने एवं संतुष्ट होने की स्थिति के संबंध में स्पष्ट रूप से उल्लेख करते हुए यदि शिकायतकर्ता असंतुष्ट है तो उसका कारण अभिलिखित करते हुए आख्या प्रेषित की जाए। परन्तु उपायुक्त मनरेगा, बीएसए, डीआईओएस, जिला समाज कल्याण अधिकारी, एक्सईएन (विद्युत) मोहम्मदी, एडीओ (पंचायत), ज्येष्ठ कृषि विपणन निरीक्षक ने ढ्ढत्रक्रस् के समयबद्ध निस्तारण में लापरवाही बरती और परिणामस्वरूप जनपद की आईजीआरएस मासिक ग्रेडिंग प्रभावित होती है। डीएम ने जारी कारण बताओं नोटिस में उल्लेखित किया है कि प्रायः संबंधित अफसरो के लॉगिन में संदर्भ नियत तिथि तक निस्तारण के लिए लंबित रहते हैं और नियत तिथि पर ही निस्तारण किया जाता है, जिससे सरसरी और गुणवत्ताहीन निस्तारण की पूर्ण संभावना रहती है। यह अत्यन्त खेदजनक है। इसके पूर्व भी कई बार नोटिस निर्गत कर निर्देश दिये जाने के बावजूद कार्यप्रणाली में सुधार नहीं लाया गया।

### गौरी फंटा कोतवाली की अनिल कुमार ने संभाली कमान

**जन एक्सप्रेस । रिजवान खान**



**पलिया कलां खीरी।** कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त रखने के लिए पुलिस अधीक्षक खीरी गणेश प्रसाद शाहा ने तबादला एक्सप्रेस चलाते हुए कई थानों के प्रभारी निरीक्षकों का स्थांतरण करते हुए फरधान थाने से आए अनिल कुमार कुमार सैनी को अति संवेदनशील कही जाने वाली गौरी फंटा कोतवाली की कमान सौंपी है। नवांगत गौरी फंटा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सैनी ने कार्यभार संभाल लिया है। फरधान थाने कई माह रह चुके प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सैनी ने पूरी निष्ठा पूर्वक अपने विभागीय कर्तव्ययों का निर्वाह करने के साथ साथ आम जनमानस, सूचना तंत्र एवम मीडिया कर्मियों से बेहतर सामंजस्य बनाए रखा। जिससे प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सैनी ने अपने कुशल व्यवहार के चलाते क्षेत्र की जनता के बीच अमन चैन की एक मिसाल कायम की है। जिसके चलते कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सैनी का स्थांतरण की सूचना मिलते ही फरधान क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों एवम पत्रकार बंधुओ ने प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सैनी को फूल मालाओं से लाद कर भावभीनी विदाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# ग्राम चौपाल का किया गया आयोजन

**जन एक्सप्रेस । सीतापुर**



**रामपुर मथुरा।** विकास खंड क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत तुलसीपुर खरिका में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। ग्राम चौपाल कार्यक्रम के नोडल अधिकारी सहायक विकास अधिकारी पंचायत रामपाल , एडीओ एजी कृषि प्रमोद कुमार की देखरेख में ग्राम चौपाल का आयोजन तुलसीपुर खरिका के पंचायत भवन लोहिया नगर में किया गया जहां पर मुन्नालाल निवासी लोहिया नगर का मकान बरसात में गिर जाने की शिकायत रही वही ग्राम विकास अधिकारी लवकुश कुमार से की वहीं गांव में प्रवीण कुमार, सत्यनारायण का शौचालय न बने होने की शिकायत की गई, ग्राम चौपाल में उपस्थित ग्रामीणों ने आंगनबाड़ी का खाद्यान्न वितरण न किए जाने की शिकायत ग्राम चौपाल में गोलू, बिक्कू ,आसाराम ने खाद्यान्न मई माह में आंगनबाड़ी का चावल वितरण न होने की शिकायत की वही प्रधान प्रतिनिधि सतनाम सिंह के द्वारा आंगनबाड़ी का खाद्यान्न लोहिया नगर पंचायत भवन पर वितरण करने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकत्री से कहा तथा एक सेंटर आंगनबाड़ी का प्राथमिक विद्यालय तुलसीपुर खरिका में वितरण के लिए बात कही और प्रधान प्रतिनिधि के द्वारा बताया गया आंगनबाड़ी केंद्र का प्रस्ताव किया जा रहा है, जैसे आंगनबाड़ी केंद्र बनता है सभी आंगनबाड़ी केंद्र से बाल पुष्टाहार वितरण करेगी, चक मार्ग को लेकर के भी शिकायते रही हैं वही गांव में लोहिया नगर में कहीं चकमार का अवरोध किया जा रहा है वही अमरेंद्र शुक्ल ने बताया कि मेरा भी चक मार्ग कट करके खेत में मिल लिया गया है मेरे खेत को आने जाने का रास्ता नहीं है वही अवसर पर ग्राम प्रधान परमजीत कौर ,सचिव ग्राम विकास अधिकारी लवकुश कुमार ,पंचायत सहायक मानसी पांडे, राम विजय पांडे, मंसाराम, दुर्गेश विक्कू बनवारी लाल आसाराम, सोनम शुक्ला ,राजप्रीत कौर ,रामनरेश ढोढेपुरवा तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्री राजकुमारी व सुनीता मिश्रा ग्राम चौपाल में मौजूद रही।

# व्यक्ति विशेष के लिए नहीं भाजपा के लिए कार्य करें कार्यकर्ता : राजेश शुक्ला

* युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सचिन ने भाजपा जिलाध्यक्ष को सौंपा दो वर्ष का रिपोर्ट कार्ड

**जन एक्सप्रेस । राजीव दिवाकर**



**सीतापुर।** आज भाजपा मुख्यालय पर भारतीय जनता युवा मोर्चा सीतापुर के जिलाध्यक्ष सचिन मिश्र की अध्यक्षता में एक स्वागत एवं परिचय समारोह संपन्न हुआ जिसमें नवनियुक्त जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला का युवा मोर्चा सीतापुर के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने जोर शोर से स्वागत किया। जिला मीडिया प्रभारी प्रतीक पाण्डेय ने बताया कि इस बैठक का उद्देश्य नवनियुक्त जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला को युवा मोर्चा सीतापुर द्वारा पिछले दो वर्षों में किए गए कार्यों से रूबरू कराना था व जिले के कोने कोने में कार्य कर रहे युवा मोर्चा कार्यकर्ता से जिलाध्यक्ष का परिचय कराना था। सचिन ने वृहत रूप में युवा मोर्चा सीतापुर के उपस्थित कार्यकर्ताओं के मध्य भाजपा जिलाध्यक्ष को अपना रिपोर्ट कार्ड सौंपा। राजेश शुक्ला द्वारा युवा मोर्चा के कार्यों को खूब सराहना की गई। सचिन ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला को विश्वास दिलाया कि आने वाले सभी अभियानों में भाजयुमो सीतापुर का एक एक कार्यकर्ता आपके साथ कदम कदम मिला कर कार्य करेगा। सचिन ने कहा कि हमारा कार्यकर्ता बाइक रैली, स्वच्छता अभियान व वृक्षारोपण अभियान में महारथ हासिल किए हुए है। राजेश शुक्ला ने कहा कि मैं इस परिचय बैठक के माध्यम से समस्त जिले के कोने कोने से आए कार्यकर्ताओं से प्रार्थना करता हूं कि वह किसी व्यक्ति विशेष के लिए नहीं बल्कि भारतीय जनता पार्टी के लिए काम करें और भारत को विश्वगुरू बनाने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। राजेश शुक्ला ने यह भी बात सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से कही कि आने वाले समय के सभी अभियानों में सीतापुर भाजपा सीतापुर शीर्ष में स्थान प्राप्त करे इस संकल्प के साथ हम यहां से जाएं। कार्यक्रम का संचालन भाजयुमो महामंत्री तरुण शुक्ला ने किया। भाजपा जिला महामंत्री एवं युवा मोर्चा प्रभारी रोहित सिंह भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। समारोह में क्षेत्रीय मंत्री आशीष कश्यप, जिला महामंत्री अनूप विश्वकर्मा, अमन विक्रम सिंह, रणंजय सिंह, विकास वर्मा, ज्ञानेश शुक्ला अभिषेक मिश्रा, कामेश शुक्ला, वैभव सिंह,अंकुल तिवारी, जितेंद्र गुप्ता, शैलेंद्र शुक्ला राजा, नीरज शुक्ला, रामप्रताप सिंह व जिले व मण्डल पदाधिकारीगण एवं जिले के कोने कोने से आए युवा मोर्चा के कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

# डीएम ने जिला पुरुष अस्पताल का किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। उरई



जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने जिला अस्पताल पुरुष का औचक निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने पर्ची काउंटर, ओपीडी, सर्जरी ओपीडी, लैब पैथोलॉजी, दंत रोग, सीटी स्कैन, नाक, कान, गला, अल्ट्रासाउंड, एक्सरे ओपीडी, दवा भंडारण कक्ष, इमरजेंसी वार्ड, सर्जिकल वार्ड, एक्सीडेंटल वार्ड, डेंगू वार्ड, आयुष्मान भारत वार्ड आदि के निरीक्षण में 08 चिकित्सक अनुपस्थित मिलने पर स्पष्टीकरण के निर्देश दिए।

उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि अनुपस्थित चिकित्सा अधिकारी ईएनटी डॉक्टर पीवी सिंह, मेंटल काउंसलर अर्चना विश्वास, डायबिटीज़ एवं हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर गोपाल कृष्ण सोनी, परामर्श दात्री स्वाति श्रीवास्तव, ऑर्थो सर्जन डॉक्टर एमएस सिंह, दंत रोग विशेषज्ञ डॉक्टर प्रमोद कुमार, जिला क्षय रोग विशेषज्ञ डॉ डीके भिटौरिया, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉक्टर कौशल किशोर, का स्पष्टीकरण लिया जाए और समय अनुसार चिकित्सक ड्यूटी करें। साथ ही मरीजो को बेहतर इलाज मुहैया कराया जाए। निरीक्षण के दौरान यह देखने में आया कि चिकित्सक का स्थानांतरण होने के बाद भी उनके नाम की नामपट्टिका लगी हुई है, सीएमएस को तत्काल नामपट्टिका हटाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने मरीज से संवाद कर हाल-चाल जाना, अस्पताल द्वारा दी जा रही सुविधाओं के विषय में फीडबैक भी लिया। उन्होंने आयुष्मान भारत वार्ड में गंदगी देख संबंधित कर्मचारियों की सेवा समाप्त करने की चेतावनी दी। साथ ही निर्देशित करते हुए कहा कि साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने इमरजेंसी वार्ड चिकित्सालय के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने दवा वितरण कक्ष का निरीक्षण कर दवाओं की उपलब्धता की व्यवस्था देखी तथा निर्देशित किया कि चिकित्सकों द्वारा बाहरी की दवा न लिखी जाए यह सुनिश्चित रहे।

इस अवसर पर एडीएम नमामि गंगे विशाल यादव, सीएमओ डॉ नरेंद्र देव शर्मा, नगर मजिस्ट्रेट अरुण कुमार मिश्रा, सीएमएस अवनीश बनौधा सहित आदि मौजूद रहे।

## न्यायाधीश, डीएम व एसपी ने जिला कारागार का किया निरीक्षण



जन एक्सप्रेस। उरई

न्यायाधीश, लल्लू सिंह, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक, डा. ईरज राजा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट महेन्द्र कुमार रावत द्वारा जिला कारागार उरई का संयुक्त निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम बैरक में जाकर बन्दियों की समस्या के बारे में जानकारी ली गयी तत्पश्चात कारागार चिकित्सालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कारागार प्रशासन द्वारा जेल में रोपित पौधों व साफ सफाई की जनपद न्यायाधीश ने प्रशंसा की, जिलाधिकारी का जनपद में कार्यभार ग्रहण करने के वाद यह प्रथम जेल भ्रमण था। जिलाधिकारी ने यह आश्वासन दिया गया कि निरन्तर कारागार को बेहतर बनाने का प्रयास करते रहे तथा आवश्यक सहयोग का भी आश्वासन दिया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक, नीरज देव, चिकित्साधिकारी डा. राहुल बर्मन, जेलर प्रदीप कुमार उपकारापाल तारकेश्वर सिंह, उपकारापाल अमर सिंह एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## अतिक्रमण व गंदगी देख डीएम ने जताई नाराजगी, सफाई के निर्देश

जन एक्सप्रेस। उरई



जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने सुबह राजेंद्र नगर वार्ड नंबर 22, तुलसी नगर वार्ड नंबर 21, वार्ड नंबर 3 व शहर के विभिन्न वार्डो की साफ-सफाई की व्यवस्था का औचक निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने निरीक्षण के दौरान नाला, नालियों पर अतिक्रमण और गंदगी देख नाराजगी जाहिर करते हुए अधिशाषी अधिकारी को निर्देश दिए कि साफ सफाई व्यवस्था में पूरा ध्यान दें।

जहां भी नाले, नालियों पर अतिक्रमण है, उन्हें हटाया जाए। साथ ही नालियों में सिल्ट जमा न होने दें। नालियों की निरंतर साफ सफाई सुनिश्चित कराई जाए। वार्ड नंबर 3 में सफाई व्यवस्था का अभाव मिलने पर सफाई नायक का वेतन रोकने के निर्देश दिए। अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया सफाई नायकों की निरंतर मॉनिटरिंग कर समस्त वार्डो की समुचित साफ-सफाई कराई जाए।

उन्होंने कहा कि स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत बृहद अभियान चलाकर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। शहर में कूड़ा प्रबंधन तथा सफाई व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने लोगों से नालियों पर अतिक्रमण व सफाई व्यवस्था में व्यवधान न करने की नसीहत दी। उन्होंने ऐसे लोगों को चिन्हित करके उनके खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने उपस्थित नागरिकों से अपने-अपने घरों के कूड़े को कूड़े दान में ही फेंकने की अपील की। साथ ही डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन किया जाता है उसमें पूरा सहयोग करें। उन्होंने कहा कि सफाई व्यवस्था, एंटी लार्वा का छिड़काव, फॉगिंग कराना सुनिश्चित किया जाए। जिससे बीमारियों से बचा जा सके। इस अवसर पर एडीएम नमामि गंगे विशाल यादव, नगर मजिस्ट्रेट अरुण कुमार मिश्रा, अधिशासी अधिकारी विमलापति आदि मौजूद रहे।

## पांच साल बाद आरोपी को हुआ आजीवन कारावास, 55 हजार का लगा जुर्माना

जन एक्सप्रेस। उरई



न्यायालय में 5 वर्ष से अधिक ट्रायल पर चले मुकदमे के दौरान पॉक्सो एक्ट कोर्ट के न्यायाधीश ने आरोप सिद्ध हो जाने के बाद आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 55 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया।

कैलिया कस्बा निवासी बनमाली ने अपने स्वजातीय के 10 वर्षीय किशोर को रास्ते में पकड़ कर उसके साथ कुकृत्य कर दिया था। किशोर छह अक्टूबर 2017 को खेत में बकरी चराने गया था। कुकृत्य होने पर किशोर खून से लतपथ होकर जोर जोर से रोने लगा था। यह घटना कस्बा के ही बनके लाल पुत्र आशाराम ने अपनी आंखों से देखी थी। बनके लाल ने बाईस्तवा बनमाली को फटकार लगाई, तभी उसने किशोर को पास में ही एक नाला में फेंक दिया था। नाला में फेंकने पर किशोर की गर्दन टूटने से उसकी मौत हो गई थी। घटना की जानकारी लगते ही दूसरे दिन किशोर के पिता ने पुलिस में तहरीर देकर बाईस्तवा बनमाली के विरुद्ध हत्या कुकृत्य समेत पॉक्सो एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज करा दिया था। इधर पुलिस ने मुकदमा दर्ज होते ही किशोर का शव नाला से बरामद करते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया। जिसमे हत्या और कुकृत्य की पुष्टि होने पर न्यायालय में चार जनवरी 2018 को आरोप पत्र दाखिल कर दिए थे। इसके पहले पुलिस ने दोषी को 11 अक्टूबर 2017 को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। न्यायालय में पांच साल से अधिक समय तक चली सुनवाई में गवाहों और साक्ष्य के आधार पर पॉक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश मुहम्मद आजाद से बाईस्तवा बनमाली को दोषी करार देते हुए प्राकतिक जीवन तक जेल में रहने की सजा सुनाई। साथ ही दोषी पर 55 हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

## सर्प के काटने से किसान की उपचार के दौरान मौत

**जन एक्सप्रेस/कालपी।** कदौरा थाना क्षेत्र के ग्राम उदनपुर में खेत पर किसान को सांप ने काट लिया। जिसे परिजन उपचार के लिए कानपुर ले गए। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कदौरा थाना क्षेत्र के ग्राम उदनपुर निवासी संजय अवस्थी 52 वर्ष रोज की तरह अपने खेत पर गया था। तभी खेत पर जहरीले सर्प ने काट लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। जानकारी होने पर परिजनों में हड़कंप मच गया और वह उपचार के लिए प्राइवेट अस्पताल ले गए। जहां पर उसकी हालत में सुधार होता ना देख परिजन उसे रिजेंसी कानपुर ले गए। जहां पर उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही घर में कोहराम मच गया।

## अज्ञात वाहन ने लोडर में मारी टक्कर, चालक की मौत

जन एक्सप्रेस। उरई

डकोर कोतवाली क्षेत्र में राठ मार्ग पर अज्ञात वाहन ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास लोडर में टक्कर मार दी। जिसमें फंसकर चालक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को सूचना देने के बाद पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

नगर के मोहल्ला हरिपुरा निवासी सुशील कुमार 23 वर्ष पुत्र धीरज चालक था, जो भाड़े पर लोडर चलाता था। जब वह शुक्रवार तड़के जालौन से अपनी लोडर में केले लादकर राठ की ओर जा रहा था। इस दौरान जब वह कस्बा डकोर से गुजर रहा था। तभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास तेज रफ्तार वाहन ने उसकी लोडर में टक्कर मार दी। जिससे लोडर का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें फंसकर चालक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वही अज्ञात वाहन चालक वाहन लेकर मौके से रफूचक्कर हो गया। शुक्रवार सुबह उधर से जब ग्रामीणों का गुजरना हुआ तो उन्होंने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने लोडर में फंसे ड्राइवर के शव को मौजूद लोगों की मदद से बाहर निकलवाया और पहचान कर मामले की सूचना उसके परिजनों को दी। फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और टक्कर मारने वाले वाहन व ड्राइवर की खोजबीन शुरू कर दी है।

## हाईबीम, लेजर लाइट के छोटे वाहनों में बढ़ते चलन से चौंधिया रही आंख

जन एक्सप्रेस। महोबा

मोटर वाहन एक्ट के तहत गाड़ियों मे लगकर आने वाले हेड लाइट की सेफ्टी क्लिप हटाकर हाईबीम व लेजर लाइट लगवाने का चलन खतरनाक बनता जा रहा है। इससे इन लाइट्स का इस्तेमाल करने वाले की तो राह आसान हो जाती है लेकिन सामने वाले मुसीबत मे पड़ जाता है। रात के वक्त होने वाले ज्यादातर सड़क हादसों के लिए यह लाइट्स कुसूरवार बनकर उभर कर रही है। मौजूदा वक्त हर तीसरी चैथी लग्जरी वाहन मे इस तरह की लाइट्स का प्रयोग किया जा रहा है। यह हाईबीम व लेजर लाइट छोटे वाहनो के लिए हादसों का कारण बन रही है।

लोग अपने वाहन मे फॉग जैसी अतिरिक्त लाइट या खास किस्म का बल्ब लगाते है। इसकी तेज रोशनी सामने से आ रही कार, बाइक, ऑटो, टैक्टर और साइकिल वालो की आंख पर पड़ते ही चालक की आंखे चैधियां जाती है। इससे वे हादसों के शिकार हो जाते है। रात के वक्त यह खतरा और भी बढ जाता है।

## प्रभारी राज्य मंत्री ने विभागीय अधिकारियों के साथ की विकास कार्यों की समीक्षा

जन एक्सप्रेस। महोबा



राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात, जनपद के प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, जन प्रतिनिधियों एवं उद्योग बंधु, बैंकर्स कमेटी, जन शिकायतों के निस्तारण, सीएम हेल्पलाइन, आईजीआरएस, थाना दिवस, ब्लॉक दिवस, तहसील दिवस, आकांक्षात्मक जनपद, विकास खंडों की कार्य योजना, जनपद में राजस्व संग्रह (जीएसटी, आबकारी, स्टांप, परिवहन, खनन) की स्थिति एवं वृद्धि हेतु किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। इस अवसर पर मंत्री ने उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों सहित सभी लोगों को स्वच्छता ही सेवा-2023 के अंतर्गत कचरा मुक्त भारत करने की शपथ दिलाई। बैठक में मंत्री ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि किसी भी व्यापारी को कोई भी समस्या हो तो उसका त्वरित निस्तारण किया जाये। उन्होंने विद्युत विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि उद्योगों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति कराई जाए तथा ट्रांसफार्मर ख़राब होने पर 24 घंटे के अंदर ट्रांसफार्मर बदला जाए और कहा कि हर गौशाला में वृक्षारोपण करवाया जाए और जगह चिन्हित कर नई गौशालायें स्थापित की जाएं तथा दैवीय आपदा से पीड़ित लोगों को तत्काल राहत दी जाए। उन्होंने मंडी सचिव को निर्देशित किया की मंडी के अंडर बने चबूतरों को कब्ज़ा मुक्त कराकर किसानों के बैठने के लिए उपलब्ध कराएं तथा मंडी समिति के द्वारा निर्मित जो भी रोड 08 वर्ष पुराने हैं उनकी मरम्मत कराकर गड्ढा मुक्त कराएं।

## जनजाति विकास विभाग एवं समाज कल्याण विभाग के निकाले गए संविदा शिक्षक वापस होंगे: हेमंत पाठक

जन एक्सप्रेस। महोबा

जनजाति विकास विभाग के आश्रम पद्धति विद्यालयों में कार्यरत शिक्षा सत्र 2023- 24 में परीक्षा परिणाम के आधार पर बाहर निकालने के लिए 09 शिक्षकों को नोटिस दी गई थी। इस नोटिस के अनुसार एक माह के बाद सभी शिक्षक सेवा से बाहर हो जाने वाले थे। समाज कल्याण एवं जनजाति विकास विभाग के सभी संविदा शिक्षकों ने अपनी एक जुटता एवं एकता का परिचय दिया तथा राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश के आह्वाहन पर 5 सितंबर से काला फीता बांधकर विरोध प्रकट किया था तथा 25 सितंबर को भागीदारी भवन पर धरना प्रदर्शन की घोषणा की थी। विभागीय शिक्षकों एवं कर्मचारियों के दबाव में प्रमुख सचिव एवं समाज कल्याण मंत्री के स्तर पर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधि मंडल के साथ वार्ता हुई। वार्ता में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष जे एन तिवारीएवं समाज कल्याण एवं जनजाति विकास विभाग की प्रतिनिधि तथा राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश की प्रदेश सचिव श्रीमती अरुणा शुक्ला भी उपस्थित थी।

राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश जनपद महोबा के जिला अध्यक्ष हेमंत कुमार पाठक ने आज शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति में अवगत कराया है कि प्रमुख सचिव एवं मंत्र ने स्पष्ट किया कि शिक्षक को बिना अवसर दिए निकाला नहीं जाएगा। जिन शिक्षकों को नोटिस दी गई है ,उन सभी से स्पष्टीकरण प्राप्त कर उनको अवसर देते हुए सेवा में रखा जाएगा। समाज कल्याण विभाग की जिन तीन संविदा शिक्षकों को 2020 में निकाला गया है, उनके संबंध में भी शीघ्र निर्णय किए जाने का आश्वासन दिया गया। जनजाति विकास विभाग के संविदा शिक्षकों एवं गैर शिक्षक कर्मचारियों को सातवां वेतन आयोग का लाभ देने की पत्रावली वित्त विभाग प्रेषित की जा चुकी है। पत्रावली पर शीघ्र निर्णय कराकर उन्हें भी सातवें वेतन आयोग के क्रम में संविदा राशि में संशोधन का लाभ दिया जाएगा।

हेमंत कुमार पाठक ने अवगत कराया है प्रमुख सचिव एवं समाज कल्याण मंत्री का रुख संविदा शिक्षकों के प्रति रचनात्मक था। उनकी मंशा शिक्षकों को निकालने की नहीं है। अतः प्रमुख सचिव एव मंत्री के साथ हुई सौहार्दपूर्ण वातावरण मे वार्ता के दृष्टिगत 25 सितंबर 2023 के लिए प्रस्तावित धरना प्रदर्शन 30 सितंबर 2023 तक स्थिगत कर दिया गया है।

हेमंत कुमार पाठक ने समाज कल्याण, जनजाति विकास विभाग के सभी संविदा शिक्षकों एवं गैर शिक्षक कर्मचारियों को आंदोलन के प्रति निष्ठा पूर्वक डटे रहने के लिए बहुत-बहुत आभार व्यक्त किया। हेमंत कुमार पाठक कहा कि निकट भविष्य में भी यदि हमारी एकता बनी रहेगी तो संविदा शिक्षकों का कोई अहित नहीं कर सकेगा। हेमंत कुमार पाठक ने अवगत कराया है कि मंत्री संविदा कर्मचारियों के लिए चिकित्सा सुविधा एवं महिलाओं के लिए बाल काल देखरेख अवकाश देने पर भी सहमत हो गए हैं।

हेमंत कुमार पाठक ने कहा कि सातवें वेतन आयोग के बाद अब लक्ष्य नियमितीकरण का है। सभी संविदा शिक्षकों के विनियमितिकरण के लिए राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश लगातार प्रयास कर रही है। उनका हमारा प्रयास जारी रहेगा। प्रमुख सचिव एवं मंत्री के सहयोगात्मक रवैया के लिए हेमंत कुमार पाठक ने उनका आभार भी व्यक्त किया है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### दो किसानों को पीआरवी वाहन ने रौंदा एक की मौत, एक अस्पताल में भर्ती

**जन एक्सप्रेस/रामपुर कारखाना,देवरिया।** देवरिया जिले के रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र में गुरुवार की देर रात सिंचाई कर लौट रहे दो किसानों को पुलिस के पीआरबी वाहन ने रौंद दिया। हादसे में एक किसान की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है। मौके पर पहुंची रामपुर कारखाना पुलिस ने मामले की छानबीन की। रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के गौरा गांव निवासी समीउल्लाह अंसारी (45) और हमीद अंसारी (52) गुरुवार की रात धान के खेत में सिंचाई करने गए थे। रात लगभग 1 बजे सिंचाई करने के बाद दोनों साइकिल से घर वापस लौट रहे थे। ग्रामीणों के अनुसार उसी दौरान गांव के प्राथमिक विद्यालय के पास दोनों को तेज रफ्तार पीआरबी वाहन ने रौंद दिया। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों किसानों को रौंदने के बाद चालक वाहन लेकर भाग निकला। ग्रामीणों ने दोनों को सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने समीउल्लाह को मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। पीआरबी वाहन से हादसा होने की जानकारी मिलते ही थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर नरेंद्र प्रताप राय गांव पहुंच गए। उन्होंने परिजनों से मामले की जानकारी ली।

### प्रेमिका के बुलाने पर देर रात गया युवक परिजनों ने पीटा, मेडिकल कॉलेज में भर्ती

**जन एक्सप्रेस/मईल देवरिया।** जिले में एक युवक को देर रात प्रेमिका के बुलाने पर उसके घर जाना खतरनाक हो गया। कमरे में आहट सुन जब युवती के परिवार वालों ने कमरा खुलवाया तो अंदर युवक और लड़की को देख सन्न रह गए, अक्रोश में आकर परिजनों ने युवक को बुरी तरह पीट दिया। इस समय युवक गंभीर अवस्था में मेडिकल कालेज में भर्ती है।जानकारी के मुताबिक जिले के मइल थाना क्षेत्र के एक गांव का युवक बुधवार की रात में पड़ोस के गांव में अपनी प्रेमिका के बुलावे पर रात में मिलने गया था। इसकी जानकारी प्रेमिका के घरवालों को हो गई। परिवार वालों ने कथित प्रेमी को पकड़ कर धुनाई कर दी।जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई। घायल युवक का मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। घायल युवक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने 3 लोगों के खिलाफ जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज किया है।

**3 लोगो पर मुकदमा दर्ज:** सूचना पर पहुंची मइल पुलिस ने उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भागलपुर इलाज के लिए भिजवाया। जहां डॉक्टर ने स्थिति गंभीर देखकर देवरहा बाबा स्वायत्तशासी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जहां उसका इलाज चल रहा है। वहीं इस मामले में युवक के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उनका पुत्र युवती के बुलाने पर गया था। थानाध्यक्ष मईल गोरखनाथ सरोज ने बताया कि तहरीर के आधार पर तीनों के खिलाफ जानलेवा हमला का केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### घोषी उप चुनाव में जीत कार्यकर्ताओं की जीत: नरेश उत्तम

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** पूर्व सांसद स्व. मोहन सिंह की पुण्यतिथि पर आयोजित समारोह में शामिल होने पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष ने मोहन सिंह को महान समाजवादी नेता बताते हुए कहा कि वे जीवन पर्यंत गांव, गरीब, दलित, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों की भलाई के लिए काम करते रहे। वे देश की जानी-मानी हस्तियों में थे। उनके विचारों को मजबूत करना हमारा कर्तव्य है।महिला आरक्षण बिल पर उन्होंने कहा कि डॉ. राम मनोहर लोहिया, हम सभी के प्रेरणास्रोत मुलायम सिंह यादव और मोहन सिंह सदैव नर नारी की समानता की बात करते रहे। उन्होंने कहा कि इससे लोकसभा व विधानसभा में महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी बढ़ेगी। लेकिन शोषण, कमजोर, दलित व अल्पसंख्यक महिलाओं के लिए एक पॉइंट निश्चित किया जाना चाहिए। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने कहा कि देश में वसुंधैव कुटुंबकम की कल्पना की गई है। सभी प्रेम से रहें तभी देश मजबूत होगा लेकिन भारतीय जनता पार्टी समाज में विषमता पैदा कर रही है।उन्होंने घोषी उपचुनाव में मिली पार्टी की जीत को कार्यकर्ताओं की जीत बताते हुए कहा कि उप चुनाव में जनता ने भाजपा के कार्यों का भी मूल्यांकन किया है। जनता भाजपा के कार्यों से संतुष्ट नहीं है। पत्रकार वार्ता के दौरान सपा जिलाध्यक्ष व्यास यादव, पूर्व सांसद कनकलता सिंह, सपा महिलासभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह आदि नेता मौजूद रहे।

### 23 सितंबर को आयोजित होगा कैंप

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** श्रम प्रवर्तन अधिकारी शशि सिंह ने बताया कि सचिव उ0प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के निर्देशानुसार 23 सितंबर को पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 04 बजे तक ब्लॉक रुद्रपुर एवं देसही देवरिया में बोर्ड में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के आधार सत्यापन, नवीनीकरण, पंजीयन, फैमिली आई0डी0 प्राप्त किए जाने तथा योजनाओं के प्रचार-प्रसार एवं हितलाभ वितरण हेतु कैंप का आयोजन किया जाएगा। ब्लॉक रुद्रपुर के ग्राम केवटलिया तथा देसही देवरिया के ग्राम रामपुर श्रीपाल में कैंप का आयोजन 23 सितंबर को किया जाएगा। समस्त निर्माण श्रमिक एवं मनरेगा श्रमिक उक्त तिथि को कैम्प में जाकर अपना पंजीयन, नवीनीकरण करायें तथा आधार सत्यापन हेतु प्रार्थना पत्र, फैमिली आई0डी0 जमा कर सकते हैं। श्रमिक पंजीयन हेतु श्रमिक का एक पासपोर्ट साइज फोटो, श्रमिक का स्वप्रमाणित बैंक पासबुक की छायाप्रति, श्रमिक का स्वप्रमाणित आधार की छायाप्रति, विगत एक वर्ष में कम से कम 90 दिन कार्य करने का नियोजन प्रमाण पत्र, राशन कार्ड की छायाप्रति एवं श्रमिक के परिवार का आधार कार्ड की छायाप्रति तथा पंजीयन शुल्क रु0-40/- एक वर्ष हेतु, रु0-60/- दो वर्ष हेतु, रु0-80 /- तीन वर्ष हेतु जमा कर अपना करायें। श्रमिक पंजीकरण हेतु साथ में मोबाइल ले जाना अनिवार्य है।

### संदिग्ध परिस्थितियों के चलते महिला ने लगाई फांसी, मौत

**जन एक्सप्रेस/उरई।** एट थाना क्षेत्र के ग्राम पिरौना में गुरुवार की देर रात संदिग्ध परिस्थितियों के चलते महिला ने फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एट थाना क्षेत्र के पिरौना निवासी रामवती 62 वर्ष पत्नी चरनदास यादव ने गुरुवार की देर रात संदिग्ध परिस्थितियों के चलते घर के ऊपरी हिस्से में जाकर हुक से रस्सी का फंदा डालकर फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौत हो गई। फांसी के फंदे पर लटक रहे महिला के शव को देखकर परिजनों में चीख-पुकार शुरू हो गई। वही घटना की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी। परिजनों ने बताया कि 4 वर्ष पहले उसके बड़े पुत्र की मौत हो गई थी, और पिछले दिनों पति की भी मौत हो गई। पुत्र व पति की मौत से उसे सदमा बैठ गया और तनाव में रहने लगी थी। जिसके चलते उसने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। फिलहाल पुलिस मामले की बारीकी से जांच पड़ताल कर रही है।

### गैंगस्टर मामले में चार लोगों को हुई सात-सात वर्ष की सजा

**जन एक्सप्रेस/उरई।** न्यायालय में करीब 10 वर्ष ट्रायल पर चले मुकदमे के दौरान आरोप सिद्ध हो जाने के बाद गैंगस्टर कोर्ट के विशेष न्यायाधीश ने चार लोगों को सात-सात वर्ष की सजा सुनाई। साथ ही 10-10 हजार रुपए के अर्थदंड से भी दंडित किया। जालौन कोतवाली प्रभारी मुहम्मद नसीम खा ने वर्ष 2013 में माधोगढ़ कोतवाली के ग्राम सिहारी निवासी उदयवीर, कैलोर निवासी विजय सिंह, धमेंद्र सिंह और योगेंद्र सिंह के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने विवेचना कर आरोपियों के विरुद्ध 30 सितंबर को न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिए थे। दस साल तक चली सुनवाई के दौरान गवाहों और साक्ष्य के आधार पर गैंगस्टर कोर्ट के विशेष न्यायाधीश मुहम्मद कमर ने शुक्रवार को चारों आरोपियों को दोषी करार देते हुए सात साल के कारावास की सजा सुनाई। इसके अलावा दोषियों पर 10-10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

### धारा 144 का उल्लंघन करने पर लिखा मुकदमा

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कैलिया थाना क्षेत्र में जंगल में बने सिद्ध बाबा महाराज मंदिर में भीड़ के साथ दर्शन करने पहुंचे सपा जिलाध्यक्ष पर 144 धारा का उल्लंघन करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया। कैलिया थाने के उप निरीक्षक ने बताया कि वह बीती 18 सितंबर को क्षेत्र में गश्त पर थे। गश्त के दौरान देखा गया कि ग्राम सींगपुरा/कैमरा के जंगल में बने सिद्ध बाबा महाराज मंदिर में भीड़ है। जानकारी करने पर पता चला कि पुजारी रनछोर दास महाराज बिना अनुमति धारा 144 लागू होने के बाद भी सपा जिलाध्यक्ष दीपराज गुर्जर, राघवेंद्र सिंह की अगुवाई में करीब आधा सैकड़ा लोग कार्यक्रम आदि कर रहे हैं। उल्लंघन करने के आरोप में इन सभी पर मुकदमा दर्ज किया गया है। इनमें कई अज्ञात भी बताए गए है। इधर दर्शन करने गए सपा जिलाध्यक्ष पर मुकदमा लिखने की खबर जैसे ही जिले में फैली तो सपाइयों में आक्रोश फैल गया।

# श्रीरामचरित मानस अनुभव केन्द्र के लिए चयनित स्थल का मण्डलायुक्त ने किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस | अयोध्या



योगी सरकार अयोध्या धाम को विश्व स्तरीय पर्यटन नगरी के रूप में विकसित कर रही है। यहां आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को ठहरने एवं खान-पान सम्बंधित विभिन्न सुविधायें सुगमता से उपलब्ध कराये जाने को लेकर अयोध्या के गुप्तारघाट के समीप रामचरित मानस अनुभव केंद्र विकसित किया जा रहा है। सरयू नदी के निकट 75 एकड़ से अधिक क्षेत्रफल में अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा प्राइवेट संस्था के माध्यम से विकसित की जाने वाले श्रीराम चलित मानस अनुभव केन्द्र के लिए चयनित स्थल का मण्डलायुक्त ने शुक्रवार को निरीक्षण किया।

अनुभव केन्द्र के अन्तर्गत 125 टेंट्स की टेण्ट सिटी के साथ ही वाटर स्पोर्ट्स की सुविधा भी विकसित की जाएगी। उन्होंने बताया इस अनुभव केंद्र के अंतर्गत श्रीराम के जीवन चरित्र के साथ ही उनके जन्मस्थान अयोध्या एवं उत्तर प्रदेश की संस्कृति एवं परम्परा का अनुभव कराया जाएगा।अनुभव केन्द्र के अन्तर्गत 125 टेंट्स की टेण्ट सिटी के साथ ही राम दरबार, धार्मिक हाट, टायलेट ब्लाक, लैंडस्केप जोन, ओपन सिटिंग, सीता रसोई (किचन), श्री राम जल समाधि स्थल, लोक नृत्य स्टेज, म्यूजिक स्टेज, रामलीला इंटरटेरमेंट जोन, सिटिंग प्लाजा, अमरेला सेंड सिटिंग, फायर्स शो स्टेज, अनुभव केंद्र, कलाग्राम, श्री राम जाप पथ, ध्यान गुफा, योगा क्षेत्र, गेस्ट रूम, ओपेन एयर थिएटर, हीलिंग गार्डन, बाजार हाट, फूड कोर्ट, बहु उद्देश्यशीय हाल, घुड़ सवारी/इंडोर स्पोर्ट एरिया सहित अन्य सुविधाएं होंगी। वाटर स्पोर्ट्स की सुविधा भी विकसित की जाएगी। इसके उपरांत सरयू नदी के समीप स्थित चौधरी चरण सिंह घाट पर विकसित किये जा रहे अयोध्या हाट के अंतर्गत काटेज एवं फूड कोर्ट के कार्यो के कार्यो हेतु चयनित स्थलों का भौतिक निरीक्षण कर सम्बंधित विभाग व कार्यदायी संस्था के अधिकारियों आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

## सभी 24 काटेजों पर श्रीराम के अवतारों का विवरण प्रस्तुत किया जायेगा

मण्डलायुक्त ने चौधरी चरण सिंह घाट के बन्धे पर स्थित चौधरी चरण सिंह प्रवेश द्वार को आर्कीटेक्चर से डिजाइन करवाकर भव्य रूप से बनवाने के निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने चौधरी चरण सिंह घाट पर बनाये जा रहे 24 काटेजों व फूड कोर्ट का निरीक्षण किया। उन्होंने समस्त काटेजों को पूर्ण गुणवत्ता के साथ अयोध्या की कल्चरल थीम पर विकसित किये जाने के निर्देश दिये और फूड कोर्ट को भी गुणवत्ता पूर्ण से बनाने तथा नियमित साफ सफाई का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिये। उन्होंने उक्त समस्त कार्यो को माह दिसम्बर 2023 तक पूर्ण करने के निर्देश दिये। इस दौरान इनकी संचालन संस्था ने अवगत कराया कि काटेजों का निर्माण बाल्मीक रामायण से सम्बंधित सभी सातों कांडों पर आधारित होगा, जिन पर इसी से सम्बंधित मधुबनी पेन्टिंग की जायेगी तथा सभी 24 काटेजों पर श्रीराम के अवतारों का विवरण प्रस्तुत किया जायेगा। इसके उपरांत मण्डलायुक्त द्वारा टेन्ट सिटी के कार्यो का भी निरीक्षण किया गया तथा समस्त कार्यो को अपेक्षित समय में पूर्ण कर श्रद्धालुओं/पर्यटकों की सुविधा हेतु उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।

# चिलवरिया चीनी मिल परिसर में आयोजित हुआ विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर

जन एक्सप्रेस | बहराइच

उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बहराइच के अध्यक्ष /जनपद न्यायाधीश उत्कर्ष चतुर्वेदी के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बहराइच के तत्वावधान में श्रमिक/मजदूरो के हितार्थ सिम्भावली शुगर मिल यूनिट चिलवरिया में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव/अपर जिला जज विराट शिरोमणि की अध्यक्षता में विधिक जागरुकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रम प्रवर्तन अधिकारी रिजवान खान, चीनी मिल के सहायक महाप्रबन्धक महेश सिंह तथा बड़ी संख्या में श्रमिक व मिल के कार्मिक मौजूद रहे।

शिविर को सम्बोधित करते हुए अपर जिला जज श्री शिरोमणि ने बताया कि भारत में विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के अंतर्गत राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण का गठन किया गया है। जिसके अधीन प्रत्येक जिलों में कार्यरत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण समाज के कमजोर वर्गों को मुफ्त कानूनी सेवाएं प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्ति, जो न्यायालय अथवा तहसील में अपने मुकदमे की पैरवी करने में असमर्थ है, वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से निःशुल्क अधिवक्ता की सेवाओं का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। श्री शिरोमणि ने श्रमिकों का आहवान किया विधिक रूप से साक्षर बनकर श्रमिक हित में बनाएं कानूनों एवं अपने अधिकारों के प्रति जागरूक बने। श्री शिरोमणि ने नालसा द्वारा यौन शोषण पीड़ितों, नशा पीड़ितों एवं नशा उन्मूलन एवं दिव्यांग व्यक्तियों को विधिक सहायता जैसी 10 स्कीमों व किशोर न्याय अधिनियम आदि के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इच्छुक व्यक्ति नालसा के हेल्पलाइन नम्बर 15100 पर सम्पर्क कर विधिक सहायता एवं विधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

उन्होंने मौजूद लोगों को उनके मौलिक अधिकारों एवं कर्तव्यों के बारे जानकारी देते हुए कहा कि उ.प्र. पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना 2014 अन्तर्गत तेजाब, दुर्घटना व बलात्कार जैसे अपराध पीड़ित व्यक्ति मुफ्त चिकित्सा एवं क्षतिपूर्ति के लिए पीड़ित अथवा उसके आश्रित द्वारा संबंधित न्यायालय अथवा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच के कार्यालय में प्रार्थना-पत्र दिया जा सकता है।

# विकास कार्यो को लेकर सर्किट हाउस सभागार में हुई बैठक

जन एक्सप्रेस | अयोध्या

प्रदेश में योगी सरकार बनने के बाद अयोध्या के विकास कार्यों में काफी तेजी आई इसी क्रम में उत्तर प्रदेश विधानसभा की प्राक्कलन समिति वर्ष 2022-23 की द्वितीय उप समिति की बैठक सर्किट हाउस सभागार में आहूत की गयी। बैठक की अध्यक्षता सभापति लोकेंद्र प्रताप सिंह ने की बैठक में राजस्व विभाग, पंचायती राज विभाग, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, चिकित्सा शिक्षा विभाग, पर्यटन विभाग, गृह विभाग, नगर विकास विभाग व ग्राम्य विकास विभाग के कार्यो की विभागवार एवं योजनावार समीक्षा की। सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को प्राप्त समस्याओं को शीघ्र ठीक कराने हेतु समिति ने निर्देशित किया। बैठक में जिलाधिकारी नितीश कुमार ने समिति को धन्यवाद ज्ञापित किया तथा अयोध्या को एक विश्व स्तरीय सांस्कृतिक नगरी के रूप में स्थापित करने हेतु जनपद में संचालित विभिन्न महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर संक्षिप्त प्रकाश डाला। उन्होंने समिति को अवगत कराया कि अयोध्या में विगत वर्षो से तेज गति से विभिन्न विकास कार्य किये जा रहे है। धर्मपथ, रामपथ, भक्तिपथ, जन्मभूमि पथ सहित आवागमन को सुचारू करने हेतु रिंग रोड के कार्यो के प्रगति की जानकारी दी। उन्होंने एयरपोर्ट के प्रगति की जानकारी देते हुये कहा कि एयरपोर्ट का सम्पूर्ण कार्य तीन फेजों में किया जाना है।

तारून ब्लॉक में ग्राम मैहर कबीरपुर में होगा आयोजन

# आठ अक्टूबर को अयोध्या में होगा भारत के आल्हा सम्राट का चयन

✻ विजेता टीम को दिया जाएगा 1 लाख का चेक

जन एक्सप्रेस | अयोध्या



तारून ब्लॉक में ग्राम मैहर कबीरपुर के मलावन की बाग में 8 अक्टूबर को अयोध्या में भारत के आल्हा सम्राट का चयन होगा इसको लेकर चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है जिसमे भारत का सर्वश्रेष्ठ आल्हा का चयन किया जाएगा। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी के लिए कार्यक्रम संयोजक व अपना दल के प्रांतीय सचिव प्रमोद सिंह ने सिविल लाइन स्थित होटल में शुक्रवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया की आल्हा सम्राट चैंपियनशिप हमारे पिता स्वर्गीय पृथ्वी सिंह की याद में किया जा रहा है हर साल यह आयोजन जिले स्तर पर होता था अबकी कार्यक्रम में बदलाव करते हुए इसे बृहद रूप देते हुए भारत आल्हा सम्राट के चयन के लिए प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

यह आयोजन केवल आयोजन नहीं होगा बल्कि भारत में कौन आल्हा सर्वश्रेष्ठ है इसके चयन के लिए प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसमें भारत के हर राज्य व उत्तर प्रदेश के हर जनपद से आल्हा की टीम प्रतिभाग करेगी। जिसमें कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में यूपी सरकार में कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल के अलावा विशिष्ट अतिथि महंत राजकुमार दास, सांसद अंबेडकरनगर रितेश पांडे,और पूर्व मंत्री सदर विधायक सुल्तानपुर विनोद सिंह, अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, जलालपुर विधायक राकेश पांडे, गोसाईगंज विधायक अभय सिंह, विधायक खलीलाबाद अंकुर राज तिवारी, अवधेश द्विवेदी सहित अन्य उपस्थित रहेंगे।

आयोजन में विजेता को मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल के हाथों 100000 रुपए का चेक, उपविजेता को 51000 रुपए का चेक, व अन्य का पुरुस्कार दिया जाएगा। 8 अक्टूबर को यूपी आल्हा सम्राट फौजदार सिंह जौनपुर, रामरत पाण्डेय लालगंज, नेहा सिंह आल्हा शिरोमणि कानपुर, अताउल्लाह खान सीतापुर, सज्जन मिस्रा अमेठी सहित आल्हा जगत की कई हस्तियां अपनी प्रस्तुतियां देंगी। श्री सिंह ने बताया कि आजकल हम अपनी संस्कृति से दूर होते जा रहे हैं आज की पीढ़ियां आल्हा के बारे में कुछ नहीं जानती इसके जागरूकता और प्रचार प्रसार के लिए भारत में यह पहला बड़ा आयोजन हो रहा है जिसमें भारत आल्हा सम्राट का चयन करने के लिए चैंपियनशिप का आयोजन हो रहा है जिसमें प्रतिभाग करने वाले विजेताओं को पुरस्कृत करना उनके मनोबल को बढ़ाते हुए समाज में आल्हा के प्रचार प्रसार को बढ़ावा देना है।

यूपी आल्हा सम्राट फौजदार सिंह ने बताया कि उत्तर भारत में प्रचलित लोकगीत और संगीत का एक रूप, जो श्रोताओं को वीर रस का संचार करने में सक्षम है। लोक संगीत की इस शैली को 'आल्हा' के नाम से जाना जाता है। यह आयोजन निश्चित तौर पर सर्वश्रेष्ठ आयोजन होगा यह भारत का पहला ऐसा आयोजन है जो आल्हा कलाकारों कि कला का प्रदर्शन तो करेगा साथ ही इससे कलाकारों की हौसला अफजाई भी होगी।

# शिक्षा शास्त्र विभाग द्वारा अभिभावक शिक्षक गोष्ठी का आयोजन

जन एक्सप्रेस | बलरामपुर



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के एम एल के पी जी कॉलेज के शिक्षाशास्त्र विभाग की ओर से शुक्रवार को परास्नातक कक्षाओं के लिए शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में अभिभावकों से उनके पाल्यों के शैक्षणिक व सांस्कृतिक विकास के लिए सुझाव आमंत्रित किए गए।

जानकारी के अनुसार 22 सितंबर को महाविद्यालय प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय के निर्देशन में आयोजित गोष्ठी की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ दिनेश कुमार मौर्य ने की। उन्होंने गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी के उत्तरोत्तर प्रगति के लिए विभाग सदैव प्रयत्नशील है। विभाग के सभी शिक्षक विद्यार्थियों के समक्ष अध्ययन के दौरान आने वाली सभी समस्याओं का निराकरण करने के लिए तत्पर रहते हैं। गोष्ठी का संचालन करते हुए विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर लेफ्टिनेंट (डॉ) देवेन्द्र कुमार चौहान ने कहा कि विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास में विद्यालय व शिक्षकों के साथ साथ अभिभावकों की बड़ी भूमिका होती है। बैठक के दौरान छात्र-छात्राओं की कक्षाओं में उपस्थिति, अनुशासन, शैक्षणिक व तथा सांस्कृतिक गतिविधियों में सहभागिता, पाठ्यक्रम, पुस्तकालय आदि बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर विभागीय शिक्षक सीमा श्रीवास्तव, श्रीनारायण सिंह व आनंद प्रताप त्रिपाठी ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किए।

## अब कोटेदारों को बायोमेट्रिक के तुरंत बाद देना होगा राशन, डीएम ने दिए निर्देश

जन एक्सप्रेस | बलरामपुर

जिला पूर्ति अधिकारी कुमार निर्मलन्दु ने बताया कि उचित दर विक्रेताओं द्वारा राशन कार्ड धारकों/लाभार्थियों का ई-पॉस मशीन पर बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण कराते हुये, उसी समय आवश्यक वस्तुओं का वितरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यदि बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण/अंगूठा लगवाने के पश्चात् खाद्यान्न वितरण नहीं किया जाता है, तो उन उचित दर विक्रेताओं के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने जनपद के समस्त राशनकार्डधारको से अपील करते हुये कहा कि निर्धारित वितरण तिथियों में उचित दर दुकान पर जाकर ई-पॉस मशीन में बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण/अंगूठा लगाते समय ही खाद्यान्न प्राप्त कर लिया करें।

# ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर की जल निकासी और क्षतिग्रस्त डीप दुरुस्त कराने की मांग

जन एक्सप्रेस | बलरामपुर



विकासखंड तुलसीपुर के ग्राम पंचायत जयनगरा के रमनगरा कलां के ग्रामीणों ने क्षतिग्रस्त डीप व जल निकासी सुविधा को लेकर मार्ग पर प्रदर्शन किया। ग्रामीण ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर मार्ग को दुरुस्त कराने व जल निकासी सुविधा की मांग की है। ग्रामीणों ने प्रदर्शन करके अवगत कराया की गांव के नालियो का जल निकासी सुविधा न होने से सड़क पर पानी बहता रहता है। ग्राम पंचायत रमनगरा कलां के ग्रामीण विनय प्रहलाद आसाराम पिंटू नंद कुमार ललई रामदुलारे राम छबीली गंगाराम अशोक इंद्रेश मुन्नालाल कृष्ण कुमार अनूप ने प्रदर्शन करके बताया कि पिछले बाढ में रामनगर कला से लालबाझी के बीच में बना डीप बाढ़ के चपेट से क्षतिग्रस्त हो गया है। जिससे आवगमन बाधित है। इसके संबंध में संबंधित अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को अवगत भी कराया गया।

लेकिन समस्याओं को किसी ने ध्यान नहीं दिया। जिससे पिछले कई साल से ग्रामीणों को तमाम दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के समय इस डीप से निकलना मुश्किल हो जाता है। पानी का बहाव तेज होने के कारण इस डीप पर कई घटना भी घट चुका है। वहीं ग्राम पंचायत में नाली का निर्माण भले ही कर दिया गया। लेकिन जल निकासी की सुविधा न होने से गंदा पानी सड़क पर बहता रहता है। जिससे आवा गमन में छात्र-छात्राओं में राहगीरों के लिए खतरों से खाली नहीं रह गया है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत जिलाधिकारी से की है।

## खेतों की सिंचाई करने गए किसान पर चाकुओं से हमला

**जन एक्सप्रेस/सोहावल-अयोध्या।** रौनाही थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तहसीनपुर मजरे कुर्मी का पुरवा निवासी एक किसान रात में खेतों की सिंचाई करने गया था। इस दौरान पहले से घात लगाए बैठा अज्ञात नकाबपोश बदमाश ने पीछे से किसान पर चाकू से हमला कर दिया। हमले से घायल किसान को इलाज के लिए सीएससी सोहावल ले जाया गया। जहां से उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया है।

आरोप है कि ग्राम कुर्मी का पुरवा निवासी कैलाश वर्मा गुरुवार की रात करीब 9 बजे अपने ट्यूवेल पर खेतों की सिंचाई करने गया था। इस दौरान पीछे से एक अज्ञात नकाबपोश बदमाश ने किसान पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। बचाव के लिए किसान अपने ट्यूवेल में घुसकर दरवाजा बंद कर लिया।

# श्री अन्न के गुणों का गुणगान करेंगे शिक्षक, सुधरेगी बच्चों की सेहत

जन एक्सप्रेस | बहराइच

कृषि विभाग बहराइच के तत्वावधान में सांवरिया रिसार्ट लखनऊ रोड बहराइच में आयोजित एक दिवसीय उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के अन्तर्गत स्कूल करीकुलम के माध्यम से अध्ययन तथा परीक्षण कार्यक्रम का डीएम मोनिका रानी ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इसके पश्चात् कार्यक्रम स्थल पर स्टैन्डी के माध्यम से लगाये गये ज्वार, बाजरा, कोदो, सांवा के श्रीअन्न (मिलेट्स) की प्रदर्शनी को देखा। कार्यक्रम में उपस्थित इण्टर कालेज के अध्यापको को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि आज हमारे जीवन में श्री अन्न का अत्यन्त महत्व है, इसी लिए इसे सुपरफूड भी कहते है। वर्तमान जीवन शैली में स्वस्थ्य रहने के लिए अपनाना होगा श्री अन्न। उन्होनें उपस्थित अध्यापकों से अपेक्षा किया कि वे श्री अन्न के महत्व को अपने कक्षा के बच्चों को बताए जिससे उनके माध्यम से उनके माता-पिता सुपरफूड श्री अन्न की खेती ज्वार, बाजरा, कोदो, सांवा आदि की खेती की ओर उन्मुख हो सके। उन्होंने बताया कि वर्तमान पीढ़ी धान, गेहूँ, पिज्जा, बर्गर आदि से बने भोजन का उपयोग करते है जिससे वे कई तरह की बीमारियों से ग्रसित हो जाते है।

जिससे उनका अच्छा पैसा स्वास्थ्य सेवा पर खर्च करना पड़ रहा है। देश के प्रधानमंत्री प्रधानमंत्री ने वर्ष 2023 को इण्टरनेशनल ईअर आफ मिलेटस घोषित किया है तथा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मिलेटस के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए कई कार्यक्रमों के माध्यम से मिलेटस का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

इसी क्रम में अध्यापक बन्धुओं के साथ मिलेटस का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। डीएम ने इस अवसर पर पराली प्रबन्धन के बारे में बताया कि वर्ष 2020-21 में 115, वर्ष 2021-22 में 60, वर्ष 2022-23 में कुल 23 पराली जलाने की घटनाएं हुई थी। इस वर्ष इसे शून्य पर लाया जाना है।

# समाज के लिए जीने वाले लोग अमर हो जाते हैं: अंबिका

जन एक्सप्रेस | बहराइच



समाजसेवी स्व. वेद प्रकाश पटवा की प्रथम पुण्य तिथि पर सरस्वती शिशु मंदिर फखरपुर में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। श्रद्धांजलि सभा में सर्वप्रथम वेद प्रकाश पटवा के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए।

श्रद्धांजलि सभा में अपने भावों को व्यक्त करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य उमेश शुक्ला ने कहा की स्व0 वेद प्रकाश सरस्वती शिशु मंदिर के लिए सदैव समर्पित रहते थे, जब भी विद्यालय को किसी प्रकार की आवश्यकता होती थी वह सदैव आगे बढ़कर विद्यालय के लिए कार्य करते थे।

श्रद्धांजलि सभा में अपनी भावांजलि अर्पित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक डॉ अवधेश ने कहा की श्री पटवा विद्यालय के विविध दायित्वों में रहते हुए अंतिम समय में भी उप प्रबंधक रहे और संघ के असाधारण कार्यकर्ता थे उनका जाना फखरपुर के लिए अपूर्णीय क्षति है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग कार्यवाह अंबिका प्रसाद वर्मा ने कहा की आदरणीय वेद प्रकाश जी संघ के कर्तव्यनिष्ठ स्वयंसेवक एवं कार्यकर्ता थे, जिला संघचालक कृष्णानंद शुक्ला ने कहा की जब वेद प्रकाश जी खंड कार्यवाह थे उस समय फखरपुर खंड में चारो ओर संघ की शाखाओं का अच्छा काम था वैसा काम खड़ा करना आज भी कठिन है।

खंड संघचालक श्री छोटेराम शुक्ला ने कहा की संघ कार्य के लिए वेद प्रकाश जी का सीमित संसाधनों में भी अभूतपूर्व समर्पण रहता था। आर्य समाज फखरपुर के मंत्री सत्य नारायण गुप्ता ने कहा की फखरपुर के सामाजिक कार्यों में सदैव बढ़ चढ़कर अपनी भूमिका का निर्वहन वेद प्रकाश करते थे, समाज में उनकी कमी सदैव हम सबको अनुभव होती है। हम जैसे तमाम कार्यकर्ताओं को गढ़ने का कार्य आदरणीय वेद प्रकाश जी ने अपने जीवन में किया।

वेद टेलीकाम सेंटर के निदेशक विष्णु कुमार पटवा ने अपनी यादों को साझा करते हुए कहा कि पिता जी को गरीब बच्चो को पढ़ाना लिखाना तथा उनकी चिंता करना बहुत प्रिय था,वह बात आज भी हमे समाज के लोगो के लिए कार्य करने की प्रेरणा प्रदान करती है।

सरस्वती शिशु मंदिर फखरपुर के उप प्रबंधक तथा वेद सेवा संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज कुमार पटवा ने कहा की अपना काम रोककर भी यदि समाज का कार्य करना पड़े तो आदरणीय पिता जी पीछे नहीं हटते थे, अपने संस्मरण को साझा करते हुए बताया कि शिशु मंदिर की दीवार को लेकर कुछ लोगो से कहासुनी हुई तो अपना खेत बेचकर विद्यालय की दीवार खड़ी करने का कार्य किया।सामाजिक कार्यकर्ता दामोदर प्रसाद जी ने कहा की एक छोटी सी दुकान चलाकर भी समाज कार्य में सदैव तत्पर रहते थे, दुकान के बाद सीधे विद्यालय में आना और बाल संस्कार केंद्र चलाना यह उनका सहज स्वभाव था। सदैव कहते थे कि समाज को आगे बढ़ाना है तो शिक्षित करना बहुत आवश्यक है। श्रद्धांजलि सभा में आयोजित भाषण प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त सभी विजेता प्रतिभागियों को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। वेद सेवा संस्थान के अध्यक्ष पंकज कुमार पटवा ने बताया कि विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को वेद प्रकाश पटवा मेमोरियल गोल्ड मेडल से सम्मानित किया जाएगा तथा सम्पूर्ण शुल्क प्रतिपूर्ति संस्थान की ओर से किया जाएगा। श्रद्धांजलि सभा में वरिष्ठ आचार्य देशराज, संदीप अवस्थी, अजय पटवा, कमलेश पटवा सहित सैकड़ों बच्चों ने अपनी भावांजलि अर्पित की।

# समाजवादी शिक्षक महासभा के अध्यक्ष बने जितेन्द्र मौर्य

जन एक्सप्रेस | बहराइच



समाजवादी पार्टी की ओर से किसान पीजी कॉलेज के राजनीति शास्त्र विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत डॉ. जितेन्द्र मौर्य को समाजवादी शिक्षक महासभा का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। इस मनोनयन के बाद कालेज के स्ववित्तपोषित शिक्षकों की ओर से राजनीति शास्त्र विभाग में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह में डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय स्ववित्तपोषित शिक्षक संघ के अध्यक्ष, डॉ राजू निगम की ओर से डॉ जितेंद्र मौर्य को समाजवादी शिक्षक सभा का जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर माला पहनाकर तथा मुंह मीठा कराकर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि इस मनोनयन से स्ववित्तपोषित शिक्षकों का संघर्ष और तेज होगा। उन्होंने श्री मौर्य के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

इसी क्रम में किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय के शिक्षक डॉ. स्मृति वर्मा, डॉ सुधा शुक्ला, डॉ. तस्नीम फातिमा जैदी, डॉ. स्मृति वर्मा, डॉ सुधा शुक्ला, डॉ अर्चना निगम, डॉ बैजनाथ श्रीवास्तव, डॉ प्रशांत श्रीवास्तव, डॉ शैलेश, डॉ अंजनी शुक्ल, जितेंद्र चौधरी, राजेंद्र सिंह, शैलेंद्र प्रताप सिंह, डॉ कुमैल अब्बास, डॉ ज्ञानेंद्र मणि त्रिपाठी, डॉ श्रेयात, सुब्रत द्विवेदी, रूपचंद्र, डॉ राम बदन वर्मा, राजनीति विज्ञान विभाग के प्रभारी अंबुज मिश्र, वरिष्ठ पत्रकार अजय त्रिपाठी आदि शिक्षकों ने डॉ जितेंद्र मौर्य को मिठाई खिलाकर तथा माला पहनाकर शुभकामनाएं व बधाई दी।

# प्रदेश में 356 विशेषज्ञ समेत 749 चिकित्सकों की हुई भर्ती

* बरेली मंडल के सरकारी अस्पतालों को मिले 42 नए चिकित्सक
* शासन स्तर से पीएमएचएस संवर्ग में साक्षात्कार के आधार पर हुआ चयन

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**



"प्रदेश में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। चिकित्सकों की कमी को पूरा करने में 749 चिकित्सकों को परामर्शी के तौर पर अनुबंधित कर तैनाती दी गई है। इससे पूरे प्रदेश के सभी जिले लाभान्वित होंगे। आकांक्षी जनपदों व बुंदेलखंड क्षेत्र में खासा ध्यान रखा गया है जिससे रोगियों को अधिक से अधिक लाभ मिल सके। मंडलीय चिकित्सालयों में चिकित्सकों की संख्या बढ़ाई गई है, जिससे रेफर होने वाले रोगियों को बेहतर इलाज मिल सके। जिला मुख्यालयों पर विशेषज्ञ चिकित्सक भेजे गए हैं जोकि स्वस्थ समाज के निर्माण में अहम भूमिका निभाएंगे।

–डा. राजागणपति आर, निदेशक (प्रशासन), चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, उत्तर प्रदेश

प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में चिकित्सकों की कमी से हिलोरे खाती स्वास्थ्य सेवाओं को सुधारने व मजबूत करने के लिए योगी सरकार ने बड़ी संख्या में चिकित्सकों की भर्ती की है। उत्तर प्रदेश प्रोविंशियल मेडिकल हेल्थ सर्विसेज संवर्ग में शर्तों एवं अनुबंध के आधार पर एमबीबीएस/विशेषज्ञ चिकित्साधिकारियों की नियुक्ति साक्षात्कार (वाक-इन-इंटरव्यू) के माध्यम से की गई है। बुधवार शाम घोषित हुए परिणाम में कुल 749 चिकित्सकों का चयन कर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में भेजा गया है, जिसमें 356 विशेषज्ञ चिकित्सक व 393 एमबीबीएस शामिल हैं। बड़े पैमाने पर हुई भर्ती से प्रदेश के सभी 75 जिलों को नए डाक्टर मिले हैं जिससे सरकारी अस्पतालों की स्वास्थ्य सेवाएं संचालित करने में मदद मिलेगी। नव चयनित चिकित्सकों को अधीन मुख्य चिकित्साधिकारी/ जिला चिकित्सालयों में एक वर्ष हेतु परामर्शी के पद पर अनुबंधित किया गया है। साथ ही सशर्त एक वर्ष का सेवा विस्तार भी शामिल किया गया है। प्रदेश के 75 जिलों को ए, बी, सी व डी श्रेणी में विभाजित कर श्रेणीवार विशेषज्ञ एवं एमबीबीएस चिकित्सकों का अलग-अलग मानदेय भी निर्धारित किया गया है। सरकार द्वारा प्रति चिकित्सक 50,000-1,20,000 रुपये तक मानदेय वहन किया जाएगा। प्रदेश के स्वास्थ्य भवन में तैनात निदेशक (प्रशासन) डा. राजागणपति आर ने चयनित चिकित्सकों की सूची जारी करते हुए 15 दिन के भीतर योगदान आख्या प्रस्तुत करने के आदेश दिए हैं। साथ ही संबंधित जिला स्तरीय स्वास्थ्य अधिकारियों को योगदान आख्या की तिथि से एक सप्ताह के भीतर परामर्शी का पंजीकरण मानव संपदा पोर्टल पर कराने के निर्देश दिए गए हैं।

बरेली मंडल के चारों जनपदों में कुल 42 नए चिकित्सकों को तैनाती मिली है जिसमें 17 विशेषज्ञ चिकित्सक शामिल हैं। जनपद बरेली को 16, शाहजहांपुर को 12, पीलीभीत को 8 व बदायूं को 6 नए चिकित्सक दिए गए हैं। जनपद बरेली के जिला अस्पताल में डा.फिरोज अहमद व डा. पीयूष सारस्वत को आर्थो, डा.उमेश चंद्र गुप्ता व डा. रज़ा फैज़ान को बाल रोग, डा.पारस जैन को ईएनटी, डा. रानी को स्त्री एवं प्रसूति रोग के विशेषज्ञ के तौर पर चयनित किया गया है। बरेली में ही 100 बेड एमसीएच विंग में डा. मुजीबुर्रहमान को पैथोलॉजी, डा. नाज़िम सुल्तान को स्त्री एवं प्रसूति रोग व डा.अभिषेक शर्मा को सीएमओ अधीन जनरल सर्जरी में तैनाती दी गई है। इसके अलावा सीएमओ बरेली के अधीन डा. सुमित कुमार सिंह, डा.शिवम गंगवार, डा. विशेष कुमार सिंह, डा. ललतेश कुमार, डा.बासू बिसारिया, मोहम्मद अराफत व देवेंद्र कुमार को तैनाती मिली है।

बदायूं के जिला अस्पताल में राजेश कुमार शाक्य को नेत्र सर्जन, अमित कुमार गुप्ता व ऋषिम अग्रवाल को जनरल सर्जन बनाया गया है। साथ ही एमबीबीएस चिकित्सक राहुल कुमार, विनोद कुमार व तौफीक अहमद को सीएमओ अधीन भेजा गया है। शाहजहांपुर में 12 एमबीबीएस चिकित्सकों को सीएमओ अधीन भेजा गया है जिसमें मृगांका गुप्ता, गजेंद्र सिंह, मनोज कुमार, पंकज कुमार शुक्ला, अवधेश कुमार, अल्पित कुमार शुक्ला, कुलदीप कपूर वर्मा, तरुण कनौजिया, मोहम्मद आमिर हुसैन, आलोक कुमार, पंकज कुमार व अभय सिंह राजपूत शामिल हैं।

### पीलीभीत में पांच विशेषज्ञ समेत कुल आठ नए डाक्टर

पीलीभीत में लंबे समय से चली आ रही चिकित्सकों की मांग पर आखिर शासन ने सुनवाई की है। निदेशक (प्रशासन) डा.राजागणपति आर ने सीएमओ डा. आलोक कुमार द्वारा अवगत कराई गईं स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप डा. चरित बोरा को न्यूरोसर्जरी, अभिनव कुमार को चर्म रोग, रुचिता गुप्ता व रतिका अग्रवाल को जनरल सर्जरी एवं जावेद अहमद खान को आर्थो विशेषज्ञ के तौर पर भेजा है। साथ ही राहुल कुमार गौतम, हसन असघर ज़ैदी व शबीना बी को एमबीबीएस चिकित्सक के रूप में तैनाती मिली है।



## मांगे पूरी न होने तक जारी रहेगी भूख हड़ताल: प्रधान

* वन विभाग से एनओसी के बाद चैनेलाइजेशन का कार्य शीघ्र कराने की मांग

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**



**हजारा/पूरनपुर।** संघर्ष समिति के बैनर तले बारहवें दिन भी क्रमिक भूख हड़ताल जारी रही। क्रमिक भूख हड़ताल में सैकड़ो महिलाओं ने भाग लिया। ग्रामीणों का कहना है कि मांगे पूरी न होने तक भूख हड़ताल जारी रहेगी। शासन-प्रशासन द्वारा पीड़ित ग्रामीणों की समस्या पर गौर नहीं किए जाने पर ग्रामीणों में आक्रोश भी पनपता जा रहा है। पूरनपुर तहसील के गांव चंदिया हजारा,राहुल नगर मजदूर बस्ती व खिरकिया बरगदिया कालोनी नंबर छः को शारदा नदी के भू कटान और बाढ़ से बचाने के लिए और डेजिंग द्वारा चैनेलाइजेशन कार्य कराने और वन विभाग मंत्रालय से एनओसी दिलाने की मांग पीड़ित ग्रामीणों ने कई बार किया मगर कोई सुनवाई नहीं होने पर ग्रामीणों ने क्रमिक भूख हड़ताल शुरू कर शासन-प्रशासन का ध्यान अपनी समस्याओं की ओर आकृष्ट कराने का प्रयास किया है।चंदिया हजारा क्षेत्र बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले इस क्रमिक भूख हड़ताल के आज बारहवें दिन गांव व क्षेत्र की महिलाओं ने पहुंचकर मोर्चा संभालते हुए क्रमिक भूख हड़ताल में शामिल होते हुए क्षेत्र की इन गंभीर समस्याओं के रोकथाम व बचाव कार्य शीघ्र शुरू कराने की मांग किया है।इस क्रमिक भूख हड़ताल में प्रमुख रूप से चपला मजूमदार,सुचित्रा सिंह, रंजीता मंडल, रेखा मंडल,संगीता कीर्तनिया, सीता राय, अनिमा सरकार, साधना सरकार, आरती विश्वास, काजल समाद्दार, छवि मिस्त्री, मलिना मंडल सहित कुल अठारह महिलाएं शनिवार को अनशन में शामिल रहीं। इस क्रमिक भूख हड़ताल के बारह दिन बाद भी कोई सकारात्मक पहल न किए जाने पर शासन-प्रशासन के प्रति ग्रामीणों में आक्रोश पनपता जा रहा है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### पुलिस अधीक्षक अचानक पहुंचे थाने मचा हड़कंप



**जन एक्सप्रेस/जौनपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अजय पाल शर्मा शुक्रवार दोपहर अचानक बदलापुर थाना परिसर पहुंचते ही हड़कंप मच गया। जब तक लोग कुछ समझ पाते पुलिस अधीक्षक बगैर किसी आवा भगत कराये सीधे कार्यालय में पहुंच कर आफिस में ही बैठकर समस्त अभिलेख जैसे महिला हेल्पडेक्स, जनसुनवाई रजिस्टर, हिस्ट्रीशीट रजिस्टर,सीसीटीएनएस आदि को चेक किया। और संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। तब जाकर लोग राहत की सांस ली।

### संयुक्त बार एसोसिएशन के पदाधिकारी के साथ डीएम ने बैठक की संपन्न



**जन एक्सप्रेस/पीलीभीत।** जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार ने संयुक्त वार एसोसिएशन के पदाधिकारियों को पत्र भेजकर आज एक आवश्यक बैठक कलेक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने एसोसिएशन के पदाधिकारियों बातचीत कर न्यायिक कार्यों को सुचारू रूप से संचालन करने का आग्रह किया। इस दौरान एसोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा अवगत कराते हुये कहा कि आज शाम तक एक बैठक कर न्यायिक कार्य सुचारू रूप से संचालन का प्रयास किया जायेगा। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा, अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) श्रीराम सिंह गौतम, नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार सिंह, विवेक पांडे (अध्यक्ष) सिविल बार एसोसिएशन, कुलविंदर सिंह (अध्यक्ष) सेंट्रल बार एसोसिएशन, धीरेन्द्र मिश्रा (अध्यक्ष) संयुक्त बार एसोसिएशन, आनंद मिश्रा (महासचिव) संयुक्त बार एसोसिएशन एवं विवेक अवस्थी (महासचिव) सेंट्रल बार एसोसिएशन आदि उपस्थित रहें।

### हजारा पुलिस ने आधा दर्जन वारंटियों को भेजा जेल



**जन एक्सप्रेस/हजारा/पूरनपुर।** वारंटियों के खिलाफ धर पकड़ अभियान चलाते हुए हजारा पुलिस ने पूर्व चौकीदार सहित आधा दर्जन वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल दिया। उच्चाधिकारियों के दिशा निर्देश एवं हजारा थानाध्यक्ष के नेतृत्व में वारंटियों के खिलाफ धर पकड़ अभियान चलाते हुए हजारा पुलिस ने विजयनगर निवासी वारंटी एक पूर्व ग्राम चौकीदार रामदेव टोपी फॉर्म कबीरगंज निवासी वारंटी गुरदीप सिंह उर्फ दीपा व मनदीप सिंह जनता फॉर्म कबीरगंज निवासी वारंटी गुरकीरत उर्फ रिक्की सिंह व हरजिंदर उर्फ सेंटी सिंह श्रीनगर का मजरा चिरैया टोला निवासी लाल बचन को पुलिस टीम ने अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया वारंटियों के धर पकड़ अभियान के दौरान हजारा थानाध्यक्ष परमेंद्र कुमार उप निरीक्षक संजीव कुमार आरक्षी कन्हैया शर्मा,अश्विनी कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। इधर पुलिस के द्वारा एक दिन पहले चंदिया हजारा पुलिस चौकी क्षेत्र के राहुल नगर सखुवानी कॉलोनी के भी गारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था ।उधर हजारा थाना अध्यक्ष परमेंद्र कुमार ने बताया है कि उच्चाधिकारियों के दिशा निर्देश पर वारंटियों के खिलाफ धर पकड़ अभियान चलाया जा रहा है ऐसे सभी वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

## औषधि निरीक्षक नेहा वैश ने लगातार दो दिनों से की छापेमारी

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

**अमरिया।** ज़िलाधिकारी के दिशानिर्देश पर औषधि निरीक्षक नेहा वैश द्वारा थाना जाहानाबाद के अंतर्गत ग्राम परेवा वैश व डांग मे लगातार दो दिन से छापामारी की गयी। दवा व्यवसायी मैसर्श के.जी.एन. मेडिकल स्टोर पर औचक निरीक्षण कर दवा भंडारण मे भारी अनियामित्तायें पायी गयी मौके पर कुछ स्वापक एवं मन प्रभावी औषाधियां भंडारित थी। जिसके बिल प्रतिष्ठान स्वामी नहीं दिखा सके तत्काल प्रभाव से अग्रिम आदेशों तक प्रतिष्ठान को बंद करवा कर औषाधियों के कर्य एवं विक्रय पर रोक लगा दी।औषधि निरीक्षक द्वारा मामले को आख्या के माध्यम से सहायक आयुक्त (औषधि) बरेली मंडल, बरेली को सूचना प्रेषित की गयी। ज़िनके द्वारा नोटिस के माध्यम से नियामानुसार कार्यवाही की जायेगी। ग्राम करगैंना थाना जाहानाबाद स्थित एक अन्य के.जी.एन. मेडिकल स्टोर पर औचक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण में दवाओं के क्रय् व विक्रय से संवंधित बिल आदि की जाँच की गयी व उक्त प्रतिष्ठान में प्राप्त कमियों की आख्या मौके पर तैयार कर सहायक आयुक्त (औषधि) बरेली मंडल को प्रेषित की गयी व तत्काल कार्यवाही करते हुए मौके पर दवा विक्रय पर रोक लगा दी गयी और प्रतिष्ठान को बंद कारवा दिया गया। मेडिकल स्वामी के विरुद्ध नोटिस के माध्यम से नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।









### नगर पालिका अध्यक्ष ने किया मेले का शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

जनपद के ऑकेजन बैंकट हॉल में एक दिवसीय मेले का आयोजन किया जिसमें मुख्य अथिति के रूप नगर पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल द्वारा मेले का शुभारंभ किया गया।इस मेले में विभिन्न शहरों की महिला उद्यमियों ने आकर अपने स्टाल लगाए। इस मेले में विभिन्न प्रकार के स्टाल लगे थे जिसमें ज्वेलरी, कपड़े, अचार, होम डेकोर मसाले, गुजराती चादरे मुख्य रूप से लगी। जनपद वासियों में अधिकांश महिलाओं ने खरीदारी करी और डॉ आस्था अग्रवाल ने मेले में घूम कर अवलोकन किया और इस मेले की प्रशंसा की। मेले में आयोजन हमारी कार्यकारिणी सदस्य पूनम , अंजली सिंघल, निशा, नीलिया, स्वीटी द्वारा मुख्य भूमिका निभायी।

## ईको सवार बदमाशों ने बच्चों के अपहरण का किया प्रयास

* सहमे बच्चों ने धान के खेत में छुपकर दी पीआरवी को सूचना
* पुलिस को देख मौके से फरार हुए बदमाश

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

**पूरनपुर।** घुंघचाई हाईवे पर मॉर्निंग वॉक के लिए निकले बच्चों का ईको सवार आधा दर्जन बदमाशों ने अपहरण का प्रयास किया।बदमाशों के डर से बच्चों ने हाईवे के किनारे धान के खेत में छुपकर सूचना पीआरबी को दी। मौके पर पहुंची पीआरबी को देख ईको सवार बदमाश मौके से फरार हो गए।घटना को लेकर खलबली मची रही। घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव दिलावरपुर निवासी पांच बच्चे हर रोज की तरह शुक्रवार तड़के साढ़े तीन बजे मॉर्निंग वॉक कर घुंघचाई हाईवे पर पूरनपुर की ओर जा रहे थे। घुंघचाई पेट्रोल पंप के पास पहुंचने पर पीछे से आए ईको सवार आधा दर्शन बदमाशों ने हाईवे पर गाडी को रोक कर बच्चों को अपहरण करने का प्रयास किया। अचानक गाड़ी से उतरे बदमाशों को देख बच्चे भाग खड़े हुए। बदमाशों ने टार्च की रोशनी से बच्चों का काफी दूर तक पीछा किया। बच्चे बदमाशों को देख हाईवे के किनारे स्थित धान के खेत में छुपकर बैठ गए। बदमाश टोर्च की रोशनी से बच्चों को धान के खेत में काफी देर तक खोजते रहे। हाईवे पर आवागमन न होने से आधा घंटा से अधिक समय तक बदमाश हाईवे पर खड़े रहे।एक बच्चे ने फोन से मामले की जानकारी पीआरबी को दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पीआरबी ने हाईवे पर ईको सवार बदमाशों का पीछा किया। घटना को लेकर खलबली मची है।जानकारी के बाद मौके पर पहुंचे स्वजन बच्चों लेकर घर गए। प्रभारी निरीक्षक रामसेवक राजवंशी ने बताया कि ऐसा कोई भी मामला संज्ञान में नहीं आया है।

## पूर्व सांसद के भाई का निधन शोक में स्कूल, कॉलेज, बाजार बंद

* पूर्वांचल विश्वविद्यालय में शोकसभा का आयोजन अवकाश

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**





पूर्व विधायक स्वर्गीय राजबहादुर यादव के पुत्र व पूर्व सांसद स्वर्गीय अर्जुन सिंह यादव के छोटे अनुज समाजसेवी सुभाषचंद्र यादव का हृदयाघात के चलते शुक्रवार की भोर मे निधन हो गया। निधन की खबर लगते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई । शोक संवेदना प्रकट करने वालों का ताता लग गया। इस दौरान वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय समेत क्षेत्र के सभी डिग्री इंटर जूनियर प्राइवेट कॉलेज में शोकसभा कर बंद कर दिया गया। बता दें कि प्रबंधक समाजसेवी 67 वर्षीय सुभाषचंद्र यादव की रात शुक्रवार की भोर में अचानक तबीयत खराब हुई और 2 बजे के करीब हृदयाघात के चलते उनका निधन हो गया। निधन की खबर लगते ही पूर्व राज्यमंत्री शैलेंद्र सिंह यादव ललई, विधायक रागनी सोनकर, पूर्व एमएलसी लल्लन प्रसाद यादव, पूर्व विधायक श्रद्धा यादव, पूर्व अध्यक्ष राजबहादुर यादव, प्रदेश सचिव राकेश मौर्य, राजीव रंजन यादव, पूर्व प्रमुख दीपचंद सोनकर, भाजपा नेता पप्पू यादव,रामकृपाल, महामंत्री रमेशचंद यादव, पूर्व महामंत्री स्वतंत्र कुमार, राधेश्याम सिंह मुन्ना, प्राचार्य ज्योतिष प्रकाश, तेज बहादुर मौर्य, पूर्व प्रधान वीरेंद्र सिंह मोनू सिंह घनश्याम सिंह राजेंद्र सिंह राय साहब सिंह नीतिश सिंह छोटू सिंह दिलीप प्रजापति समेत हजारो लोग घर पहुंच कर उनके पुत्र विवेक यादव, डॉ आलोक यादव ,भाई लालचंद यादव लाले, डॉ जितेंद्र यादव से शोक संवेदना जताई । इसके बाद रामघाट पर पहुंचकर श्रद्धांजलि दी और अन्तिम संस्कार किया । उनके निधन पर पीयू कर्मचारी संघ के अध्यक्ष नन्दकिशोर सिंह, महामंत्री रमेशचंद्र यादव के नेतृत्व मे पूर्वांचल विश्वविद्यालय में शोकसभा का आयोजन कर विश्वविद्यालय को बंद किया कर दिया गया। इसके अलावा जनता जनता जनार्दन इंटर कॉलेज प्रबंधन लालसाहब यादव एव रघुवर गंगा स्मारक इंटर कॉलेज जंगीपुर खुर्द में प्रबंधक व पूर्व प्रधानाचार्य डा जगन्नाथ यादव ने शोकसभा का आयोजन कर को कॉलेज बंद किया

# वायरल वीडियो कहीं बन न जाए थानाध्यक्ष के गले की फांस

* थाने पर लगे सीसीटीवी कैमरे खोलेंगे राज, किशोरी को जबरन थाने लाने का आरोप है सत्य या निराधार
* जिलाधिकारी को पुन: प्रार्थना पत्र देकर उच्चस्तरीय जांच कराने की पीड़ित के परिवार ने की है मांग

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

जलालपुर थानाध्यक्ष रामसरीख गौतम की मुसीबतें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। नाबालिक किशोरी द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच अभी चल ही रही थी कि मौकायेवारदात का वायरल वीडियो अब थानाध्यक्ष के गले की फांस बनती दिखाई दे रही है। वीडियो में थानाध्याक्ष रामसरीख गौतम पीड़ित नाबालिग किशोरी के घर से विपक्षियों के साथ निकलते दिखाई दे रहे हैं। राजेपुर गांव निवासी पीड़ित नाबालिग किशोरी जन्नतबानो ने जलालपुर थानाध्यक्ष रामसरीख गौतम पर आरोप लगाया है कि बीते मंगलवार को हमारे विपक्षियों से मिलकर मौके पर खड़े होकर थानाध्यक्ष उसके परिवार की जमीन पर जबरन खड़ंजा लगवा रहे थे जब किशोरी ने थानाध्यक्ष की दबंगई का वीडियो छत से बनाना शुरू किया तो थानाध्यक्ष विपक्षियों के साथ उसके घर में घुस गए और विपक्षियों से पकड़वाकर उसे जमकर मारा पीटा। किशोरी का यह भी आरोप है कि थानाध्यक्ष ने उसके परिजनों को भी मारा पीटा और खड़ंजा लगवाने में अवरोध उत्पन्न न करने के लिए डराया धमकाया। जब हम लोग नहीं माने और खड़ंजा लगाये जाने का बार-बार विरोध किया तो गुस्साए थानाध्यक्ष ने नाबालिक किशोरी जन्नतबानो तथा उसके बड़े पिता अलीरजा को पुलिस की गाड़ी में बैठकर थाने लाकर मारापीटा। नाबालिक किशोरी जन्नत बानो की माता राबिया ने जिलाधिकारी को दिए गए प्रार्थना पत्र में थानाध्याक्ष पर और कई आरोप लगाये हैं जिसकी जांच चल रही है।



### खड़े होकर खड़ंजा लगवाने का थानाध्यक्ष का वीडियो वायरल

पीड़ित जन्नत बानो के परिजनों का थानाध्यक्ष पर एक आरोप यह भी था कि थानाध्यक्ष विपक्षियों से मिलकर मौके पर खड़े होकर खड़ंजा लगवा रहे थे। पीड़िता के परिवार के लोगों ने बताया कि खड़ंजा लगवाने का वीडियो भी वायरल हो रहा है वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि थानाध्यक्ष जिस समय वीडियो रिकॉर्डिंग कर रहे थे उस समय मौके पर कोई खड़ंजा नहीं था कुछ ही देर बाद के वीडियो में लगभग आधा खड़ंजा लगने तक थानाध्यक्ष मौके पर ही पूरी फोर्स के साथ डटे दिखाई दे रहे हैं।

### थाने पर लगे सीसीटीवी कैमरे खोलेंगे राज, किशोरी का आरोप है सत्य या निराधार

**जफराबाद।** थाने पर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज से ही यह राज खुलेगा कि पुलिस की गाड़ी से नाबालिग किशोरी को लाया गया है या किशोरी खुद चलकर थाने पर आई थी। क्षेत्राधिकारी का बयान आने के बाद इस बात को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। दरसल राजेपुर गांव निवासी नाबालिग किशोरी जन्नत बानो को बीते मंगलवार को मारपीट कर घर से जबरन उठाकर पुलिस की गाड़ी में बैठाकर थाने लाकर पिटाई करने का मामला जब तूल पकड़ने लगा तो क्षेत्राधिकार केराकत गौरव शर्मा द्वारा वीडियो बनाकर एक बयान जारी किया गया। बयान में किशोरी के द्वारा लगाए गए थानाध्यक्ष पर सारे आरोपों को प्रथम दृष्टया असत्य बताया गया और इससे पहले भी मीडिया से बातचीत में क्षेत्राधिकार ने बताया था कि नाबालिग लड़की खुद चलकर थाने पर आई थी और शाम को उसे उसी के गांव के ही एक व्यक्ति को सुपुर्दगी में दे दिया गया। क्षेत्राधिकारी के बयान से यह साबित हो गया कि नाबालिक किशोरी को पुलिस द्वारा हिरासत में लिया गया था। अब सवाल यह उठ रहा है कि नाबालिक किशोरी जन्नत बानो को पुलिस उसके घर से उठाकर लाइ थी की वह खुद चलकर थाने पर आई थी और थाने पर आने के बाद उसको पुलिस ने मारा पीटा है या नहीं । आखिरकार नाबालिक लड़की के साथ थाने में उस समय क्या-क्या हुआ इन सारे राज से पर्दा तभी उठेगा जब थाने पर लगे सीसीटीवी फुटेज अधिकारियों द्वारा खंगाला जाएगा। हालांकि क्षेत्राधिकारी ने बयान में यह भी कहा है कि जांच की जा रही है यदि पुलिसकर्मी दोषी पाए जाएंगे तो उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी ।

### बचाव में पुलिस ने खड़ंजा उखाड़ने का वीडियो किया वायरल

**जफराबाद।** जलालपुर थानाध्यक्ष रामसरीख गौतम राजेपुर गांव में खड़े होकर खड़ंजा लगवाने तथा नाबालिक किशोरी को घर में घुसकर मारने पीटने तथा जबरन किशोरी को घर से थाने पर लाकर मारने- पीटने सहित तमाम आरोपों से घिरने लगे तो उन्होंने भी अपने बचाव में एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया। वायरल वीडियो में साफ दिखाई दे रहा था कि नाबालिक किशोरी जन्नत बानो तथा उसके साथ एक महिला खड़ंजे की ईटों को उखाड़ रही है। वायरल वीडियो के बारे में जब जानकारी ली गई तो पता चला वायरल वीडियो लगभग दो माह पुराना है। वायरल वीडियो के बारे में पीड़ित के परिजनों ने बताया कि लगभग दो माह पूर्व कुछ लोगों के दबाव में मेरे जमीन में जबरन खड़ंजा लगाया गया था जिसे हम लोगों द्वारा उखाड़ कर फेंक दिया गया था। परंतु बीते मंगलवार को थानाध्यक्ष महोदय मौके पर खड़े होकर खड़ंजा लगवा रहे थे खड़ंजा लगवाने का उनके पास किसी सक्षम अधिकारी का आदेश भी नहीं था। एसडीएम ने जो आदेश किया था उसमें स्पष्ट रूप से केवल बाउंड्री का निर्माण न करने के लिए कहा गया था न कि खड़ंजे के पुनर्निर्माण का कोई आदेश था।

# कानपुर की क्राइम ब्रांच पुलिस ने नाइजीरियन लुटेरा ठग किया गिरफ्तार

✱ सहयोग करने वाले दो और साथियों को भी दबोचा

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



इंस्टाग्राम का फेक एकाउंट बनाकर ठगी और लूट की घटना को अंजाम देने वाले एक नाइजीरियन सहित दो अन्य को कानपुर की क्राइम ब्रांच पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेजा है। नाइजीरियन युवक ने पहले महिला से दोस्ती की फिर मंहगे गिफ्ट भेजने के नाम पर युवती से लाखों की ठगी कर ली। अलग-अलग विभागों के अधिकारी बनकर युवती से रुपये मांगे। जब महिला को अपने साथ ठगी होने का अंदाजा लगा तो उसने थाना बाबूपुरवा में मुकदमा पंजीकृत कराया था। मामले की जांच में जुटी क्राइमब्रांच की साइबर सेल टीम ने ठगी करने वाले तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। घटनाक्रम के मुताबिक बगाही बाकरगन्ज टीपी नगर कानपुर की रहने वाली महिला ने बताया कि उनका परिचय इंस्टाग्राम पर विदेशी नागरिक जिसका नाम एलेक्स जानसन है उसने परिचय में बताया कि पेशे से वो एक आंखों का डॉक्टर है। इटली के शहर का रहने वाला है। 09 जनवरी को एलेक्स ने महिला को बताया कि उसे एक पार्सल भेज रहा है। साथ ही साथ उसे बताया कि उसे बहुत कुछ भेज रहा है जिसके लिए कस्टम क्लीयरेंस के नाम पर 68,000 रूपए ले लिए। रुपए लेने के बाद फिर से बताया कि अब तुम्हें फॉरेन करंसी मिलनी है इसलिए 2,53,000 रूपए ले लिए। इसके बाद फिर से लाखों रुपए की मांग की।रुपये की माँग बढाते जाने के कारण दीपांजलि को खुद के साथ ठगी होने का एहसास हुआ और उसने थाना बाबूपुरवा में जाकर पुलिस से शिकायत की, मुकदमा दर्ज करने के बाद क्राइम ब्रांच ने धर पकड़ अभियान चालू कर दिया था। और आखिरकार क्राइम ब्रांच की टीम को सफलता मिल ही गई नाइजीरियन जॉन के साथ-साथ हरजीत पुत्र बलबीर निवासी महावीर इन्केलेव पालम नई दिल्ली को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में निरीक्षक महेन्द्र सिंह थाना बाबूपुरवा, उ0नि0 हरेन्द्र कुमार साइबर सेल कमि0 कानपुर नगर, हे0का0 जितेन्द्र सिंह सर्विलांस सेल कमि0 कानपुर नगर, का0 संदीप कुमार साइबर सेल कमि0 कानपुर नगर, का0 जितेन्द्र सिंह स्वाट टीम कमि0 कानपुर नगर, आरक्षी चालक प्रवीन कुमार क्राइम ब्रांच कमि0 कानपुर नगर शामिल रहे।

# एडीजी ने पैदल गश्त कर लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

✱ जनपद भ्रमण पर पहुंचे एडीजी को पुलिस लाइन में दी गयी सलामी

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**



एडीजी लखनऊ एक दिवसीय जनपद भ्रमण पर शुक्रवार पुलिस लाइन पहुंचे। जहां पहले उन्हें गारद ने सलामी दी। इसके बाद उन्होंने राजपत्रित अधिकारियों के साथ आपरेशन दृष्टि के तहत लगाए जाने वाले सीसीटीवी कैमरों, आगामी त्योहारों पर सुरक्षा इंतजामों व पुलिस वेलफेयर पर चर्चा कर विचार विमर्श किया। बाद इसके उन्होंने एसपी के साथ शहर के बड़े चौराहा पहुंच कर पैदल मार्च कर सुरक्षा व्यावस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कुछ व्यापारियों से बात चीत की साथ ही प्रतिष्ठानों में लगे कैमरों की क्रिया शीलता जांची। अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ जोन पीयूष मोर्डिया का शुक्रवार को जनपद भ्रमण के दौरान रिजर्व पुलिस लाइन पहुंचे। जहां पर गारद ने उन्हें सलामी दी। बाद इसके एडीजी जोन ने पुलिस लाइन सभागार में सभी राजपत्रित अधिकारियों के साथ गोष्ठी कर पुलिस वेलफेयर, गणेश पूजा व आगामी त्यौहारों में सुरक्षा प्रबन्धों, हाइवे पर यातायात व्यवस्था एवं ऑपरेशन दृष्टि के तहत लगाये जा रहे सीसीटीवी कैमरों, अपराध नियंत्रण की स्थिति आदि की समीक्षा की। इस दौरान एडीजी ने कोतवाली सदर क्षेत्र के मुख्य बाजार में पैदल गश्त कर व्यापारियो से वार्ता की और दुकानों में लगे हुए सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता की जांच की। इस दौरान एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना, एएसपी शशि शेखर सिंह, सीओ सिटी आशुतोष कुमार समेत सभी सीओ मौजूद रहें।

## फास्ट फॉरवर्ड

### पॉक्सो एक्ट और छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज, आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/उन्नाव।** एक मां अपनी नाबालिक बेटी से छेड़छाड़ की शिकायत बिहार थाना पुलिस से की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर छेड़छाड़ व पॉक्सो एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी को हिरासत में ले लिया है। बिहार थाना क्षेत्र के कस्बा भगवंत नगर के वार्ड नंबर 6 की की मिथलेश थारू पत्नी वीरू ने पुलिस के दिए गए शिकायती प्रार्थना पत्र में बताया कि उसकी नाबालिक पुत्री गुरुवार की रात समय 7:45 बजे फूलमती मंदिर के पास स्थित हैंड पंप में पानी भरने गई थी जहां पहले से ही मौजूद अमरकांत पुत्र रतिपाल लोधी ने शराब के नशे में बुरी नीयत से उसकी बेटी को खींच कर गिरा दिया। श्ज्ञोर मचाने पर आसपास के लोग दौड़े तो आरोपी भाग निकला। तहरीर के आधार पर पुलिस ने छेड़छाड़, पॉक्सो एक्ट व एससीएसटी एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। एसओ संदीप शुक्ला ने बताया कि आरोपी गिरफ्तार कर मामले की जांच की जा रही है।

### सड़क पार कर रहे वृद्ध को ट्रैक्टर ने मारी टक्कर, मौत

**जन एक्सप्रेस/उन्नाव।** हसनगंज कोतवाली क्षेत्र में बीती रात सोने के अपनी झोपड़ी में जा रहे वृद्ध को सड़क पार करते समय ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। जिससे घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। हसनगंज के हाजीपुर गांव निवासी क्षत्रपाल (65) पुत्र स्व. चंद्रिका पासी गांव में सड़क किनारे झोपड़ी बना कर एकाकी जीवन गुजरता था। लकड़ियां बेंच कर मिलने वाले पैसों से उसका गुजर बसर होता था। बीती रात वह सोने के अपनी झोपड़ी में जाते समय सड़क पार कर रहा था। इसी दौरान वहां से गुजर रहा तेज रफ्तार ट्रैक्टर उसे टक्कर मारता हुआ निकल गया। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने वृद्ध को स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक तीन भाई थे। जिनमें सबसे बड़े कालीचरण और दूसरे नंबर के रामकुमार की मौत वर्षों पहले बीमारी से हो चुकी है। उसी गांव के रहने वाले मृतक के फुफेरे भाई राम नारायण पुत्र मैकू रावत ने पुलिस को तहरीर देते हुए गांव निवासी ट्रैक्टर चालक संटू पुत्र छोटेलाल पर लापरवाही से गाड़ी चला कर घटना को अंजाम देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर शुक्रवार को मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया है।

### अन्ना मवेशियों ने तबाह की सेब और अनार की पेटियां

**जन एक्सप्रेस/उन्नाव।** बीती रात लखनऊ कानपुर हाईवे किनारे स्थित नवीन मंडी में घुसे अन्ना मवेशियों ने आढ़त में जमा अनार और सेब की पेटियों को पूरी तरह से नष्ट कर दिया। आढ़ती के मुताबिक मवेशियों ने उसे तकरीबन एक लाख की क्षति पहुंचाई है। मामले की लिखित शिकायत मंडी सचिव से भी की गयी है। बता दें कि शहर में लखनऊ कानपुर हाईवे किनारे स्थित नवीन मंडी परिसर दो प्रवेश द्वारों में एक बंद रहता है। दूसरे द्वार पर गार्ड की तैनाती है। इसके बाद भी मंडी परिसर में अन्ना मवेशी धमाचौकड़ी मचाते रहते हैं। गुरुवार देर रात मंडी स्थित गबाबा फूट ट्रेडिंग कंपनी की आढ़त में घुसे मवेसियों ने वहां रखे सेव व अनार की पेटियों को बुरी तरह से नष्ट कर दिया। खाने और कुचले जाने से बर्बाद हुए फल बजार में बिकने लायक भी नहीं बचे हैं। आढ़त संचालक जुगनू के मुताबिक नष्ट हुए फलों की अनुमानित कीमत एक लाख रुपये से अधिक की है। उसने मंडी सचिव को इस संबंध में लिखित शिकायती पत्र दिया है। उसने बताया कि यह समस्या पिछले कुछ समय से बनी है। इससे पूर्व मवेशियों ने एक अन्य आढ़ती को भी लंबा नुकसान पहुंचाया था।

### बीते एक माह में जहरीले फन ने ली छह की जान

**जन एक्सप्रेस/उन्नाव।** जिले में सर्प दंश के मामलों में इजाफा हुआ है। आलम यह है कि बीते एक माह में आधा दर्जन से अधिक लोगों की मौत सर्प दंश की वजह से हुई है। जिनमें छह के परिजनों ने उनका पोस्टमार्टम भी कराया है। जिले के पोस्टमार्टम हाउस के आंकड़ों के मुताबिक बीती 20 अगस्त से 19 सितंबर पर सर्प दंश से हुई मौत के मामले में 6 पोस्टमार्टम हुए हैं। 20 अगस्त को अचलगंज के मवइया माफी गांव निवासी सुधीर पुत्र हरिशंकर शुक्ला, तीन सितंबर को पुतान सैनी पुत्र ईश्वरदीन निवासी बंदाखेड़ा माखी, 13 सितंबर को अचलगंज थाना क्षेत्र के जरगांव की रहने वाली शिवानी पुत्री संतोष कुमार, इसी तारीख को राम भजन पुत्र राजा पासी निवासी रामनगर माखी, 18 सितंबर को रवि रावत पुत्र कमल निवासी शिवगढ़ थाना अजगैन व देव शंकर सिंह पुत्र मकरंद निवासी रोलिया मोहिउद्दीनपुर थाना आसीवन के शवों के पोस्टमार्टम हुए। जिनमें सभी की मौत की पुष्टि सर्प दंश से हुई है। बता दें कि सरकार की ओर से सर्प दंश से होने वाली मौत पर मुआवजा दिया जाता है। यही वजह है कि सर्प दंश के शवों के पोस्टमार्टम की संख्या में इजाफा हो रहा है। पूर्व में लोग ऐसे मामलों में बिना पोस्टमार्टम कराए ही शवों का अंतिम संस्कार कर देते थे।

### खड़े ट्रक में टकराया लोडर, चालक घायल

**जन एक्सप्रेस/उन्नाव।** दही थाना क्षेत्र के पुरवा मार्ग पर गौरा मोड़ के निकट शुक्रवार सुबह खड़े ट्रक में एक लोडर पीछे से जा घुसा। हादसे में चालक घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। शुक्लागंज थाना क्षेत्र के कस्बा निवासी इरफान (32) पुत्र रईस पुरवा से लोडर लेकर शहर की ओर आ रहा था। दही थाना क्षेत्र गौरा मोड़ पर खड़े ट्रक में उसका लोडर पीछे से जा टकराया। हादसे में चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल भेजा जहां डॉक्टर ने हालत नाजुक देख उसे हैलट रेफर कर दिया। एसओ अनुराग सिंह ने बताया की घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया गया था।

### जनता ने काटा हंगामा, बैरंग लौटी टीम ने काटी बिजली

**जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव।** शक्तिनगर की नाखूनी बिल्डिंग के पास 100 केवीए का ट्रांसफार्मर लगा हुआ है। क्षेत्र में आये दिन ट्रांसफार्मर खराब हो रहा है। जिसे देखते हुये गुरूवार शाम को एक कार्यदायी संस्था का ठेकेदार नया ट्रांसफार्मर लगाने पहुंचे। जहां गली के पास गोल लगाने के लिये खोदाई कराने लगा। जिस पर आस पास के लोगों की भीड़ लग गई। गली में ट्रांसफार्मर लगाये जाने का विरोध करने लगे। जब ठेकेदार ने काम नहीं रोका तो कुछ लोग हंगामा करते हुए उसपर चढ़ाई करते हुए हाथापाई पर उतर आये। जिस पर गंगाघाट कोतवाली पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाने का प्रयास किया लेकिन क्षेत्रीय लोग अपनी बात पर अड़े और ट्रांसफार्मर लगाने का विरोध करते रहे। जिस पर ठेकेदार ने बिना ट्रांसफार्मर लगाये ही वापस लौट गया। इस बात से खफा विजली विभाग के अधिकारियों ने भी उस क्षेत्र में लगे 100 केवीए टांसफार्मर की आपूर्ति बंद कर दी। उनका कहना था कि अधिक लोड से फुंक जायेगा और क्षेत्र के लोग नया ट्रांसफार्मर नहीं लगाना चाहते तव विना विजली के ही रहे। देर तक आपूर्ति बंद रहने से विरोध जता रहे लोग ट्रांसफार्मर लगाने की बात कहने लगे। जिस पर देर रात नया ट्रांसफार्मर लगवाया गया। शुक्रवार को नये ट्रांसफार्मर से आपूर्ति जारी करने के लिए केबिल बिछाने का काम किया गया।

# खड़े ट्रक में टकराया लोडर, चालक घायल

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**



दही थाना क्षेत्र के पुरवा मार्ग पर गौरा मोड़ के निकट शुक्रवार सुबह खड़े ट्रक में एक लोडर पीछे से जा घुसा। हादसे में चालक घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। शुक्लागंज थाना क्षेत्र के कस्बा निवासी इरफान (32) पुत्र रईस पुरवा से लोडर लेकर शहर की ओर आ रहा था। दही थाना क्षेत्र गौरा मोड़ पर खड़े ट्रक में उसका लोडर पीछे से जा टकराया। हादसे में चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल भेजा जहां डॉक्टर ने हालत नाजुक देख उसे हैलट रेफर कर दिया। एसओ अनुराग सिंह ने बताया की घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया गया था।

# तीन घरों में चोरों का धावा, नगदी, जेवर समेत दो लाख से अधिक माल किया पार

✱ आसीवन थाना क्षेत्र के कादिरपुर गांव की घटना

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**



आसीवन थाना क्षेत्र में चोरों ने तीन घरों को निशाना बनाते हुए नगदी जेवर समेत तकरीबन दो लाख से अधिक का माल पार कर दिया। सुबह आंख खुलने पर घटना की जानकारी होने पर गृह स्वामियों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस तीन संदिग्धों को उठाकर जांच कर रही है। आसीवन थाना क्षेत्र कादिरपुर गांव निवासी सरनाम सिंह पुत्र हरी सिंह के घर के पीछे दरवाजे को तोड़कर अंदर घुसे चोरों ने कमरे में रखी अलमारी व बक्सों का ताला तोड़कर उसमें रखी दो हजार नगदी और सोने-चांदी के आभूषण सहित डेढ़ लाख रुपये का सामान पार कर दिया। गृहस्वामी ने बताया कि बहू के आने पर नुकसान का पूरा आंकलन हो सकेगा। पड़ोसी प्रकाश पुत्र भूप के घर में चोर पीछे से घुसे और सूटकेस व बक्से में रखे पांच हजार रुपये की नगदी और सोने-चांदी के आभूषण समेत पैंसठ हजार का माल पार कर दिया। चोरों ने पड़ोसी बलविंदर के घर को निशाना बनाने के लिए पीछे की पक्की दीवार की ईंटे निकाल दी। हलांकि प्लास्टर होने के चलते चोर अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो सकें। पीड़ितों ने पुलिस को सूचना दी है। पुलिस तीन संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

# प्रसूता के इलाज में लापरवाही से नवजात की मौत का आरोप

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**

**नवाबगंज।** बीती देर रात प्रसव पीड़ित गर्भवती महिला को परिजनों ने सीएचसी में भर्ती कराया। दोपहर में प्रसुता की हालत बिगड़ती देख परिजनों ने उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां प्रसुता ने एक मृत बच्ची को जन्म दिया। परिजनों ने स्टाफ नर्स पर लापरवाही का आरोप लगाते हुये उच्चाधिकारियों से शिकायत की बात कही है। नवाबगंज विकासखंड के खैलामऊ गांव निवासी पिंटू ने बताया कि उसकी गर्भवती पत्नी रंगोली 22 वर्ष को गुरुवार देर रात अचानक प्रसव पीड़ा शुरू हो गयी। जिस पर रंगोली को नवाबगंज स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। बताया कि शुक्रवार सुबह स्वास्थ्य कर्मियों की डयूटी बदलने के बाद भी पत्नी का प्रसव नहीं हुआ। दोपहर में प्रसूता की हालत बिगड़ती देख भाभी संपाता ने इसकी जानकारी दी तो पत्नी को सीएचसी के समीप स्थिति एक स्थानीय नर्सिंग होम में भर्ती कराया। जहां प्रसूता ने नार्मल डिलेवरी में मृत बच्ची को जन्म दिया, वही प्रसूता की हालत चिंताजनक बनी हुई है। स्वास्थ्य केंद्र में नर्स द्वारा इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए पति पिंटू ने बताया कि सीएचसी में यदि नर्स सही समय से जवाब दे देती तो हम पहले ही अपने मरीज को दूसरे अस्पताल ले जाते और मेरी बच्ची की जिंदगी बच जाती। कहाकि यदि समय रहते पत्नी को निजी अस्पताल न ले जाता तो जच्चा बच्चा दोनो से हाथ धो बैठता। पति पिंटू ने उच्चाधिकारियों से शिकायत करने की बात कही है।

स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ अरुण कुमार ने बताया कि मामला जानकारी में आया है। शिकायत मिलती है तो जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

# केक काटकर मनाया विश्व गैण्डा दिवस

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**




विश्व गैण्डा दिवस पर प्राणी उद्यान में गैंडा बाड़े के पास प्राणी उद्यान के अधिकारियों व इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा संयुक्त रूप से केक काटकर बड़ी धूमधाम से विश्व गैण्डा दिवस मनाया गया।नवाबगंज में बने प्राणी उद्यान में शुक्रवार को विश्व गैण्डा दिवस पर प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, दिव्या द्वारा उपस्थित इंडियन आयल के महाप्रबंधक (वित्त) एनएम मदान, महाप्रबंधक सत्येन्द्र कुमार सिंह व महाप्रबंधक (एलपीजी) कृष्ण मोहन ठाकुर सहित अन्य उच्चाधिकारियो व स्टाफ को गैण्डो के प्राकृतिक आवासो के संरक्षण, संवर्धन और इसके समर्थन हेतु जागरूकता बढ़ाने आदि पर प्रकाश डाला। तदोपरांत प्राणि उद्यान के पशु चिकित्साधिकारी डा0 मो0 नासिर द्वारा भी गैण्डो के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी। विश्व गैण्डा दिवस पर इंडियन आयल कारपोरेशन लि0 के महाप्रबन्धक (वित्त) एन0एम0 मदान द्वारा दो गैण्डो ( मानू व पवन) को अंगीकृत किया गया व केक काट कर बड़े हर्षोल्लास व धूम-धाम से मनाया गया। इस दौरान कार्यक्रम में क्षेत्रीय वन अधिकारी नवेद इकराम, पशुचिकित्साधिकारी डा0 नितेश कटियार, बायोलॉजिस्ट नैना पाण्डेय, शिक्षाधिकार राजा राम साहू सहित प्राणि उद्यान व इंडियन आयल कारपोरेशन के उच्चाधिकारीगण व स्टाफ उपस्थित रहे।

# आज और कल होटल रमाडा में होगा SHAPING THE FUTURE" पर दो दिवसीय सम्मेलन



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

शहर में शुक्रवार को कानपुर ऑर्थोप्लास्टिक सोसाइटी द्वारा आयोजित की जाने वाली दो दिवसीय कार्यशाला कानपुर ऑर्थो प्लास्टिक कोर्स पर प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई। जानकारी देते हुए बताया गया कि यू.पी. आर्थोप्लास्टी सोसाइटी शिक्षा, सहयोग और नवाचार के माध्यम से जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी के क्षेत्र को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। आर्थोपेडिक सर्जनों के बीच ज्ञान और सर्वोत्तम प्रथाओं के आदान-प्रदान के लिए एक मंच प्रदान करने के मिशन के साथ, सोसायटी का लक्ष्य मरिज के देखभाल और परिणामों में निरंतर सुधार लाना है। एक अग्रणी शक्ति के रूप में स्थापित, यह भारत और उसके बाहर संयुक्त प्रतिस्थापन सर्जरी के भविष्य को आकार दे रहा है। यह भी बताया कि 23 और 24 सितंबर, 2023 को होटल रमाडा कानपुर रोड, लखनऊ में आयोजित इस दो दिवसीय सम्मेलन का विषय "SHAPING THE FUTURE" है। एक शानदार इतिहास और रोमांचक लाइनअप के साथ, यह आयोजन आर्थोपेडिक सर्जरी के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण प्रभाव डालने के लिए तैयार है। आयोजन टीम का नेतृत्व डॉ. ए.एस. प्रसाद (अध्यक्ष), डॉ. आनंद निगम (सह-अध्यक्ष), डॉ. विनय गुप्ता, डॉ. विशाल अग्रवाल, डॉ. लोकेंद्र सिंह, डॉ. राजेश जैन और डॉ. अमित वर्मा, इसकी शानदार सफलता सुनिश्चित करने के लिए समर्पित हैं।

# अध्यक्ष पद पर सुरेंद्र सिंह गौर व मंत्री पद पर आर.पी.मौर्य निर्वाचित



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

राजकीय कुष्ठ चिकित्सा कर्मचारी संघ का द्विवार्षिक अधिवेशन राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष राजा भारत अवस्थी व संयुक्त पेंशनर्स कल्याण समिति के संयोजक इ.ए.एन.द्विवेदी की देखरेख में शुक्रवार को काशीराम चिकित्सालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभागार में संपन्न हुआ। चुनाव में अध्यक्ष पद पर सुरेंद्र सिंह गौर व मंत्री पद पर आर.पी.मौर्य निर्वाचित हुए। इस अधिवेशन में विशिष्ट अतिथि के रूप में उप सीएमओ डॉ. कनौजिया,डीएलओ व डॉ.संजय मौजूद रहें। परिषद के जिला अध्यक्ष राजा भरत अवस्थी ने बताया कि नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह गौर आठवीं बार व मंत्री आर.पी.मौर्य तीसरी बार निर्वाचित हुए हैं। वही? अधिवेशन में उपाध्यक्ष योगेन्द्र सिंह,कोषाध्यक्ष प्रमोद कनौजिया,संयुक्त मंत्री आर.पी.सिंह व सम्प्रेक्षक खुर्शीद आलम को शपथ दिलायी गई ।

## फास्ट फॉरवर्ड

### गणेश प्रतिमाओं की स्थापना के बाद से महोत्सव का आयोजन

**जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव।** नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के विभिन्न स्थानों पर गणेश प्रतिमाओं की स्थापना के बाद से ही गणेश महोत्सव का आयोजन शुरू हो गया था। शोभा यात्रा में शामिल भक्त अबीर गुलाल उड़ाते हुए भक्ति गीतों पर नाचते गाते गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारे लगा रहे थे। शोभा यात्रा में श्रद्धालुओं द्वारा उड़ाए जा रहे अबीर गुलाल से सड़क तक रंगीन हो गई। शुक्रवार सुबह गगनीखेड़ा फत्तेखेड़ा स्थित झील पर श्रद्धालुओं ने गणेश का विसर्जन करना शुरू कर दिया। इसके अलावा नगर के पोनीरोड, गोपीनाथ पुरम, अंबिकापुरम, नेहरूनगर, मिश्रा कालोनी, आजाद नगर, कंचन नगर, श्री नगर, बिंदा नगर गांधी नगर, ऋषि नगर समेत ग्रामीण क्षेत्रों से भक्त विसर्जन करने के लिये फत्तेखेड़ा झील पहुंचे। सुबह से ही लोगों की प्रतिमाएं विर्सजन करने के लिये भीड़ लगी रही। वहीं साकेतपुरी, चंपापुरवा शिव मंदिर, बाबा मंदिर, पोनी रोड, बिंदा नगर, श्री नगर समेत तमाम गणेश पंडालों में सुबह शाम बाबा की भव्य आरती कर प्रसाद बांटा गया।

### एसपी गंगाघाट चौकी का औचक निरीक्षण करने पहुंचे

**जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव।** एसपी सिद्धार्थ शंकर मीणा गुरुवार शाम लगभग सवा सात बजे औचक गंगाघाट कोतवाली का निरीक्षण करने पहुंचे। निरीक्षण के दौरान कार्यालय पहुंच कर अभिलेखों के रखरखाव की व्यवस्था देखी। सीसीटीएनएस, महिला हेल्प डेस्क का भी निरीक्षण कर मौजूद मातहतों से दर्ज शिकायतों पर की गई कार्रवाई के वारे में जानकारी की। इसके साथ ही थाना परिसर में साफ-सफाई आदि की व्यवस्था भी देखी। एसपी ने निरीक्षण के दौरान मातहतों को लंबित मामलों को जल्द निस्तारित किये जाने का आदेश दिया और नगर में अपराध पर लगाम लगाये जाने के सख्त निर्देश भी कोतवाली प्रभारी राजकुमार को दिया।

### 35 वर्षीय युवक की पोल से टक्कर लगने पर मौत

**जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव।** कानपुर लखनऊ रेल रूट स्थित गोपीनाथपुरम के सामने डाउन लाइन पर शुक्रवार सुबह एक 35 वर्षीय युवक की इंटरसिटी एक्सप्रेस आगरा लखनऊ उन्नाव की ओर जा रही थी। तभी डाउन लाइन पर एक 35 वर्षीय युवक को पोल 66/12 तथा 66/14 के मध्य टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जिसकी जानकारी गंगाघाट कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। जिसके बाद शव को कब्जे में लिया। आस पास के लोगों को बुलाकर उसकी शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी। जिस पर पुलिस ने शव को उन्नाव मर्च्युरी में रखवाया है। कोतवाली प्रभारी राजकुमार ने बताया कि पहचान का प्रयास कराया जा रहा है। शव को उन्नाव मर्च्युरी में रखवाया है। मृतक ने काला लोअर, नीली शर्ट जिस पर बिरला सम्राट लिखा हुआ है। दाहिने हाथ में लोहे का कड़ा पहने हुए था।

### मानसिक बीमार किशोरी ने घर में फांसी लगाकर दी जान

**जन एक्सप्रेस/उन्नाव।** नवाबगंज। अजगैन कोतवाली के डहरौली गांव में बीती रात मानसिक बीमार किशोरी ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। परिजनों ने पुलिस को बिना सूचना दिये ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के डहरौली गांव निवासी रघुबीर बाहर रहकर काम करता है। उसकी 16 वर्षीय पुत्री शिवानी मानसिक रूप से बीमार रहती थी। जिसका इलाज कई साल से चल रहा था। ग्रामीणों के अनुसार वह गांव में इधर उधर घूम करती थी। बताते हैं कि उसने कई बार तालाब में कूद कर जान देने की कोशिश कर चुकी लेकिन लोगो ने बचा लिया। बीती रात वह खाना खा कर अपनी माँ के साथ लेटी थी। सुबह उसका शव कमरे की छत में रस्सी से लटकता मिला। इसकी जानकारी होते ही मजमा लग गया। परिजनो ने पुलिस को बिना सूचना दिये शव को गांव में ही दफन। दिया। इस संदर्भ में कोतवाली निरीक्षक अवनीश सिंह ने बात करने पर बताया घटना की जानकारी नही मिली है।

### गणेश महोत्सव में भव्य जागरण का आयोजन

**जन एक्सप्रेस/नवाबगंज, उन्नाव।** कस्बे के राधा कृष्ण मंदिर प्रांगण में चल रहे गणेश महोत्सव में बीती रात सेवा समिति के द्वारा विशाल जागरण कराया गया। जिसमें निकाली गयी झांकिया आकर्षण का केंद्र रही। नवाबगंज कस्बे के राधा कृष्ण मंदिर प्रांगण में इस बार बड़ी धूमधाम से गणेश महोत्सव मनाया जा रहा है। जहां गणेश जी की प्रतिमा स्थापित कर सुबह-शाम पूजा अर्चना की जाती है। बीती रात सेवा समिति द्वारा विशाल जागरण कराया गया। जागरण शुभारंभ के पूर्व गणेश वंदना की गयी। जिसके बाद कानपुर से आयी जागरण पार्टी के भजनों को सुनकर श्रद्धालु भक्तिमय हो गए। जागरण में शिवशंकर, हनुमान, काली तथा गणेश जी की सजीव झाकियां निकाली गयी। जागरण में जो राम को लाए है हम उनको लायेंगे गाने पर भक्तों का जोश देखने वाला था। भोर पहर तक चले जागरण मे कस्बा सहित आसपास क्षेत्र के सैकड़ो ग्रामीण भक्ति में डूबे रहे।

### सब रजिस्ट्रार कार्यालय में बाहरी व्यक्तियों का रहता है दखल

**जन एक्सप्रेस/उन्नाव।** सब रजिस्ट्रार कार्यालय में बाहरी व्यक्तियों की आवाजाही व कार्यालय कार्यप्रणाली में उनकी दखलंदाजी की चर्चा लगातार सुनाई पड़ती है। इस मामले में सब रजिस्ट्रार ने इन सभी बातों का का खंडन करते हुये अनभिज्ञता जताई है। जनपद की कचहरी के हाते के समीप सब रजिस्ट्रार कार्यालय स्थापित है। जहां उन्नाव तहसील सर्किल की अचल सम्पतियों का बैनामा आदि का कार्य सम्पन्न होता है। बीते दिनों सब रजिस्ट्रार कार्यालय में बाहरी व्यक्तियों की कार्यालय कार्यप्रणाली में दखलंदाजी की खबर चर्चा में थी। इस सम्बन्ध में बात करने पर सब रजिस्ट्रार ने सभी आरोपों का खंडन करते हुये कार्यालय में बाहरी व्यक्तियों की दखलंदाजी की बात को सिरे से नकार दिया है। बताया कि कार्यालय संबंधित कार्यो को निष्पक्षता व सुव्यवस्थित रूप से सम्पादित करने के हर सम्भव प्रयास किये जा रहे हैं। अगर किसी प्रकार की शिकायत मिलती है तो कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

### उपभोक्ताओं की सभी समस्याओं को दूर किया जाए

**शुक्लागंज/उन्नाव।** गुरूवार शाम नोडल अधिकारी लखनऊ शक्तिभवन अधिशाषी अभियंता राजीव शर्मा, अधीक्षण अभियंता एस के चौधरी, एक्सईएन सूर्योदय कुमार वर्मा, एसडीओ राजकुमार कुशवाहा, जेई विष्णु शुक्ला के साथ नगर के पोनी रोड, बिन्दा नगर चौराहे पर पहुंचे। जहां उन्होंने डोर टू डोर बिजली के मीटर, बिजली के बिल बिजली कर्मियों से चेक कराये। इस दौरान कई बड़े बकायेदार मिले। उनसे बिजली के बिल जमा करने को कहा। इसके साथ ही उपभोक्ताओं की समस्याओं से भी रूबरू हुये। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत उपभोक्ताओं की सभी समस्याओं को दूर किया जायेगा। जिससे उन्हें कोई दिक्कतें न आ सके। जेई ने बताया कि पहले दिन 15 उपभोक्ताओं के कनेक्शन चेक किया गया। जिसमें पांच उपभोक्ताओं के मीटर का लोड बढ़ाया गया और पांच बकायेदारों ने बिल जमा किया।

# जी-20 में काम करने वाले कर्मचारियों की टीम से मिले पीएम मोदी, बोले, अपने अनुभवों का दस्तावेजीकरण करें

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जी-20 शिखर सम्मेलन के पीछे निरंतर काम करने वाले कर्मचारियों की टीम से मुलाकात के दौरान उनकी कड़ी मेहनत की सराहना की। मोदी ने सभी अधिकारियों ने उनके अनुभवों को एक जगह लिखने की सलाह दी। मोदी ने कहा, उनके अनुभव भविष्य में ऐसे आयोजनों में मदद करेंगे। मोदी ने अधिकारियों की प्रशंसा करते हुए कहा, शिखर सम्मेलन के दौरान चुनौतियों से निपटने की आपकी भावना की मैं सराहना करता हूं। जी-20 शिखर सम्मेलन की सफलता का श्रेय आप सभी को जाता है। मेरा आपके अनुभवों का दस्तावेजीकरण करने का अनुरोध है। यह भविष्य के आयोजनों के लिए दिशा-निर्देश के रूप में काम करेगा। मोदी ने इन अनुभव को एक जगह संजोने के लिए एक वेबसाइट स्थापित करने का भी सुझाव दिया। मोदी ने कहा, हर कोई अपनी भाषा में लिख सकता है। आपने चुनौतियों पर विजय कैसे प्राप्त की? यह 100 पृष्ठों में चल सकता है और इसे अलमारी के बजाय क्लाउड पर संग्रहीत किया जा सकता है। मोदी करीब 3000 लोगों से बात कर रहे थे जिन्होंने जी-20 शिखर सम्मेलन को सफल बनाने में योगदान दिया। इनमें शिखर सम्मेलन के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए जमीनी स्तर पर काम करने वाले सफाईकर्मी, ड्राइवर, वेटर और विभिन्न मंत्रालयों के अन्य कर्मचारी शामिल थे।

# सीएम शिवराज का बड़ा एलान, अब अविवाहित लड़कियों को भी मिलेगा लाड़ली बहना योजना का लाभ

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। जबलपुर**



जबलपुर में जन आशीर्वाद यात्रा में शामिल होने पहुंचे सीएम शिवराज ने एलान किया है कि अब अविवाहित लड़कियों को भी मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना का फायदा दिया जाएगा। सीएम शिवराज ने कहा, लाड़ली बहनों का परिवार एक करोड़ 32 लाख का हो गया है। अब अविवाहित बहनों का नाम भी लाड़ली बहना योजना में जोड़ा जाएगा। साथ ही रसोई गैस सिलेंडर भी 450 रुपये में दिया जाएगा। बता दें, 11 सितंबर को सीएम ने लाड़ली बहना योजना में महिलाओं की आयु सीमा घटाने का भी एलान किया था। सीएम ने आयु सीमा घटाकर 23 से 21 साल की है। उसके बाद 21 साल की महिलाएं इस योजना का लाभ ले सकती हैं। सीएम शिवराज के इस घोषणा के बाद ऐसी बहनें जो 21 साल से अधिक हैं और जिन्होंने विवाह नहीं किया, वे लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत पात्र हैं। उनका नाम भी लाड़ली बहना योजना में जोड़ा जाएगा। सीएम शिवराज ने इस दौरान कहा कि लाड़ली बहन योजना लागू करने के बाद सास के भी सूर बदल गए हैं। योजना के बाद बहनों के पतिदेव के बोल भी बदल गए हैं। बहनों के पति देव हर महीने पूछते हैं अकाउंट में पैसा आया की नहीं। धरती के संसाधनों पर बहनों का भी अधिकार है, मैंने पैसा नहीं दिया अपनी बहनों को सम्मान दिया है।






## गांधी परिवार को चांद पर भेज देना चाहिए

# कांग्रेस को हिंदू का सम्मान करना होगा वरना हम हिसाब बराबर कर देंगे: हिमंत

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

भाजपा की परिवर्तन यात्रा में असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने एक बार फिर से गांधी परिवार पर निशाना साधा। कांग्रेस के चंद्रयान पर दिए बयान पर वे बोले, कभी-कभी मैं सोचता हूं मोदी जी को बोलूं एक बड़ा सा चंद्रयान बनाएं और गांधी फैमिली को उसमें डाल चांद पर भेज दें। इससे हमारे देश की सारी समस्या एक ही बार में खत्म हो जाएगी। सरमा ने कहा कि कांग्रेस को हिंदू का भी सम्मान करना होगा। असम के मुख्यमंत्री शुक्रवार रात को जोधपुर में जैसलमेर से निकली परिवर्तन यात्रा के समापन में बोल रहे थे। असम के सीएम ने सभा को संबोधित करते हुए कहा- अब समय आ गया है कि कांग्रेस को जवाब देने का कि कांग्रेस को भारत में राजनीति करनी है तो हिंदू का सम्मान करना होगा। वरना हम हिसाब बराबर कर देंगे। यह बात पक्की है। वे बोले- जब तक केंद्र में नरेन्द्र मोदी नहीं आए थे, तब तक अयोध्या में बाबर जिंदा रहा, मोदी आए और बाबर साफ हो गया। असम और यूपी में जब से भाजपा की सरकार है वहां बाबर, औरंगजेब को एक जगह बैठा के रखा है, एक इंच भी हिलने नहीं दिया। हिंदुत्व पर गहलोत पर निशाना साधते हुए कहा कि जब राजस्थान आया तब किसी ने कहा कि गहलोत ने कहा है यहां हिंदुत्व पर राजनीति नहीं होगी। तब मैंने कहा- गहलोत आप कौन हैं हिंदुत्व को रुकवाने वाले ? पांच हजार साल से पहले भारत में हिंदू था हिंदू है और हिंदू रहेगा आप कुछ नहीं कर सकते।

# चीन ने तीन भारतीय खिलाड़ियों की एंट्री रोकी

## भारतीय खेल मंत्री ने चीन दौरा रद्द किया


**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



चीन ने अरुणाचल प्रदेश के तीन वुशू खिलाड़ियों के 19वें एशियन गेम्स में हिस्सा लेने के लिए देश में एंट्री पर रोक लगा दी है। भारत ने चीन के इस कदम का विरोध किया। भारतीय विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा- भारतीय नागरिकों के प्रति चीन के भेदभावपूर्ण व्यवहार को हम खारिज करते हैं। चीन की कार्रवाई एशियन गेम्स की भावना, इवेंट के नियमों का उल्लंघन है। उधर, केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने एशियन गेम्स में शामिल होने के लिए अपना चीन दौरा रद्द कर दिया है। उधर, केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि मैं चीन के इस फैसले की निंदा करता हूं। अरुणाचल प्रदेश विवादित क्षेत्र नहीं है, बल्कि भारत का अभिन्न अंग है। चीन के इस कदम से राज्य की स्थिति में कोई बदलाव नहीं आएगा। चीन के इस कदम पर इंटरनेशनल ओलिंपिक कमेटी को रोक लगानी चाहिए।

# चंद्रयान-3 को अब आज जगाने की कोशिश होगी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



### रोवर ऐसी दिशा में कि सूर्य का प्रकाश सौर पैनल पर पड़े

इसरो ने लैंडर और रोवर को स्लीप मोड में डालने से पहले बैटरी को फुल चार्ज रखा था। रोवर को ऐसी दिशा में रखा गया था कि सूर्योदय होने पर सूर्य का प्रकाश सीधे सौर पैनलों पर पड़े। उम्मीद की जा रही है कि 22 सितंबर को ये फिर से काम करना शुरू करेगा।

चंद्रयान-3 के लैंडर और रोवर से इसरो अब आज यानी 23 सितंबर को संपर्क की कोशिश करेगा। पहले ये कोशिश 22 सितंबर की शाम को की जानी थी, लेकिन कुछ कारणों से इसे आज के लिए टाल दिया गया। स्पेस एप्लिकेशन सेंटर के डायरेक्टर नीलेश देसाई ने यह जानकारी दी है। 14 दिनों की रात के बाद चांद के साउथ पोल पर एक बार फिर सूरज की रोशनी पहुंचने लगी है। ऐसे में इसरो को स्लीप मोड पर डाले गए विक्रम लैंडर और प्रज्ञान रोवर के जागने की उम्मीद है। इसरो ने 4 सितंबर को लैंडर को स्लीप मोड में डाला था। इससे पहले 2 सितंबर को रोवर को स्लीप मोड में डाला गया था। इसरो ने लैंडर-रोवर के रिसीवर ऑन रखे हैं। चंद्रयान-3 को 14 जुलाई 2023 को दोपहर 2 बजकर 35 मिनट पर लॉन्च किया गया था। आंध्र प्रदेश में श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से एलवीएम3 रॉकेट के जरिए इसे स्पेस में भेजा था। 23 अगस्त को इसने चांद के साउथ पोल पर लैंडिंग की थी। भारत ऐसा करने वाला पहला देश है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)